राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-175
लखनऊ, सोमवार 12 फरवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



भक्ति और शक्ति के मिलन से मिलती है गुलामी की दासता से मुक्ति : योगी 03

आबूधाबी के पहले हिन्दू मंदिर को लेकर प्रवासी भारतीयों में उत्साह 12

# 2024 में कांग्रेस का सफाया होना तय : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी।

**झाबुआ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि साल 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की छुट्टी हुई थी, अब 2024 में कांग्रेस का सफाया तय है। उन्होंने कहा कि सबसे पिछड़े और वंचितों का कल्याण, हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

प्रधानमंत्री मोदी रविवार को मध्य प्रदेश प्रवास के दौरान झाबुआ के गोपालपुरा में आयोजित जनजातीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम के जरिए मध्य प्रदेश में 2024 लोकसभा चुनाव प्रचार का आगाज किया।

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में आए लोगों का गुजराती में अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि झाबुआ जितना मध्यप्रदेश से जुड़ा है, उतना ही गुजरात से जुड़ा है। यहाँ रहते हुए मुझे यहाँ के जनजीवन और परम्पराओं से करीब से जुड़ने का मौका मिला था। आपके बीच आकर वही भाव ताजा हो जाता है। इन दिनों इस क्षेत्र में भगोरिया की तैयारी चल रही होगी। मैं आप सभी को भगोरिया की शुभकामनाएं देता हूं। भगोरिया से पहले मुझे यहां ढेर सारी सौगात आपके चरणों में सुपुर्द करने का सौभाग्य मिला है।



**संबोधन**

- प्रधानमंत्री ने अबकी बार 400 पार का नारा दोहराया
- पीएम ने 7500 करोड़ की 22 विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कर राष्ट्र को समर्पित किया

यहां आने से पहले मैने देखा कि मेरी यात्रा को लेकर चर्चाएं हो रही है। कुछ लोग कह रहे हैं, मोदी मप्र में झाबुआ से लोकसभा की लड़ाई का आगाज करेगा। मैं बताना चाहता हूं मोदी लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए नहीं आया है। मैं मप्र की जनता का आभार व्यक्त करने आया हूं। मप्र में विस चुनाव नतीजों से पहले आप बता चुके हैं कि लोकसभा के लिए आपका क्या मूड है।

प्रधानमंत्री ने अबकी बार 400 पार का नारा भी दोहराया। पीएम ने कहा कि एनडीए की 400 पार की बात मैं भी सुन रहा हूं। लेकिन अकेली भाजपा 370 पार करेगी। उन्होंने मौजूद लोगों से चुनाव की तैयारी में जुट जाने की अपील करते हुए कहा कि आपको यहां से आकर एक ही काम करना है। पिछले तीन चुनाव में आपके यहां पोलिंग बूथ में क्या रिजल्ट आया था, उसे निकालो और कितने वोट पड़े वह निकालो और कमल को किस पोलिंग बूथ पर ज्यादा वोट मिले उसे लिख लो और जहां ज्यादा वोट मिले वहां 370 वोट ज्यादा मिलने चाहिए, ऐसी तैयारी करें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार मध्यप्रदेश के आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्स्चर विकास के लिए काम कर रही है। पिछली सरकारों के मुकाबले हम 24 गुना ज्यादा पैसा मध्यप्रदेश को दे रहे हैं। आज एक एक सेक्टर में करोड़ों रुपये भेजा जा रहा है। पहले जनजाति इलाकों तक रेल, सड़क की परियोजना पहुँचती ही नहीं थी क्योंकि कांग्रेस को तो बस अपने महल की चिंता थी। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी जनजातीय सम्मेलन में 7500 करोड़ की सड़क, रेल, बिजली और जल क्षेत्र से संबंधित 22 विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कर राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री मोदी रथ पर सवार होकर लोगों का अभिवादन करते हुए जनजातीय सम्मेलन के मंच तक पहुंचे। जनजातीय महासम्मेलन के मंच पर पहुंचने पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया।

## देश के उज्वल भविष्य की गारंटी है आदिवासी समाज

प्रधानमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश को बीमार बनाने के पीछे कांग्रेस का गाँव, गरीब और आदिवासी समाज के प्रति नफरत भरा रवैया था। कांग्रेस के लिए आदिवासी का मतलब कुछ वोट होता है। इन्हें गरीबों की याद सिर्फ चुनाव के समय याद आती थी। अटल जी की सरकार ने आदिवासियों के लिए अलग मंत्रालय बनाया। ये भाजपा की सरकार है, जिसने वन उपज पर एमएसपी में वृद्धि की। करीब 90 वन उत्पादों को एमएसपी के अंतर्गत लाया गया। हमारे लिए जनजातीय समाज वोट बैंक नहीं देश का गौरव है। देश के उज्वल भविष्य की गारंटी है आदिवासी समाज।

## सबसे पिछड़े और सबसे वंचित हमारी सरकार की प्राथमिकता

मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने इतने वर्षों में सिर्फ 100 एकलव्य स्कूल खोले, जबकि भाजपा की सरकार ने इससे चार गुना ज्यादा स्कूल खोले हैं। एक भी आदिवासी बच्चा शिक्षा के अभाव में रह जाए यह संभव नहीं। भाजपा ने वन संपदा कानून में सुधार किया और आदिवासियों को उनके अधिकार लौटाए। इसके अलावा सिकल सेल एनीमिया के लिए हमारी सरकार ने काम किया। आज स्वामित्व योजना के माध्यम से लोगों को उनकी जमीन के कागज दिए जा रहे हैं। आज भी लाखों लोगों को स्वामित्व अधिकार पत्र दिए हैं। ये वो सुरक्षा पत्र है, जिससे जमीन विवाद में सुरक्षा मिलती है। जो सबसे पिछड़े और सबसे वंचित हैं वही हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

# आरओ-एआरओ की परीक्षा में 64 प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित




प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा रविवार को समीक्षा अधिकारी-सहायक समीक्षा अधिकारी की प्रारम्भिक परीक्षा 2023 सकुशल सम्पन्न हुई। परीक्षा में लगभग 64 प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित रहे। आयोग के अनुसचिव ओंकार नाथ सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त परीक्षा प्रदेश के 58 जनपदों के 2387 परीक्षा केन्द्रों पर दो सत्रों में हुई। प्रथम सत्र 9.30 से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय सत्र 2:30 से 3:30 बजे तक आयोजित करायी गई। उन्होंने बताया कि परीक्षा में कुल 10,76,004 अभ्यर्थी पंजीकृत थे।

## ब्लूटूथ से नकल करता पकड़ा गया नकलची

प्रतापगढ़ जिले में आरओ, एआरओ परीक्षा में राम अंजोर मिश्र इंटर कालेज से एक अभ्यर्थी प्रवीण कुमार पटेल को ब्लू टूथ डिवाइस के साथ नकल करते हुए पकड़ा गया। प्रतापगढ़ जिले के 35 केंद्रो पर रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा साढ़े नौ बजे शुरू हुई , लालगंज तहसील के राम अंजोर मिश्र इंटर कालेज को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस परीक्षा केंद्र पर प्रताप गढ़ जिले के पट्टी तहसील के अभ्यर्थी प्रवीण कुमार पटेल पुत्र सुभाष चंद्र पटेल निवासी बेसहर पट्टी परीक्षा में बैठा था जो कि इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के जरिए नकल कर रहा था ,जिसकी जानकारी केंद्र व्यवस्थापक को हुई तो उसे तत्काल पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया।

# रामलला के दर्शन कर की जीत की कामना

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने सभी मंत्री और विधायकों के साथ रामलला का दर्शन किया। दर्शन करने वालों में भाजपा के साथ आरएलडी, बसपा, कांग्रेस और जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के भी विधायक शामिल थे जबकि सपा के विधायक नहीं पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के आग्रह पर यह धार्मिक यात्रा तय की गई थी।

अयोध्या धाम में सभी मंत्री और विधायक बेहद उत्साहित दिखे और भक्तिभाव में डूबे नजर आए। सभी ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ और विधानसभा अध्यक्ष महाना के साथ मंदिर परिसर में बैठकर प्रभु श्रीराम का गुणगान किया। इस दौरान सुरक्षा की भी चाक चौबंद व्यवस्था की गई। इसकी कमान खुद गृह सचिव संजय प्रसाद और डीजीपी प्रशांत कुमार ने संभाली। वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान आम श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो, इसका भी पूरा ध्यान रखा गया।

मंत्री और विधायकों के साथ बड़ी संख्या में आम श्रद्धालुओं ने भी रामलला के दर्शन किए। इस दौरान वह अपने बीच मुख्यमंत्री को पाकर काफी गदगद नजर आए और पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। दर्शन के बाद सभी मंत्री और विधायकों को प्रसाद दिया गया। सभी ने मंदिर परिसर में भोजन भी किया।

ऐसा माना जा रहा है कि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में भगवान के आशीर्वाद के सात मैदान में उतरेगी। दर्शन करने वालों में बसपा विधायक उमाशंकर सिंह, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजाभैया भी थे।

## अगले 24 घंटे में बदलेगा मौसम का मिजाज

**कानपुर, समृद्धि न्यूज।** यूपी में अगले 24 घंटे में मौसम में बदलाव होने के संकेत मिल रहे हैं। सर्द और गर्म हवाओं के टकराव से बारिश होने के आसार बन रहे हैं। मौसम का मिजाज अगले 24 घंटे में बदलने का अनुमान है। सर्द पछुआ हवाएं और गर्म पुरवा हवाओं के टकराव से पूर्वी यूपी के कुछ इलाकों में बदली और बारिश का सिलसिला चलेगा। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग ने पूर्वी यूपी के जिलों में बूंदाबांदी होने के आसार व्यक्त किए हैं। फिलहाल पश्चिमी हवाओं की रफ्तार थम गई है। लेकिन अब भी सुबह शाम कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में मौसम का मिजाज बदलने का अनुमान जारी किया है।

# भाजपा ने राज्यसभा के घोषित किए 14 उम्मीदवार

नई दिल्ली, एजेंसी।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य सभा के आगामी द्विवार्षिक चुनावों के लिए सात राज्यों की 14 सीटों पर अपने उम्मीदवार रविवार को घोषित कर दिए।




भाजपा के महासचिव अरुण सिंह ने आज यहां एक विज्ञप्ति में बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, कर्नाटक एवं उत्तराखंड के लिए 14 उम्मीदवारों के नाम तय किए हैं। बिहार की दो सीटों के लिए श्रीमती धर्मशीला गुप्ता एवं डॉ. भीम सिंह, छत्तीसगढ़ से राजा देवेन्द्र प्रताप सिंह, हरियाणा से सुभाष बराला, उत्तराखंड से महेंद्र भट्ट तथा पश्चिम बंगाल से सामिक भट्टाचार्य को उम्मीदवार बनाया है। उत्तर प्रदेश से सात सीटों के लिए कांग्रेस से आए आर पी एन सिंह, डॉ सुधांशु त्रिवेदी, चौधरी तेजवीर सिंह, श्रीमती साधना सिंह, अमरपाल मौर्य, डॉ संगीता बलवंत और नवीन जैन को टिकट दिया गया है।

# आचार्य प्रमोद कृष्णम ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ आजीवन खड़े रहने का लिया संकल्प

नई दिल्ली, एजेंसी।


कांग्रेस से 24 घंटे पहले बाहर किए गए आचार्य प्रमोद कृष्णम ने रविवार को उत्तर प्रदेश के संभल स्थित श्री कल्कि धाम में चुप्पी तोड़ी। श्री कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य कृष्णम ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि16-17 साल की उम्र में मैंने जो वचन राजीव गांधी को दिया था, वो आज तक निभाया है। आज इस उम्र में संकल्प ले रहा हूं कि अब मैं आजीवन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ खड़ा रहूंगा।



निष्कासित कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि मैं कांग्रेस की विचारधारा से जुड़ा हुआ हूं। सबसे पहले रामराज्य का सपना महात्मा गांधी ने देखा था। जो सपना महात्मा गांधी ने देखा वो सपना प्रधानमंत्री मोदी पूरा कर रहे हैं। अगर मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं और देशहित में अच्छा फैसला कर रहे हैं तो उसका समर्थन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व आज प्रधानमंत्री मोदी से नफरत करते-करते पूरे देश से नफरत करने लगा है। कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी से नफरत करते-करते सनातन को मिटाने पर तुल गई है।

## सांसद धीरज साहू पहुंचे ईडी ऑफिस, पूछताछ शुरू

रांची, एजेंसी। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू रविवार को एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी ऑफिस पहुंचे। यहां ईडी के अधिकारियों ने उनसे पूछताछ शुरू कर दी। वहीं, इससे पहले बीते शनिवार को ईडी ने धीरज साहू से करीब 11 घंटे तक पूछताछ की थी। बता दें कि अधिकारियों के मुताबिक ईडी साहू से सोरेन के साथ उसके कथित संबंधों और पिछले महीने हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास पर तलाशी के दौरान जब्त की गई एक लग्जरी कार के संबंध में उनका बयान दर्ज कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, ईडी अधिकारियों को दक्षिण दिल्ली में झारखंड सरकार के पट्टे पर लिए गए आवास में लग्जरी कार की चाबी मिली और तलाशी पूरी करने के बाद वे कार अपने साथ ले गए। अधिकारियों ने बताया कि साहिबगंज के उपायुक्त रामनिवास यादव और सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू भी राज्य में कथित अवैध खनन से जुड़ी धनशोधन जांच में पूछताछ के लिए शनिवार को ईडी के सामने पेश हुए।



# लकड़ी माफ़िया के आगे वन महकमा हुआ नतमस्तक

- पर्यावरण बचाने की जगह क्षेत्र से प्रतिबंधित पेड़ों का हो रहा सफ़ाया
- जुर्माना लगाकर किया जा रहा इतिश्री, वन महकमा की कार्यशैली पर लगे सवालिया निशान



**धौरहरा खीरी। समृद्धि न्यूज**

उत्तर खीरी वन रेंज धौरहरा क्षेत्र में पर्यावरण बचाने को लेकर जारी मुख्यमंत्री के आदेशों की खिल्लियां उड़ाते हुए लकड़ी माफ़िया खुलेआम हरे भरे प्रतिबंधित पेंडो का सफाया करने में जुटा हुआ है। वही लकड़ी माफ़िया के आगे वन महकमा नतमस्तक दिखाई देने लगा है,जिसके चलते हालात यह हो गए कि जहां पूर्व वर्षों में परमिट बनवाकर दिन में पेंडो को काटा जाता वही अब बचे हुए बागों को बगैर परमिट ही रात के अंधेरे में मशीनों से काटकर सफाया करने का काम युद्ध स्तर पर जारी है। ताज्जुब तो तब होता है जब कटान की शिकायत होती है तो वन महकमें के ज़िम्मेदार केवल जुर्माना भरवाकर इतिश्री कर दे रहे है,जिसकी जानकारी पाकर पर्यावरण प्रेमियों ने महकमें पर ही सवालिया निशान लगाने शुरू कर दिए है। प्रदेश के मुखिया जहां पर्यावरण प्रदेश में पर्यावरण बचाओ अभियान चलाकर बड़े पैमाने पर हरियाली बढ़ाने के लिए प्रयासरत है वही उत्तर खीरी वन रेंज धौरहरा में वन महकमा लकड़ी माफ़िया के आगे बेबस नजर आने लगा है,हालात यह हो गए कि जहां पूर्व वर्षों में प्रतिबंधित आम,नीम,गूलर,शीशम आदि के पेंडो का परमिट बनवाकर दिन में कटान होता था।


वही अब लकड़ी माफ़िया बगैर परमिट हरे भरे पेंडो का कटान रात के अंधेरे में करके बचे हुए बगीचों को तहस नहस करने में तुला हुआ है,बाबजूद वन महकमा सब कुछ जानकर भी अनजान बना हुआ है। लोगों को अचरज तो तब होता है जब पेंडो के कटान की सूचना जब वह विभाग को देते हैं तो सिर्फ खानापूर्ति कर कुछ जुर्माना काटकर मामले का इतिश्री कर दिया जाता है।

ऐसा ही नजारा बीती रात क्षेत्र के सुल्तानापुर में भी देखने को मिला जहां रात के अंधेरे में बगैर परमिट इलेक्ट्रिक मशीनों से आम के बगीचे का सफाया शुरू कर दिया गया।जिसकी जानकारी होते ही ग्रामीणों ने वन विभाग को दी,पर पूर्व की भांति जुर्माना काटकर खाना पूर्ति कर इतिश्री कर दिया।

**वर्जन:** वन क्षेत्राधिकारी एनके चतुर्वेदी ने बताया कि मैं किसी आवश्यक कार्य मे व्यस्त हूँ,इस बाबत कार्यालय में तैनात वन रक्षक अम्बुज मिश्रा से बात कर लीजिए,वही जब अम्बुज मिश्रा से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

## खूंखार कुत्तों के आतंक से लोग परेशान, बकरी को किया घायल

**मैलानी खीरी।** कस्बे के पलिया रोड स्थित श्री जी अस्पताल में पले 4-5 खूंखार कुत्तों ने शनिवार को पड़ोस के घर मे घुसकर युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित आकाश शर्मा ने बताया कि अस्पताल संचालक खुद व स्टाफ उक्त घटना को मूकदर्शक बनकर देखता रहा। घायल अवस्था मे पीड़ित आकाश अपने परिजनों के साथ थाना मैलानी पहुँचा और उक्त घटना की जानकारी क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी व थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी को शिकायत पत्र देकर की।मौके पर अस्पताल संचालिका को बुलाकर क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी द्वारा सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो अन्यथा की स्थिति में उचित कार्यवाही की जायेगी।



## ट्रक को बस ने मारी टक्कर, एक घायल

**बिजुआ खीरी।** थाना भीरा क्षेत्र के भीरा बिजुआ राज्य मार्ग पर शनिवार को देर शाम ग्राम भवानी पुर के पास गन्ना भरी ट्रक और यात्री बस में टक्कर हो गई। बताते हैं रोड पर खड़ी गन्ना भरी ट्रक में यात्री भरी बस ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शीयो की माने तो बस चालक ने अपनी सूझबूझ से सभी को बाल बाल बचा लिया। टक्कर होते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई बस में आगे बैठे जगतार सिंह पुत्र लक्खा सिंह उम्र करीब 40 वर्ष निवासी बसेगापुर थाना भीरा को चोटे आई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायल को बिजुआ सीएचसी भिजवाया। गंभीर हालत देखते हुए डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया वहीं पुलिस ने रोड से दोनों वाहनो को सड़क से किनारे करवा दिया ताकि आवागमन बाधित न हो। थानाध्यक्ष भीरा ने बताया सभी बाल बाल बच गए एक व्यक्ति को हल्की चोटे आई है अन्य किसी सवारी के चोट नहीं आई हैं।

# खूनी संघर्ष मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**बिजुआ खीरी। समृद्धि न्यूज**



भीरा थाना क्षेत्र के रामनगर कलां के नदी पार रामपुर में पुरानी जमीनी विवाद को लेकर हुए गदियाना गाँव के दो परिवारों के बीच हुए खूनी संघर्ष मामले में भीरा पुलिस ने घायलों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी को लेकर दबिशें दे रही थी जिसमें शनिवार को बिजुआ चौकी इंचार्ज ने दो आरोपीयो को गिरफ्तार कर लिया था।

अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। रविवार सुबह पुलिस ने दबिश देकर तीन और आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की, जिसमे मुसर्रफ पुत्र जान मोहम्मद, शेरू उर्फ जुबैर अली पुत्र दौलत, अकील पुत्र रहमान निवासीगण ग्राम ढकवा गदियाना मजरा बल्लीपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गुरुवार देर शाम भीरा थाना क्षेत्र के रामनगर नदी पार रामपुर में दो पक्षो में जमकर लाठी डंडे चले थे, जिसमें एक पक्ष से करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे,जिन्हें डाक्टर ने प्रथम उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया था।

बिजुआ चौकी इंचार्ज चेतन तोमर ने बताया घायल शबीना के परिजन कि तरफ से मिली तहरीर पर हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार दबिशें जारी है। जिसमे अब तक पांच मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। जल्द ही शेष आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।वही मारपीट में घायलो का इलाज अभी भी जिला अस्पताल में चल रहा है।

# साप्ताहिक बाजार में युवक को मछली खरीदना पड़ा महंगा

- युवक की बाइक पर चोरों ने किया हाथ साफ, पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर लगाई गुहार

**धौरहरा खीरी। समृद्धि न्यूज**

ईसानगर क्षेत्र के क़स्बा खमरिया में लगने वाली साप्ताहिक बाजार में सड़क किनारे बाइक खड़ी कर मछली खरीदने गए युवक की बाइक पर चोरों ने हांथ साफ कर दिया। वापस आने पर बाइक को गायब देख युवक ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी पर जब पता नहीं चला तो पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बाइक को खोजने की गुहार लगाई है। खमरिया कस्बे में लगने वाली साप्ताहिक बाजार की मछली मंडी में इरफान पुत्र बाबू निवासी समर्दाहरी शनिवार को सायं करीब पांच बजे अपनी बाइक प्लेटिना यूपी 31वी6366 से मछली खरीदने गए थे,जहां वह सड़क किनारे बाइक को खड़ी कर जब वापस आये तो बाइक गायब मिली।

जिसको काफी देर तक खोजबीन करने के बाद भी जब पता नहीं चला तो इरफान ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बाइक को खोजने की गुहार लगाई है।

वही प्रार्थना पत्र मिलते ही क़स्बा पुलिस ने बाइक की खोजबीन शुरू करवाते हुए पीड़ित से जल्द ही पता करने का अस्वासन दिया है।

# बच्ची को डीसीएम ने कुचला, दर्दनाक मौत

**पुलिस ने चालक परिचालक को हिरासत में लेकर बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**



**अमीरनगर खीरी। समृद्धि न्यूज**

क्षेत्र अंतर्गत गरदहा गांव में एक दर्दनाक सड़क हादसा में 6 वर्ष की नाजिया की मौके पर ही मौत हो गई।गरदहा गांव के रफीक खान की पुत्री नाजिया (6) सड़क पार करके अपने लिए किराना की दुकान से सामान खरीदने के लिए जा रही थी तभी मोहम्मदी की तरफ से आ रही डीसीएम एक बच्ची को कुचलते हुए निकल गई।

डीसीएम व चालक परिचालक दोनों को पड़ोस के गांव रसूलपुर में लोगों ने पकड़कर चौकी इंचार्ज के सुपुर्द कर दिया। अमीरनगर चौकी इंचार्ज अरविंद तिवारी ने बताया कि रसूलपुर के लोगों ने डीसीएम चालक व परिचालक को पड़कर रखा। बताया कि चालक सोमवीर पुत्र ओम कार गांव पृथ्वीपुर जिला बदायूं का रहने वाला है। चौकी अमीनगर पुलिस ने चालक परिचालक दोनों को हिरासत में लेकर घटनास्थल पर पुलिस बल के साथ पहुंचकर बच्ची के शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## खबरें एक नजर में

### बस में ट्रक ने मारी टक्कर, छह सवारी घायल





**हैदरगढ़ बाराबंकी।** सवारिया बैठाकर हैदरगढ़ की ओर आ रही बस में आज सुबह पीछे से ट्रक द्वारा टक्कर मार देने से बस में बैठी लगभग आधा दर्जन सवारिया घायल हो गई। जानकारी के अनुसार लखनऊ कैसरबाग से सावरिया बैठाकर आ रही हैदरगढ़ डिपो की बस रविवार की सुबह 4 बजे जब मंगलपुर चौराहे पर पहुंची तभी पीछे से आए ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बस में बैठे हैदरगढ़ कोतवाली के अमिलहरा गांव निवासी सूरज लाल वर्मा के पुत्र के अलावा पूरे गुलजार निवासी मायका पत्नी भगवती अमिलहरा गांव निवासी भूपेंद्र वर्मा पुत्र श्याम किशोर गंभीर रूप से तथा राम शंकर शुक्ला निवासी ठाकुरपुर लोनीकटरा, शाहरुख खान पुत्र रिजवान जामो मकनीपुर जिला अमेठी मामूली रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाएं गए घायलों को उपचार के बाद गंभीर घायलों को जहां जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया वहीं मामूली रूप से घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

### पुलिस ने वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**मैलानी खीरी।** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नन्हके पुत्र बेचे और ईश्वरवती पत्नी नन्हके निवासी ग्राम कोरियानी थाना मैलानी के विरुद्ध मैलानी थाने में 26अक्टूबर 2023 को आत्महत्या के लिए उकसाने से संबंधित धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। दोनों आरोपी मुकदमा दर्ज होने के बाद से फरार चल रहे थे। उसकी काफी जगह खोजबीन की लेकिन वह हाथ नहीं आये। 11/02/2024 रविवार को आरोपी नन्हके पुत्र बेचे और ईश्वरवती पत्नी नन्हके की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस ने सूचना के आधार पर स्मिता आईटीआई कॉलेज के पास से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पकड़ने वाले दल में उप निरीक्षक उदयभान मिश्रा, कांस्टेबल सचिन कुमार, कॉन्स्टेबल इंद्रेश, मश्आश नेहा यादव शामिल थे।

### रेलवे स्टेशन के फुट ओवर ब्रिज तोड़े जाने का किया विरोध

**बाराबंकी।** गांधीवादी चिंतक एवं वयोवृद्ध सामाजिक कार्यकर्ता राजनाथ शर्मा ने रेलवे स्टेशन के फुट ओवरब्रिज को तोड़े जाने का विरोध जताया है। श्री शर्मा ने बताया कि बाराबंकी जंक्शन के पुराने रेल भवन के ध्वस्तीकरण की करवाई सबसे पहले फुट ओवरब्रिज से हुई है। यह फुट ओवरब्रिज सिर्फ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 से 4 तक पहुंचने रास्ता नहीं था बल्कि स्टेशन के दूसरी तरफ बंकी नगर पंचायत में रहने वाली जनता और स्कूली बच्चों के आवागमन का एक मात्र रास्ता था। जिसे बिना कोई वैकल्पिक व्यवस्था के तोड़ा जाना दुर्भाग्यपूर्ण एवं जन विरोधी है। बताते चले कि नॉर्दन रेलवे खंड के बाराबंकी जंक्शन के रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण का कार्य शुरू हो गया। यह रेलवे स्टेशन देश के सबसे पुराने रेलवे स्टेशन की शुमार में है, जिसका 1940 में स्टेशन की मरम्मत व जीर्णोद्धार कराया गया। पिछले साल के आम बजट में इसे केंद्र सरकार की अमृत योजना में चयनित कर लिया था। जिस स्टेशन को संवारने के लिए रेलवे ने 36 करोड़ रुपये मंजूर किए है। श्री शर्मा ने कहा कि रेलवे स्टेशन के भवन को हाईटेक बनाने से पहले फुट ओवरब्रिज की सीढ़ी को तोड़ने से यात्रियों के साथ ही दैनिक राहगीरों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

# तस्करी के माल सहित दो महिलाओं को एसएसबी ने पकड़ा





**गौरीफंटा खीरी। समृद्धि न्यूज**

इंडो नेपाल सीमा गौरीफंटा बनगवां घाट पर बढ़ती तस्करी को लेकर एसएसबी मुस्तैद हो गई है, दिनदहाड़े लाखों का माल इंडिया से नेपाल पहुंचाया जा रहा है और चाइनीस लाइटर, खुकरी सिगरेट, फेयर एंड लवली आदि जैसी चीजों को नेपाल से इंडिया तस्करी कर लाया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि यह तस्करी तस्कर स्वयं नहीं करते हैं बल्कि गरीब थारो जनजाति व नेपाली गरीब महिलाओं को पैसों का प्रलोभन देकर दिन-रात तस्करी करवाई जा रही है जिससे सरकार को प्रतिदिन लाखों रुपए के राजस्व का चूना लग रहा है।

तस्करी की सूचना मिलते ही सहायक कमांडेंट सतीश कुमार के निर्देश कार्रवाई की गई जिसमें लाखों के माल समेत दो महिला कैरियरों को भी पकड़ा गया। पकड़ी गई महिला ने अपना नाम देवकी और घना सऊद बताया है ।यह माल बनगवां घाट पिलर संख्या 752/3 के पास सुबह तकरीबन 6:30 बजे भारत से तस्करी कर नेपाल ले जाया जा रहा था तभी मौके पर एसएसबी की संयुक्त टीम ने दो महिलाओं को माल समेत पकड़ लिया।

**कौन है इसका मास्टरमाइंड?**

भोले भाले थारू जनजाति को और नेपाली गरीब महिलाओं को बेस बनाकर सरकार के लाखों रुपए के राजस्व का चूना लगा रहा है। सूत्रों की माने तो कुछ पलिया कला के निवासी है जो गरीबों को प्रलोभन के सहारे मकड़ जाल में फसाया हुआ है जिससे यह करियर प्रलोभन के चलते इससे बाहर नहीं निकल पा रहे हैं और तस्कर डेली भारत से नेपाल और नेपाल से भारत तस्करी करवा रहे मालामाल हो रहे हैं।

# संदिग्धावस्था में 30 वर्षीय युवक का शव बरामद

**मोहम्मदी खीरी। समृद्धि न्यूज**

कोतवाली अंतर्गत एक 30 वर्षीय व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया। पुलिस ने एक व्यक्ति को पूंछतांछ के लिए हिरासत में लिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महमदपुर कामी निवासी 30 वर्षीय राम बरन सिंह यादव पुत्र छोटेलाल यादव मोहम्मदी के मोहल्ला बाजार गंज कोरियाना में कबीर हॉस्पिटल में कथित चिकित्सक था।

रात्रि 7 बजे यहाँ से अपने घर गया था कि रास्ते मे ग्राम बौआ और बाजिदपुर मजरा के बीच पुलिया के नीचे गड्ढे में राम बरन सिंह यादव का शव बरामद हुआ।

उसके हाथो के नाखून निकले थे, ठोड़ी व गर्दन धारदार हथियार से काटकर हत्या हुई प्रतीत होता है। मोटर साइकिल की डिग्गी में 2 गिलास और एक फ्रूटी बरामद हुई। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक चन्द्रशेखर सिंह दलबल सहित घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया और गम्भीरता से मुल्जिमो की तलाश जारी कर दिया। पुलिस ने एक व्यक्ति को पूंछतांछ के लिए हिरासत में लिया है ।मृतक के दो बेटे 5 वर्षीय नन्हे 7वर्षीय हृदयेश है व पत्नी ममता देवी का 5 वर्ष पहले देहान्त हो चुका है। मृतक पांच भाई है।

### 22 दिनों से लापता युवती का मिला शव

**मोहम्मदी खीरी।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नयागांव में श्रीराम किसान की पुत्री 22 वर्षीय रचना जो 22 दिनों से लापता थी, जो कि मानसिक रूप से अस्वस्थ थी। जिसका शव गांव के स्कूल से 600 मीटर आगे दिवान के गन्ने के बीचोबीच खेत मे मिला। घटना की सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक चन्द्रशेखर सिंह दलबल सहित घटनास्थल पहुँचे और शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया।

# नहर पुल की टूटी सुरक्षा दीवार, बढ़ा हादसे का खतरा

**हैदरगढ़ बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



ग्राम पंचायत चिलूला गांव के पास बने नहर पुल में पैराफिट (सुरक्षा दीवार) न होने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। पुल से बीस से अधिक गांव के लोगों का आवागमन है। इसके अलावा यहां से स्कूल की छात्र-छात्राएं पैदल, साइकिल, स्कूल की बसें, दूध गाड़ी, किसानों की अनाज ढोने वाली गाड़ी प्रतिदिन यहां से गुजरती है। पुल में सुरक्षा दीवार न होने के कारण हर वक्त दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। इसके बावजूद मजबूरन लोग पुल से आवागमन के लिए मजबूर हैं। जानकारी के मुताबिक बांदा बहराइच राजमार्ग पर ग्राम पंचायत पोखरा के निकट पड़ने वाला यह पुल करीब 2 महीने पहले क्षतिग्रस्त हो गया था तब सुचारू रूप से आवागमन के लिए ग्राम पंचायत चिलुला के पास स्थित पुल से सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन शुरू किया गया जिसके चलते एक माह पूर्व अज्ञात वाहन की टक्कर से पुल पर बनी सुरक्षा दीवार टूट कर गिर गई थी जिसे आज तक बनवाया नहीं जा सका है जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई आरओ-एआरओ परीक्षा

- प्रथम पाली में 11416, दूसरी में 11351 अभ्यर्थी हुए शामिल

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

रविवार को उप्र लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित आरओ-एआरओ परीक्षा जिले में 36 परीक्षा केंद्रों पर सकुशल व नकल विहीन संपन्न हुई। इस दौरान प्रथम पाली में 11416 एवं द्वितीय पाली में 11351 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा को सकुशल बनाने के लिए एडीएम समेत 12 सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। वही 36 स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहे। आयोग से भी समन्वयी पर्यवेक्षक परीक्षा की निरंतर निगरानी करते रहे। रविवार को पीसीएस-प्री परीक्षा दो पालियों में हुई। पहली पाली सुबह साढ़े नौ बजे से लेकर दोपहर साढ़े ग्यारह बजे तक चली तो दूसरी पाली ढाई बजे से साढ़े तीन बजे तक चली। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से आधा घंटे पहले प्रवेश दिया गया। जनपद के 36 परीक्षा केंद्रों पर कुल पंजीकृत परीक्षार्थी 15850 के सापेक्ष पहली पाली में 11416 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 4434 अनुपस्थित रहे। इसी तरह से दूसरी पाली में 11351 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 4499 ने परीक्षा से किनारा कर लिया।

### नवजात कन्या को झाड़ियों में फेंका

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** लोक लाज के भय से कलयुगी मां द्वारा नवजात शिशु को लावारिस अवस्था में मरने के लिए छोड़ दिया गया। मॉर्निंग वॉक पर निकले के फायर कर्मी द्वारा नवजात शिशु को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में लाकर भर्ती कराया गया जहां पर उपचार के बाद बालिका को बेहतर इलाज के लिए चाइल्ड केयर यूनिट बाराबंकी के लिए रेफर कर दिया गया। अग्निशमन केंद्र हैदरगढ़ पर वाहन चालक के पद पर कार्यरत दुर्गा शंकर पांडे अन्य दिनों की तरह रविवार की सुबह कोतवाली के बगल से गुजरी लिल्हौरा रजवहां पर अपने अन्य साथियों के साथ मॉर्निंग वाक के लिए गए हुए थे कि तभी उन्हे झाड़ियों से किसी बच्चे के रोने की आवाज सुनाई पड़ी। नजदीक जाने पर झाड़ियों के बीच एक नवजात बालिका एक छोटे से कपड़े के टुकड़े में लिपटी हुई बेहोशी की हालत में पड़ी मिली। इसके बाद श्री पांडे द्वारा बालिका को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां पर इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर उमंग वर्मा एवं एन बी एस टीम में शामिल फार्मासिस्ट अमरीश मिश्रा स्टाफ नर्स संदीप द्वारा उपचार शुरू किया गया। उपचार के बाद थोड़ा ठीक हुई बालिका को दोपहर बाद लगभग डेढ़ बजे महिला कांस्टेबल एवं आशा बहू के संरक्षण में चाइल्ड केयर यूनिट बाराबंकी के लिए रवाना कर दिया गया।

# सऊदी अरब भेजने के नाम पर ठगी करने वाले कबूतरबाज पर मुकदमा दर्ज

**कबूतरबाजी मे माहिर मो. आफ़ताब एक नही दर्जनों लोगो को विदेश भेजनें के नाम पर कर चुका ठगी**

**मसौली,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

सऊदी अरब भेजनें के नाम पर तीन लोगो से 3 लाख 15 हजार रुपये की ठगी करने वाले कबूतरबाज बड़ागांव निवासी मो. आफ़ताब के विरुद्ध जिलाधिकारी एव पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना मसौली मे मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार कबूतरबाजी मे माहिर मो. आफ़ताब एक नही दर्जनों लोगो को विदेश भेजनें के नाम पर ठगी कर चुका है।

बताते चले कि शनिवार को थाना मसौली मे आयोजित थाना समाधान दिवस मे मौजूद जिलाधिकारी सतेन्द्र कुमार एव पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के सामने बड़ागांव निवासी जान मो0 पुत्र मो. उमर, ग्राम गुरसेल थाना फतेहपुर निवासी उस्मान पुत्र हसमत , ग्राम इब्राहिमपुर थाना फतेहपुर निवासी हकीक पुत्र इम्तियाज ने फरियाद लगाई कि करीब एक वर्ष पूर्व बड़ागांव निवासी मो0 आफ़ताब पुत्र महबूब ने तीनो लोगो को सऊदी अरब भेजनें के लिए कुल 3 लाख 15 हजार रुपये लिया था रुपया लिये जाने के बाद जब भी भुक्तभोगी सऊदी अरब भेजनें के लिए कहते तो टाल मटोल करते हुए जल्द सऊदी अरब या बहरीन भेजनें की बात करता रहता था जुलाई 2023 मे कबूतरबाज मो0 आफ़ताब ने तीनो लोगो से कहा कि सऊदी अरब का कोई बीजा नही है दुबई मे प्लांबर के तीन बीजे है अगर जाना चाहो तो चले जाओ पैसा फंसा होने के कारण तीनो दुबई जाने को तैयार हो गये और 10 अगस्त को तीनो लोगो को लखनऊ एयरपोर्ट पर बुलाया जहा पर तीनो लोगो को एक एक महीने का टूरिस्ट बीजा देते हुए कहा कि तुम लोग दुबई पहुंचो वहा पर कम्पनी से दो दो साल का बीजा मिल जाएगा। जालसाज की मीठी बातो मे फंस कर तीनो पहली अगस्त को ही दुबई पहुंच गये दुबई एयरपोर्ट पहुंचते ही तीनो को अहसास हुआ कि हम लोगो के साथ ठगी की गयी है क्योकि कबूतरबाज मो0 आफ़ताब ने जिस एजेंट का नंबर दिया था वह दुबई मे न हो कर इंडिया मे ही था। बहरहाल तीनो भुक्तभोगी अपने खर्च से बतायी गयी कम्पनी के गेट पर पहुंचे तो वहां पर मौजूद अधिकारी एव कर्मचारियों ने बताया कि इस कम्पनी मे प्लांबर का कोई भी काम नही होता है आप लोगो के साथ धोखाधड़ी की गयी है। विदेश मे फंसे तीनो ने मो0 आफ़ताब से सम्पर्क किया तो उसने बताया कि वही कम्पनी के गेट पर बने रूम मे रुको हमारा एजेंट आप लोगो को लेने आयेगा करीब 1 हफ्ते तक रुकने के बाद भी कोई एजेंट मिलने नही आया और कम्पनी गेट पर मौजूद कर्मचारियों ने भी भगा दिया कि मेरे यहां जाँच होने वाली यहां से भाग जाओ पास मे मौजूद पैसे भी खत्म होने के बाद तीनो ने अपने अपने घरो से पैसा मंगा कर 20 अगस्त को घर वापस लौट आये और जब भी अपने पैसे वापसी की मांग करते तो अपनी ऊँची पहुंच का धोऊंस दिखाकर भगा देता पीड़ितों ने पुलिस मे शिकायत भी की लेकिन कार्यवाही नही। गत शनिवार को थाना समाधान दिवस मे जब भुक्तभोगियों ने जिलाधिकारी सतेन्द्र कुमार एव पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह से फरियाद लगायी तो अधिकारियो ने प्रभारी निरीक्षक मसौली से मामले को पंजीकृत करने का निर्देश देते हुए कबूतरबाज के सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये है।

साथ ही कबूतरबाज मो0 आफ़ताब द्वारा अन्य लोगो से ठगी किये जाने के साक्ष्य इकट्ठा कर गुंडा एक्ट एव गैंगस्टर की कार्यवाही के लिए कहा है शनिवार की देर शाम कबूतरबाज मो0 आफ़ताब के विरुद्ध धारा 406 व 420 के तहत मामला दर्ज किया है।

# गांव चलो अभियान में भाजपा नेता पहुंच रहे मतदाताओं के घर

**मसौली,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे गाँव चलो अभियान के अंतर्गत शनिवार की देर रात्रि ग्राम पंचायत नसीरनगर में रेहड़ी पटरी के प्रदेश संयोजक अजीत प्रताप सिंह बूथ अध्यक्ष प्रमोद वर्मा के घर पहुंचे बूथ पर सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी की टोपी व पटका पहना कर सम्मानित किया उसके पश्चात सभी को आगामी लोक सभा चुनाव में भाजपा को बूथ जिताने की रणनीति पर चर्चा की।

बूथ अध्यक्ष प्रमोद वर्मा के घर पर रात्रि प्रवास किया तथा ग्रामीणों से आगामी लोकसभा चुनाव सभी बूथों पर जीत दर्ज कराने की अपील की। रविवार की सुबह ग्राम सिसवारा स्थित श्री दिगम्बर नाथ महादेव मंदिर में साफ सफाई कर स्नान कर पूजा अर्चना की स्वयं सहायता समूह की बहनों के साथ बैठक कर केंद्र सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की समृद्धि हेतु चलाई ज रही योजनाओं पर चर्चा की प्रदेश संयोजक ने प्रधान प्रतिनिधि उमाकांत वर्मा से भेंट करने के साथ साथ पूर्व प्रधान अमर सिंह वर्मा से भी मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना बूथ पर मण्डल मंत्री ऋषि यादव से मुलाकात कर चुनाव पर चर्चा कर मण्डल महामंत्री प्रवीर मिश्रा के घर पर कार्य कर्ताओ से मुलाकात की व पार्टी की जनकल्याण कारी योजनाओं पर व्यापक चर्चा की यही पर दोपहर का भोजन कर प्रवास को पूर्ण किया इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष सत्यवान रावत ,अमन मिश्रा, सज्जन लाल,मेड़ी लाल वर्मा,सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भक्ति और शक्ति के मिलन से मिलती है गुलामी की दासता से मुक्ति : योगी

▸ साधु-संतों ने किया योगी आदित्यनाथ का स्वागत

समृद्धि न्यूज।



**लखनऊ।** महाराष्ट्र भक्ति और शक्ति की भूमि रही है। यहीं गुरु समर्थ रामदास ने वीर छत्रपति शिवाजी का मार्गदर्शन किया। जब-जब भक्ति और शक्ति का अद्भुत मिलन होता है, गुलामी की दासता से मुक्ति मिलती है और 500 वर्ष की गुलामी की दासता से मुक्त होकर आज अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बन चुका है।संतों के सानिध्य और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुरुषार्थ से 22 जनवरी की ऐतिहासिक तिथि के हम सब साक्षी बने हैं। नव्य और भव्य अयोध्या आप सभी को आमंत्रित कर रही है।

ये बातें गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ ने रविवार को महाराष्ट्र के पुणे स्थित आलंदी में आयोजित श्री गीता भक्ति अमृत महोत्सव के दौरान कही। इससे पहले योगी आदित्यनाथ का यहां देशभर के साधु-संतों ने जोरदार स्वागत किया और उन्हें श्रीराममंदिर निर्माण का नायक बताते हुए उनका अभिनंदन किया। योगी आदित्यनाथ ने स्वामी गोविंद देव गिरि को अंगवस्त्र और गणेश जी की प्रतिमा भेंटकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वामी गोविंद देव गिरी के जीवन पर आधारित स्मारिका का विमोचन भी किया। कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य विजयेन्द्र सरस्वती ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अंगवस्त्र पहनाकर तथा प्रसाद प्रदानकर उनका विशेष रूप से सम्मान किया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि जी महाराज की 75वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए योगी आदित्यनाथ ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं। सीएम योगी ने कहा कि विगत 75 साल से वैदिक सनातन धर्म के लिए अपने पुरुषार्थ, अपनी साधना और अपने परिश्रम से पूज्य स्वामी गोविंद देव गिरी महाराज ने जो कार्य किया, जो आशीर्वाद सनातन हिन्दू धर्मावलम्बियों को दिया है, ये अवसर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का है। पूज्य ज्ञानेश्वर जी महाराज से यही प्रार्थना है कि स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज का सानिध्य हिन्दू समाज को लंबे समय तक मिलता रहे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लंबे समय से उनके मन में आलंदी आने की इच्छा थी। इस अवसर पर यहां आने का सौभाग्य उन्हें प्राप्त हुआ है। योगी ने बताया कि बचपन में उन्होंने ज्ञानेश्वरी पढ़ी थी। मात्र 15 साल की आयु में ज्ञानेश्वरी का उपदेश देकर भक्तों को नई राह दिखाने का कार्य पूज्य ज्ञानेश्वर जी महाराज ने किया। मात्र 21 साल में संजीव समाधि लेकर भारत के आध्यात्म को पूरे भूमंडल पर लहराने का कार्य पूज्य ज्ञानेश्वर जी महाराज ने किया था।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाराष्ट्र वाले बहुत ही सौभाग्यशाली हैं। यहां की भक्ति से उपजी शक्ति दुश्मनों के दांत खट्टे करती रही है। समर्थगुरू रामदास जी ने छत्रपति शिवाजी को यहीं से मार्गदर्शन प्रदान किया था। उस कालखंड में औरंगजेब की सत्ता को चुनौती देते हुए उसे तड़पने और मरने के लिए ऐसा छोड़ा कि आजतक उसे कोई पूछ नहीं रहा। यह उत्साह और शौर्य की धरती है, क्योंकि ये पूज्य संतों की भूमि है। यहां के भक्तों ने पूज्य संतों के सम्मान को ऊंचाई तक पहुंचाया है। इसी का परिणाम है कि शक्ति भी उनके साथ-साथ चलती है। योगी आदित्यनाथ ने इस बात का भी उल्लेख किया जब वे यूपी के मुख्यमंत्री बने तो आगरा में बन रहे मुगल म्यूजियम का नाम बदलकर छत्रपति शिवाजी म्यूजियम रखा गया।

### छत्रपति शिवाजी के नाम से बन रहा यूपी का डिफेंस कॉरीडोर

सीएम योगी ने बताया कि उत्तर प्रदेश का डिफेंस कॉरिडोर भी वीर छत्रपति शिवाजी के नाम से ही है। योगी आदित्यनाथ ने गोविंद देव गिरी जी महाराज के बारे में कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन सनातन धर्म के लिए समर्पित कर दिया है। पूरी दुनिया में वैदिक पाठशालाओं को स्थापित करके तथा श्रीमद्भागवत् गीता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वेदपाठियों की एक लंबी श्रृंखला देश को देने का कार्य किया है। अब ये देश वेदों से मार्गदर्शन प्राप्त कर रहा है। योगी आदित्यनाथ ने आयोजन के प्रति अपना आभार प्रकट करते हुए ये कामना भी की कि गोविंद देव गिरि जी का मार्गदर्शन लंबे समय तक हिन्दू समाज को प्राप्त होता रहे, जिससे कि सनातन धर्म की पताका लंबे समय तक फहरती रहे। यूपी के सीएम ने समारोह में आए सभी संतजनों और नागरिकों को अयोध्या आने का निमंत्रण भी दिया।

# बीजेपी चली गांव की ओर : भूपेंद्र

▸ जेपी नड्डा आज करेंगे ग्राम परिक्रमा अभियान का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज।



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के तहत प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक, पार्टी पदाधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्षों सहित सभी जनप्रतिनिधि गांवो में प्रवास करेगें।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने रविवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया है कि 7 फरवरी से प्रारम्भ हुए गांव चलो अभियान के तहत 10 फरवरी तक प्रदेश में 47500 गांवो में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर गांव चलो अभियान में सहभागिता की। उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री और हम स्वयं गांव चलो अभियान के तहत गांव में प्रवास करेगें। जबकि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रानीमऊ गांव अयोध्या और ब्रजेश पाठक बघौरा गांव बाराबंकी में 11 फरवरी रविवार को प्रवास पर रहेगें। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि पार्टी के किसान मोर्चा द्वारा प्रदेश में गांव परिक्रमा का अभियान भी प्रारम्भ किया जा रहा है। अभियान में प्रदेश के 50 हजार ग्रामसभाओं को सम्पर्क करने के साथ प्रारम्भ हो रहे ग्राम परिक्रमा अभियान का शुभारम्भ सोमवार 12 फरवरी को पार्टी के राष्ट्रीय जगत प्रकाश नड्डा मुजफ्फरनगर के मोरना ब्लाक शुक्रताल से शुरूआत करेगें और जनचौपाल में भी सहभागिता करेंगे।

## खबरें एक नजर में

### व्यापार मंडल ने मनाया 18वां स्थापना दिवस

**लखनऊ।** राजधानी से प्रदेश स्तर तथा अब राष्ट्रीय स्तर तक स्थापित हो चुके व्यापारी व्यापार मंडल ने धूमधाम से अपना स्थापना दिवस केक काटकर मनाया। व्यापार मंडल के 18 में स्थापना दिवस का आयोजन स्थानीय सेंट्रल होटल में किया गया जिसमें राजधानी लखनऊ के सभी व्यापार संगठनों के अध्यक्ष व पदाधिकारी सहित दिल्ली बनारस, गाजीपुर, बलिया, जौनपुर, गोरखपुर तथा अन्य शहरों के पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी व्यापार मंडलों के पदाधिकारियों ने व्यापारी व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरूण मिश्रा का माल्र्यापर्ण व स्मृति चिह्न व अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। अरूण मिश्रा ने कहा कि आज आनलाइन शापिग और मॉल सभ्यता से कही न कही व्यापार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि व्यापारियों का ये व्यापार मंडल बिना एक रुपया का चंदा लिये केवल आपसी सहयोग व स्वेच्छा से चल रहा है तथा संगठन का विस्तार और इसके सदस्यों की संख्या बढ़ती जा रही है। संगढन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पवन रस्तोगी ने बताया कि संगठन व्यापारियो के हितों के लिये सदैव उनके साथ खडा है। कार्यक्रम में सभी व्यापार मंडलों के पदाधिकारियो को सम्मानित भी किया गया।

### दीन दयाल उपाध्याय को अर्पित की श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** रविवार को पंडित दीन दयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राजधानी के केकेसी डिग्री कॉलेज के पास स्थित दीन दयाल उपाध्याय की प्रतिमा को नमन कर उन्होंने श्रद्धासुमन अर्पित किये। पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने भी पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धाजंलि दी। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि पं. दीन दयाल उपाध्याय ने समाज के अंतिम पायदान पर खडेघ् व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने और सबके जीवन में प्रगति और सभी के विकास के लिए एकात्म मानववाद का दर्शन दिया। उन्होंने कहा एकात्म मानववाद के दर्शन का मूल भाव समाज के अन्तिम पायदान पर खडे व्यक्ति के जीवन में बदलाव है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज केन्द्र की मोदी सरकार और राज्य की योगी सरकार पं. दीन दयाल उपाध्याय की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए समाज के अन्तिम पायदान पर खडे व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने अपना पूरा जीवन राष्ट्रसेवा को समर्पित कर दिया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि उनका स्वप्न भारतीय संस्कृति की नींव पर एक शक्तिशाली और सशक्त भारत का निर्माण का था, आज उन्हीं सपनों को पूरा करने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे है।

### एनिमल प्रोडक्ट बन रहे बीमारी का कारण : डॉक्टर

**लखनऊ।** एनिमल प्रोडक्ट यानी की दूध और मांस का सेवन मानव शरीर को बीमार करता है, मधुमेह, जोड़ों का दर्द समेत कई बीमारियों की रोकथाम महज खानपान और जीवनशैली को सुधार कर किया जा सकता है। यह बातें रविवार को गन्ना संस्थान में रिसर्च सोसाइटी ऑफहोम्योपैथी की तरफसे आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस एंड एग्जीबिशन-2024 में आये डॉक्टरों ने कही। कॉन्फ्रेंस में आये डॉ. अनिल त्रिपाठी ने बताया कि हमारा शरीर एनिमल प्रोडक्ट खाने के लिए नहीं बना है। इसलिए दूध और मांस का सेवन करने से बचना चाहिए। जीवनशैली से संबंधित जितनी बीमारियां हैं। उस पर खानापान का असर पड़ता है। इसलिए भोजन में फल,दाल, ड्राई फरूट का सेवन जरूरत के हिसाब से करना चाहिए। साथ ही पानी का सेवन भरपूर मात्रा में करना चाहिए। इस दौरान डॉ.पंकज तिवारी ने बताया कि जीवनशैली सुधार कर बीमारियों से बचा जा सकता है। भोजन करते समय मौन रहना चाहिए और जितना हो सके भोजन करते समय मोबाइल, टीबी से दूर रहना चाहिए। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि सूर्य अस्त के बाद भोजन करने से बचें। वहीं रात के समय पूरी नींद तनाव जैसी समस्या से निजात दिलाने में कारगर साबित हो सकती है। डॉ. आरएम कौशल ने बताया कि मरीज डॉक्टर के परामर्श पर दवा ले। साथ ही जब भी दवा का सेवन करें तो मरीज के मन में यह विचार होना चाहिए कि जो दवा वह खा रहा है उससे फायदा होगा। यह विश्वास और सोंच ही मरीज को बेहतर स्वास्थ्य देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। वहीं डॉ.वीएस चौहान ने बताया कि मानसिक तनाव आगे चलकर गंभीर शारीरिक बीमारियों का कारण बन सकता है। मानसिक तनाव से ही शरीर में गंभीर परिणाम देखे गये हैं। विशेषकर अवसाद और हार्मोनल गड़बड़ी का कारण तनाव ही होता है। मानसिक स्वास्थ्य और बेहतर जीवन शैली से आदमी स्वस्थ जीवन जी सकता है।

### मुलायम सिंह यादव को भी मिले भारत रत्न की लगाई हार्डिंग

**लखनऊ।** लखनऊ के प्रदेश कार्यालय के बाहर समाजवादी पार्टी के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह को भारत रत्न दिए जाने को लेकर होल्डिंग लगाई गई है। रविवार को सपा नेता अब्दुल अजीम ने यह होल्डिंग लगाई है। होर्डिंग में लिखा गया, समाजवादी की मांग मुलायम सिंह यादव (नेता जी) को भारत रत्न सम्मान मिले। इससे पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी विधान सभा में मुलायम सिंह यादव और काशी राम को भारत रत्न दिए जाने की मांग कर चुके है। वहीं बीएसपी प्रमुख मायावती ने भी चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने के बाद काशी राम को भारत रत्न दिए जाने की मांग कर चुके है।

# यूपी के हर जिले में 19 को होगा भूमि पूजन समारोह

▸ लखनऊ आयेंगे प्रधानमंत्री,10 करोड़ निवेश वाले उद्यमी होंगे मेहमान

समृद्धि न्यूज।

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले में 19 फरवरी को भूमि पूजन समारोह होगा। इसमें दस करोड़ रुपये तक का निवेश करने वाले उद्यमी आमंत्रित होंगे।

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को इस सम्बंध में दिशा निर्देश जारी किए हैं। वैश्विक निवेशक सम्मेलन के बाद भूमि पूजन समारोह कराने की तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं। एक तरफलखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में देश-विदेश के शीर्ष उद्योगपति हिस्सा बनेंगे तो दूसरी तरफयूपी के सभी 75 जिलों में मंत्री, सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि भाग लेंगे।पिछले साल फरवरी में वैश्विक निवेशक सम्मेलन में 27 हजार एमओयू साइन हुए थे, जिससे 38.78 लाख करोड़ का निवेश और 1.12 करोड़ रोजगार सृजन होगा।

योगी सरकार के चौथे भूमि पूजन समारोह में 14 हजार एमओयू धरातल पर उतारे जाएंगे। इसमें दस लाख करोड़ का निवेश और 33 लाख से ज्यादा रोजगार शामिल हैं।जिलों में होने वाले कार्यक्रमों में मंत्री, सांसद, विधायक, जन प्रतिनिधि, निवेशक, उद्यमी, उद्योगपति, निवेश से जुड़े विभाग और आम लोगों को आमंत्रित किया जाएगा।

लखनऊ के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा। मंडल स्तरीय कार्यक्रम में मंडलायुक्त हिस्सा लेंगे। आयोजन हेतु मंडल मुख्यालय वाले जिलों को दो लाख और शेष जिलों को डेढ़ लाख रुपये जिला ई गवर्नेंस सोसाइटी के माध्यम से इन्वेस्ट यूपी द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे।

### राजभवन प्रांगण में फल, शाकभाजी एवं पुष्प तथा फोटोग्राफी प्रतियोगिता 16 को

**लखनऊ।** राजभवन प्रांगण में आयोजित होने वाली तीन दिवसीय प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2024 के अंतर्गत लखनऊ के विभिन्न वर्गों के उद्यानों व गृहवाटिकाओं की 217 प्रविष्टियां प्राप्त हुई। इनकी जजिंग औद्यानिकी से जुड़े भारत सरकार के संस्थानों तथा प्रदेश सरकार के उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त विषय विशेषज्ञों के गठित निर्णायक मण्डलों द्वारा की गई। विभिन्न वर्गों की प्रतियोगिताओं का परिणाम 19 फरवरी को घोषित किया जायेगा एवं विजेताओं को उसी दिन अपरान्ह 03 बजे पुरस्कृत किया जायेगा। निदेशक उद्यान अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 16 फरवरी को राजभवन प्रांगण, लखनऊ में गमलों में लगी शाकभाजी, शोभाकार पत्ती व फूल वाले पौधों तथा फल, शाकभाजी, पान, शहद, मशरूम आदि तथा फल संरक्षितपदार्थों, कटे फूल, रंगोली, वर्टिकल गार्डन, कलात्मक पुष्प सज्जा तथा फोटोग्राफी आदि वर्गों की प्रतियोगिता होगी। तथा उसी दिन मध्यान्ह में जजिंग का कार्य भी होगा। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्यमंत्री द्वारा 17 फरवरी को प्रातः 11 बजे राजभवन प्रांगण होगा। तत्पश्चात् प्रदर्शनी आम जनता के लिए खोल दी जायेगी।

# यूपी में पर्यटन तेजी से विकास कर रहा : जयवीर

## राज्य सरकार ने 4.64 करोड़ रुपये स्वीकृत किए, पहली किश्त जारी

समृद्धि न्यूज।



**लखनऊ।** पर्यटन विभाग प्रदेश में पर्यटन के विविध आयाम उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली के रूप में विश्वविख्यात मथुरा में स्थित जवाहर बाग में पर्यटकों को नई रौनक देखने को मिलेगी। शीघ्र ही यहां लाइट एण्ड साउण्ड शो शुरू होगा। इसकी स्थापना के लिए 4.64 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं।

उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन बहुत तेजी से विकास कर रहा है। मथुरा प्रदेश का प्रमुख पर्यटन स्थल है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, रंगोत्सव समेत अन्य पर्वकृत्योहारों पर देश-दुनिया से बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। इसी जिले में स्थित है जवाहर बाग, जहां लगातार पर्यटक सुविधाएं विकसित की जा रही है। इसके चलते बड़ी संख्या में पर्यटक आकर्षित होते हैं। यहां लाइट एण्ड साउण्ड शो भी शुरू करने की तैयारी है।

प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के तहत 4.64 करोड़ रुपये स्वीकृत किया है। इसमें 50 प्रतिशत राशि राज्य सरकार और 50 प्रतिशत मथुरा विकास प्राधिकरण द्वारा खर्च की जाएगी। राज्य सरकार की ओर से प्रथम किश्त के रूप में 25 लाख रुपये जारी की गई।

मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के तहत जनप्रतिनिधि, सक्षम व्यक्ति, संस्था व संगठन भी प्रस्तावक हो सकते हैं। प्रस्ताव पर खर्च होने वाली राशि का 50 प्रतिशत सरकार और 50 प्रतिशत व्यक्ति या संस्था देगी। जनप्रतिनिधियों की ओर से भी जो प्रस्ताव आएंगे, उसमें भी सरकार 50 प्रतिशत राशि देगी और 50 प्रतिशत जनप्रतिनिधि को देने होंगे। योजना के तहत प्रत्येक विधानसभा में सबसे अधिक महत्वपूर्ण स्थल का चयन या अल्पज्ञात पर्यटक स्थलों को चिन्हित कर उसे उच्चस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा लोग भ्रमण के लिए निकलें। ऐसा तब होगा जब लोगों के नजदीक पर्यटन के विकल्प उपलब्ध होंगे। इसी उद्देश्य से सभी विधानसभाओं में पर्यटन स्थल विकसित करने की तैयारी है। इससे प्रदेश में आर्थिक गतिविधियां बढ़ने के साथ ही लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं।

# चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देना भारत के 90 करोड़ किसानों का सम्मान : लक्ष्मी नारायण चौधरी

समृद्धि न्यूज।



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने रविवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को दिया गया 'भारत रत्न' भारत के 90 करोड़ किसानों का सम्मान है। लक्ष्मी नारायण चौधरी ने रविवार को कहा, ''चौधरी चरण सिंह ने कहा था कि देश के विकास की ओर जाने वाला रास्ता खेतों से होकर गुजरता है।

चौधरी जी ने किसानों के हित और कल्याण के लिए कई कदम उठाए थे। उनका नाम इतिहास में हमेशा सुनहरे अक्षरों में अंकित रहेगा। मंत्री ने किसानों के कल्याण के लिए चौधरी चरण सिंह द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा, ''चौधरी साहब कई किसान समर्थक कानून लाए, जैसे कि 1953 का चकबंदी अधिनियम और उत्तर प्रदेश जमींदारी अधिनियम और भूमि सुधार अधिनियम, 1952।'' उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री के साथ अपने संबंधों को याद करते हुए कहा, उनके साथ मेरा जुड़ाव लगभग मेरे बचपन के दिनों से था। मैं 1967 में उनसे पहली बार मिला था, उस समय मैं कक्षा 10वीं में पढ़ता था।' चौधरी ने कहा जब मैं छात्र था, तब मुझे कोसी कलां (मथुरा में) की मंडी समिति का अध्यक्ष बनने का सम्मान मिला। यह 1977 की बात है, जब मैंने एमए की पढ़ाई पूरी करने के बाद एलएलबी अंतिम वर्ष की परीक्षा दी थी।'' उन्होंने कहा, ''इसके बाद 1985 में मुझे पार्टी (लोकदल) ने टिकट दिया और उनके (चरण सिंह के) आशीर्वाद से मैं छाता से विधायक बन गया। लक्ष्मी नारायण चौधरी ने राज्य विधानसभा में पांच बार मथुरा जिले के छाता विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने कहा, उनकी (चौधरी चरण सिंह) सबसे बड़ी ताकत उनकी ईमानदारी थी। वह किसानों के सच्चे हितैषी थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में 1990 के दशक में आर्थिक सुधारों की शुरुआत करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव, किसानों के हितों के पैरोकार चौधरी चरण सिंह और 'हरित क्रांति' के जनक डॉ. एम एस स्वामीनाथन को भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' (मरणोपरांत) से सम्मानित किया जाने की हाल में घोषणा की। इससे कुछ ही दिन पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भी 'भारत रत्न' से नवाजे जाने की घोषणा की थी।

### लुलु मॉल में 15 फरवरी तक चलेगा फ्लॉवर फेस्टिवल



**लखनऊ।** लखनऊ के सबसे बड़े शॉपिंग गंतव्य लुलु मॉल में शानदार फ्लॉवर फेस्टिवल शुरू हो गया है, जिसका उद्घाटन डायरेक्टर आईआईटीआर डा. भास्कर नारायण ने किया। यह फ्लॉवर फेस्टिवल 10 से 15 फरवरी तक चलेगा।इस फ्लॉवर फेस्टिवल की खास बात यह है कि इसमें लखनऊ की लोकल नर्सरी से पौधे मॉल लाए गए हैं इस फ्लॉवर फेस्टिवल में नर्सरी के मालिक अपने पौधौं एवं फूलों को दर्शकों को दिखा एवं बेच भी सकेंगे। इस फ्लॉवर फेस्टिवल का एक मात्र उद्देश्य लखनऊ की लोकल नर्सरीज को बढ़ावा देना और दर्शकों ग्लोबल वार्मिंग के प्रति सचेत करना होगा साथ ही दर्शक भिन्न-भिन्न तरह के पौधों एवं खुशबूदार फूलों से रूबरू हो पायेंगे, इस फ्लॉवर फेस्ट में देशी विदेशी सभी प्रकार के पौधे मौजूद हैं जैसे पोर्टुलाका, विंका (सदाबहार), सेलोसिया, जीनिया, कोचिया इत्यादि। मॉल के जनरल मैनेजर समीर वर्मा ने कहा यह फ्लॉवर फेस्टिवल हमारे लिए काफी खास है, इस फ्लावर फेस्टिवल के जरिये हम लखनऊ की लोकल नर्सरीज को बढ़ावा देना चाहते हैं। यह फ्लॉवर फेस्टिवल 6 दिन चलेगा जिसमे दर्शक मॉल में आके अपने पसंदीदा पौधे एवं फूल खरीद सकते हैं।

# परिवहन मंत्री ने विधायकों का किया रोडवेज की बसों में स्वागत

▸ परिवहन निगम को यह सुअवसर मिलना सौभाग्य की बात: दयाशंकर



समृद्धि न्यूज।

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने रविवार को विधानसभा गेट संख्या 01 और 03 से अयोध्या के लिए रवाना होने वाली वोल्वो बसों से अयोध्या राम मंदिर दर्शन करने जाने वाले विधानसभा सदस्यों का स्वयं उपस्थित रहकर स्वागत किया एवं साथ में अयोध्या राम मंदिर दर्शन करने गए।

उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य की बात है की मुख्यमंत्री के नेतृत्व मे अयोध्या में बने भव्य एवं दिव्यराम मंदिर के दर्शन का अवसर मिला है। परिवहन मंत्री ने इसके लिए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का हृदय से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यह परिवहन निगम के लिए सौभाग्य की बात है कि उसे विधानसभा सदस्यों को अयोध्या राम मंदिर दर्शन कराने का अवसर प्राप्त हुआ। परिवहन मंत्री ने अयोध्या दर्शन कार्यक्रम को सुचारू पूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु परिवहन निगम कार्मिकों की भूरि भूरि प्रशंसा की।विधायकों को श्री राम मंदिर अयोध्या धाम दर्शन हेतु परिवहन निगम की वोल्वो सेवाओं के द्वारा प्रमुख सचिव परिवहन, मुख्य प्रधान प्रबंधक तकनीकी, प्रधान प्रबंधक संचालन क्षेत्रीय प्रबंधक लखनऊ क्षेत्र सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक चारबाग डिपो, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक कैसरबाग डिपो, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, आलमबाग डिपो, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अवध बस स्टेशन के साथ टीम लखनऊ रीजन के अन्य सहयोगियों के साथ बसों को रवाना किया गया।

# नाबालिग रेप पीड़िता के लिए मसीहा बनी बाजारखाला पुलिस

लखनऊ, (यूएनएस)।

मां का चेहरा याद नहीं होश संभाला तो पिता नहीं रहे ये कहानी राजधानी के बाजारखाला थाना क्षेत्र के गैस कम्पनी एरिया की रहने वाली रिया कि है। अपनी छोटी बहन के लिए वो घर पर रहती हैं। जिंदगी से हार मान चुकी उनकी बहन अब राजधानी के बलरामपुर चिकित्सालय में है। वो ये सब बताते-बताते रोने लगती हैं। लेकिन खुद अपने आंसू पोंछते हुए कहती हैं, केस चल रहा है। उसके अनुसार पुलिस ने ही साथ दिया लेकिन अब मामला कोर्ट में है और वो जितना हो सके अपनी बहन के लिए लड़ेंगी।

यह एक नाबालिक बहन का कहना है। राजधानी के बाजारखाला के गैस कम्पनी एरिया की झुग्गी में रहने वाली रिया आयु (15) वर्ष कहती हैं मेरी छोटी बहन के साथ बलात्कार हुआ। हमने किसी तरह उसको समझा-बुझाकर हिम्मत बांधने को कहा. लेकिन लोग उसे जीने नहीं देना चाहते। दरसल बाजारखाला पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपी युवक आमिर को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। बलात्कार की नाबालिग लड़की के आरोप के बाद इन्स्पेक्टर बाजार खाला संतोष कुमार आर्य ने मिल एरिया चौकी प्रभारी को जाँच सौंपी थी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने रेप के आरोपी पर यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया है।

एसएचओ संतोष कुमार आर्य ने कहा, 'शिकायतकर्ता का एक नया बयान मिला है। बयान के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत बाजारखाला थाने में मामला दर्ज किया गया है। नाबालिक बलात्कार पीड़िता के एकदम से स्वास्थ्य बिगड़ जाने पर चौकी प्रभारी को उसे अस्पताल में भर्ती करने के लिए कहा गया। पीड़िता के माता पिता की मृत्यु के बाद उसकी जिम्मेवारी उसी की नाबालिग बड़ी बहन पर है इसे देखते हुए चौकी प्रभारी अरविन्द कुमार मिश्रा ने पीड़िता की आर्थिक सहायता व दवाओं की व्यवस्था भी कि है।

बाजारखाला पुलिस के इस आत्मिक प्रयास की हर ओर चर्चा हो रही है। एसएचओ ने बताया इस मामले में आगे जांच की जा रही है लड़की दलित है माँ बाप के निधन के बाद अपनी नाबालिग बड़ी बहन व छोटे भाई बहन के साथ झोपड़ी बना कर रह रही है। इन्स्पेक्टर बाजारखाला ने कहा पीड़िता का हम पूरा ख्याल रख रहे हैं। वह अभी बलरामपुर अस्पताल में उपचारधीन है चिकित्सकों से लगातार हमारा सम्पर्क बना है।

# इंदारा रेलवे क्रॉसिंग पर बनेगा ओवरब्रिज : शर्मा

समृद्धि न्यूज।

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के प्रयासों से मऊ जिले को एक और बड़ी सौगात मिली है।

श्री शर्मा ने केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर मऊ-मधुबन यानि शहीद मार्ग पर इंदारा रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनाने के लिए आग्रह किया था। जिसका संज्ञान लेते हुए रेल मंत्री ने मंजूरी दे दी है। श्री शर्मा ने रेलमंत्री को धन्यवाद देते हुए मऊ जनपदवासियों को भी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। श्री शर्मा के प्रयासों से मऊ के विकास में लगातार वृद्धि हो रही है। पिछले दो साल के कार्यकाल में मऊ जिले को 3 प्रमुख रेलगाड़ियां मिली हैं जिसमें मऊ से दिल्ली, मऊ से मुंबई और हालही में दोहरीघाट से मऊ के लिए एक मेमू ट्रेन भी शुरू की गयी। वहीं दो दिन पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा मऊ की परदहा कॉटन मिल की 85 एकड़ अनुपयोगी जमीन पर औद्योगिक संकुल की स्थापना का शिलान्यास किया गया, श्री शर्मा काफी समय से प्रयास कर रहे थे। अब मऊ की जनता को जाम के झाम से मुक्ति दिलाने के लिए मंत्री श्री शर्मा द्वारा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर जिले को बेहतर रेल सुविधाओं से जोड़ने के लिए हार्दिक धन्यवाद करते हुए एक अतिआवश्यक कार्य के प्रति उनका ध्यान आकर्षित करने की बात कही थी। उन्होंने लिखा था कि मऊ जंक्शन के नजदीक ही इन्दारा जंक्शन स्थित है, इसपर कई तरफसे रेल लाईने जुड़ी हैं। यह जंक्शन अदरी नगर पंचायत के समीप ही स्थित है। कई महत्वपूर्ण लाईनों का जाल होने के कारण लगातार ट्रेनों का आवागमन होता रहता है, जिससे अदरी इन्दारा की यह रेलवे क्रासिंग घण्टों बन्द रखनी पड़ती है। अक्सर फाटक बंद होने तथा रेल पटरी का जाल होने से इन्हें पार करके अदरी से मऊ आने के रोड पर भारी जाम की समस्या हो जाती है। वर्तमान रेल लाईनों के अतिरिक्त हाल ही में शुरू की गयी दोहरीघाट रेल लाईन एवं रसड़ा की तरफ जाने वाली लाईन के दोहरीकरण के चलते भविष्य में इस मार्ग पर ट्रेनों का आवागमन और भी बढ़ने वाला है।



# समीक्षा-सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा संपन्न

- परीक्षा के दृष्टिगत एसपी ने शहर क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर परीक्षा में लगे पुलिस कर्मियों को दिए दिशा-निर्देश



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

रविवार को पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा/सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा के दृष्टिगत शहर क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों फकरूद्दीन अली अहमद राजकीय इण्टर कालेज, सेंट थॉमस स्कूल व टॉमसन इण्टर कालेज आदि का भ्रमण कर वहां की स्थिति का जायजा लिया गया तथा परीक्षा में लगे पुलिस बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। महोदय द्वारा परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु परीक्षा से पूर्व ड्यूटी पर लगे समस्त अधि./कर्मचारियों के साथ वर्चुअल मीटिंग की गयी थी। मीटिंग के दौरान महोदय द्वारा बताया गया कि प्र.नि./थानाध्यक्ष आवंटित परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमणशील रहकर दोनों पालियों में संपन्न होने वाली परीक्षा को शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखते हुए सम्पन्न करना सुनिश्चित करेंगे अगर किसी परीक्षा केन्द्रो पर ड्यूटी में लगाये गये पुलिस बल के अतिरिक्त अन्य पुलिस बल की आवश्यकता प्रतीत होती है तो सम्बन्धित थानों से पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे , साथ ही स्वाट/सर्विलांस टीम को भी संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए परीक्षा की पारदर्शिता भंग न होने हेतु निर्देशित किया गया।

परीक्षा संपूर्ण होने पर जिला विद्यालय निरीक्षक से दूरभाष पर जानकारी मांगी गई तो उन्होंने बताया कि प्रथम पाली में 8255 छात्र उपस्थित तथा 3361 छात्र अनुपस्थित कुल परीक्षार्थियों की संख्या 11616 एवं द्वितीय पाली में उपस्थित परीक्षार्थी 8211 अनुपस्थित 3405 कुल परीक्षार्थी 11616 मौजूद थे परीक्षा शांतिपूर्ण सकुशल संपन्न हो गई कहीं से भी किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं मिली है।

# मसूद सर्व समाज के नेताः पंडित राजेश मिश्रा

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव परसपुर से सदस्य जिला पंचायत पंडित राजेश मिश्रा का आज पूर्व लोकसभा प्रत्याशी मसूद आलम खान के घर आगमन हुआ मसूद आलम खान ने पंडित राजेश मिश्रा जी का घर पर माल्यार्पण कर स्वागत किया।

इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए पंडित राजेश मिश्रा ने कहा कि मसूद आलम खान जनपद गोंडा में हिंदू मुस्लिम भाईचारा के प्रतीक हैं और गंगा जमुनी तहजीब के ध्वजवाहक हैं श्री खान ने हमेशा धर्म जाति से ऊपर उठकर लोगों की गरीबों की,कमजोरों की वंचितों की पीड़ितों की मदद की है व समाज के दबे कुचले लोगों के सहारा बने हैं मसूद ने हमेशा हिंदू मुस्लिम भाईचारे की मिशाल पेश की है चाहे वह कजरी तीज के अवसर पर वर्ष 2011 में करनैलगंज से लेकर के पृथ्वीनाथ मंदिर तक 37 किलोमीटर सड़क की मरम्मत हो चाहे वह करनैलगंज बाबा बरखंडी नाथ मंदिर के सौंदरीकरण का मामला हो चाहे वह बालपुर में बाबा भग्गूनाथ स्थान का जीर्णोधार का मसला हो चाहे वह कजरी तीज में पंडाल लगाकर के कांवरियों की सेवा करने का हो चाहे वह होली से पहले सद्भाव समागम करके हजारों गरीब हिंदू परिवारों को कपड़े मिठाइयां उपहार देने का मामला हो चाहे वह दिवाली से पहले गरीब बच्चों के बीच खुशियां बांटने का हो चाहे रमजान या ईद हो मसूद खान लोगों के बीच खुशियां बांटते हैं। कोरोना काल में मसूद भाई ने जिस तरह से पूरे जनपद में लोगों की मदद की को बहुत ही सराहनीय रहा मण्डल स्तर पर मसूद खान द्वारा मेघावी बच्चों का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है मसूद आलम खान पूरे देवीपाटन मंडल हिंदू मुस्लिम भाईचारे के लिए जाने जाते हैं मसूद खान सर्व समाज के नेता है पण्डित राजेश मिश्रा ने मसूद आलम खान को शुभकामनाएं दीं।

# रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला शव शिनाख्त में जुटी पुलिस

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत गोंडा-लखनऊ रेल खंड पर मैजापुर के समीप एक अज्ञात व्यक्ति का क्षत विक्षत शव संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला है। स्टेशन अधीक्षक की सूचना पर पहुंची हलधरमऊ चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे मोर्चरी में रखवा दिया है?। प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि शनिवार की देर रात सूचना मिली कि गोण्डा कचहरी खंड डाउन लाइन 672/10 किमी पर एक व्यक्ति की ट्रेन दुर्घटना में मौत हो गयी है?। इस सूचना पर तत्काल हलधरमऊ चौकी प्रभारी को मौके पर भेजा गया। ट्रेन की चपेट में आने से मृतक का शव क्षत विक्षत हालत में था और शव के टुकड़े रेल ट्रैक पर बिखरे पड़े थे। कपड़े भी चीथड़े में तब्दील हो चुके थे। इसलिए मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव का पंचनामा भरकर उसे मोर्चरी में रखवा दिया गया है? मृतक के शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# जैनस इनीशिएटिव्स संस्था का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



आनंदपुर सत्संग आश्रम में सिंध समाज द्वारा बहराइच रोड गोंडा में लगाया गया जिसमें 1230 की संख्या में मरीज को स्वास्थ्य संबंधित परामर्श के साथ-साथ ई सी जी एवं कई ब्लड की जांच निश्शुल्क कराई गई मुख्य अतिथि के रूप में आए श्रावस्ती सीएमओ एपी सिंह ने शिविर संबोधन करते हुए आम जनों को संस्था के प्रयास का स्वास्थ्य के क्षेत्र में इन्होंने जरूरत मंद लोगों के लिए शिविर लगाया गया है जो पूर्ण सराहनीय कार्य हैं।

चरक हॉस्पिटल लखनऊ से हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज कुमार श्रीवास्तव ने शिविर में आये हुए लोगों को अपने संबोधन में कहा हृदय रोग से बचने के लिए कम से कम 45 मिनट व्यायाम एवं मॉर्निंग वॉक करना चाहिए खाने में नमक व तेल का सेवन कम करें घी मक्खन तले हुए पदार्थ मांस का सेवन बहुत ही सीमित एवं वसायुक्त मसालेदार व्यंजन से बचना चाहिए। इस निशुल्क में अहम भूमिका निभाने वाले दंत रोग विशेषज्ञ डॉ पीयूष रंजन ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ मुख एवं दंत स्वास्थ्य पर भी लोगों को ध्यान रखना चाहिए, प्रत्येक माह टूथब्रश बदलना चाहिए व बिना चिकित्सक की सलाह लिए कोई भी मेडिकेटेड टूथपेस्ट नहीं करना चाहिए और दोनों तरफ़ से भोजन करना चाहिए। शिविर में डॉ ए के उपाधाय ने स्वास व मधुमेह रोग का रिश्ता मानसिक परेशानियों से कैसे जुड़ता है इसका बोधन आमजनों से किया।

जांच शिविर में डॉ पंकज कुमार श्रीवास्तव, डॉ आलोक अग्रवाल,डॉ पीयूष रंजन, डॉ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ डीके राव नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ पुनीत श्रीवास्तव डॉ किरण राव डॉ गुंजन भटनागर एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर घनश्याम गुप्ता अखिलेश गुप्ता मो आरिफ खान ने अहम भूमिका निभाई व आम जनों में बीमारी व अवस्था की जानकारी प्रदान की इसके अलावा श्री चित्रगुप्त सभा गोंडा रेड क्रॉस सोसाइटी सिंधी समाज का अहम योगदान रहा।

# भूमि विवाद में चाचा ने भतीजे पर भाले से किया हमला, घायल

**परसपुर/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

स्थानीय थाना क्षेत्र के शुक्लनपुरवा दुबाई गांव में रविवार को भूमि विवाद को लेकर चाचा ने भतीजे पर भाले से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल भतीजे को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित ने आरोपी चाचा सहित तीन लोगों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मिली जानकारी के मुताबिक परसपुर थाना क्षेत्र के शुक्लनपुरवा दुबाई गांव के रहने वाले राम दयाल शुक्ला के मुताबिक जमीन बंटवारे को लेकर उसका अपने चाचा से विवाद चल रहा है?। आरोप है कि उसके पिता की मृत्यु के बाद उसके चाचा बंटवारे में सीनाजोरी कर रहे हैं और उसके परिवार को परेशान कर रहे हैं। इसी विवाद को लेकर रविवार की सुबह उसके चाचा ने उस पर भाले से हमला कर दिया। भाला उसकी पीठ में घुस गया और वह घायल हो गया। भाई शिवदयाल बचाने दौड़ा तो उसे भी लाठी डंडे से जमकर पीटा।

वारदात को अंजाम देकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग खड़े हुए। घायल राम दयाल को इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित रामदयाल ने विपक्षी गण संतोष शुक्ला,विशंभर व नानमून के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी शेष मणि पाण्डेय ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

# परिवार को बंधक बनाकर नकदी व जेवरात ले गए बदमाश



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के भकला गोपालपुर गांव में देर रात को आठ से 10 की संख्या में बदमाश पहुंच गए। सभी ने परिवार के लोगों की पिटाई कर बंधक बनाया। इसके बाद घर में लूटपाट की। पुलिस ने गांव पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। रामगांव थाना क्षेत्र में भी अपराध बढ़ने लगी हैं।थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भकला गोपालपुर के मजरा महरी में आठ से दस की संख्या में रात एक बजे बदमाश पहुंच गए। सभी ने गांव निवासी ननकऊ सिंह के घर में घुसकर परिजनों से मार-पीट शुरू कर दी। इसके बाद सभी एक कमरे में बंद कर दिया। फिर आलमारी तोड़ कर गृहस्थी के साथ नकदी पर हाथ साफ कर दिया।बदमाशों के हमले में ननकाऊ सिंह की पत्नी ननका देवी और बेटा भी घायल हुआ है। सुबह घटना की जानकारी थाने में दी गई। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने पुलिस टीम के साथ पहुंच कर जांच की। इसके बाद सीओ महसी अनिल कुमार सिंह ने गांव पहुंचकर जांच की। सीओ ने घायल महिला और परिवार के अन्य लोगों का बयान दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि केस दर्ज कर किया जा रहा है।

**परिवार की संलिप्तता**

गांव निवासी जिस ग्रामीण के यहां घटना हुई है। उसकी पत्नी आठ माह से मायके में है। बच्चे भी पति के पास है। ऐसे में शुरुआती जांच में उधर से ही घटना को अंजाम देने की बात सामने आ रही है। फिलहाल जांच चल रही है।

**अनिल कुमार सिंह सीओ**

## खबरें एक नजर में

### फूड मोहल्ला रेस्टोरेंट का हुआ भव्य उद्घाटन



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** स्टेशन रोड स्थित काली भवानी मंदिर के समीप फूड मोहल्ला रेस्टोरेंट का हुआ उद्घाटन गुरूद्वारा दुख निवारण साहिब के प्रधान हरजीत सिंह छाबड़ा और बहन हरविंदर कौर ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।अजीत सिंह सलूजा, चरनजीत सिंह सलूजा, रेडक्रास सोसायटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और रेस्टोरेंट के ओनर जसपाल सलूजा,महेन्द्र सिंह छाबड़ा तरनजीत सिंह,अजीत पाठक,विक्की सिंह, रितेश अग्रवाल,अनिल श्रीवास्तव,अतुल श्रीवास्तव,के बी सिंह,अविनाश मिश्रा कौशल मनी त्रिपाठी, राजेश दीक्षित, एवं रेडक्रास सोसायटी के सभी पदाधिकारीगण और अन्य लोग मौजूद रहे।

### परीक्षा केन्द्रों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जनपद में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी आदि (प्रा.) परीक्षा-2023 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने प्रथम पाली में श्याम लाल इण्टर कालेज पहाड़ा पक्कल कल्पीपारा कालोनी, सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल भिनगा रोड एवं राजकीय इण्टर कालेज परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर सम्पन्न करायी जा रही परीक्षा का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्र पर स्थापित कन्ट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरे की क्रियाशीलता का स्वयं गहनता से परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र व्यवस्थापकों व स्टेटिक्क मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार मंशानुरूप शुचिता पूर्ण माहौल में नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न करायी जाय। परीक्षा के प्रथम पाली में 6497 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 4823 अभ्यर्थी उपस्थित रहे तथा 1674 अनुपस्थित रहे।

### फखरपुर थानाध्यक्ष हुए लाइन हाजिर

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** डीआईजी की नाराजगी की गाज फखरपुर थानाध्यक्ष ऊपर गिर गई। एसपी ने थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर कर दिया है। बहराइच में बढ़ रहे अपराध को लेकर डीआईजी देवीपाटन मंडल एपी सिंह ने शनिवार को जिले का दौरा किया था।जिला अस्पताल में भर्ती घायल युवती से हाल जाना। मौजूद लोगों ने फखरपुर थानाध्यक्ष अनुज कुमार त्रिपाठी की लापरवाही की शिकायत की थी। साथ ही कोर्ट में केस चलने और पुलिस की मौजूदगी में खेत की जुताई करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने एक पक्ष से केस दर्ज कर लिया था।इसके बाद एसपी वृंदा शुक्ला के निर्देश पर दूसरे पक्ष पर भी केस दर्ज किया था। इन सब मामलों को लेकर डीआईजी काफी नाराज हो गए। डीआईजी ने खुले में खराब कानून व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई थी। इसके बाद वह शाम को वापस चले गए।

# जमीनी विवाद में युवक को मारी गोली, लखनऊ रेफर

**पुलिस ने साले बहनोई पर दर्ज किया केस, एसपी ने घटना का लिया जायजा**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जनपद के मझरा गांव निवासी युवक पर शनिवार देर शाम को साले बहनोई ने जमीनी विवाद में तमंचे से फायरिंग कर दी। जिससे युवक घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल से लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। एसपी ने घटना स्थल का भी निरीक्षण किया है। कोतवाली मुर्तिहा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझरा निवासी अनीस पुत्र मोहम्मद शरीफ का जमीनी विवाद गांव निवासी मनीराम से चल रहा है। शनिवार शाम सात बजे के आसपास अनीस गांव से निकल रहा था। पहले से घात लगाए बैठे मनीराम ने अपने साले बाबू राम निवासी नौबना गांव की मदद से घेर लिया। इसके बाद अवैध तमंचा से अनीस पर फायरिंग कर दी। जिससे अनीस गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे आसपास के लोगों की मदद से सीएचसी मोतीपुर पहुंचाया गया।यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में भी इलाज के दौरान हालत में सुधार न होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। एसएसआई गजेंद्र पांडे के साथ घायल को लखनऊ भेजा गया है।उधर कोतवाल अमितेंद्र कुमार ने घटना की जानकारी एसपी वृंदा शुक्ला को दी। एसपी ने रात में ही घटना स्थल का निरीक्षण किया। कोतवाल ने बताया कि पिता की तहरीर पर दो लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। जल्द ही आरोपी पकड़े जाएंगे। कोतवाल ने बताया कि छर्रे छूकर चले गए हैं। अब इलाज के बाद सेहत में सुधार है।

## कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा का हुआ शुभारंभ



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** भव्य कलश यात्रा के साथ नव दिवसीय श्री राम कथा का शुभारम्भ हुआ। मेरठ से पधारे परम पूज्य गुरुदेव मधुकर भैया के मुखार बिंदु से नव दिवसीय श्री राम कथा का शुभारंभ हुआ। जरवल विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बीबीपुर के बरवालिया श्री राम जानकी हनुमान मन्दिर पर आयोजित श्री राम कथा की अमृत वर्षा मानस मे अयोध्या की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हो गयी। भव्य कलश यात्रा श्री राम जानकी हनुमान मन्दिर से निकल कर पतित पावनि माँ सरयू तट पहुंची जंहा पर विधिवत पूजन अर्चन के बाद मुख्य यजमान सहित सभी भक्तों ने कलश मे जल भर कर नाचते गाते हुए पुनः श्री राम जानकी हनुमान मन्दिर पहुँचे।

# जूते की दुकान में लगी आग लाखों का हुआ नुकसान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

- आसपास के मकान आए चपेट में, दमकल कर्मियों ने पाया आग पर काबू

शहर के सिविल लाइन में स्थित जूता की दुकान में रात 11 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। सीसीटीवी फुटेज में आग देख लोग मौके पर पहुंचे। दमकल विभाग को सूचना दी गई। लेकिन जब तक आग बुझाया जाता, तब तक पूरी दुकान जलकर राख हो गई।कोतवाली देहात इलाके के इंदिरा स्टेडियम के निकट देर रात जूते की दुकान में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई।

देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। भीषण आग से दुकान जलकर राख हो गई। वहीं उसमें रखा लाखों का माल भी जलकर राख हो गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के तीन वाहनों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस आग से लाखों के नुकसान ही आशंका जताई जा रही है।दुकान संचालक अंसार अहमद का कहना है कि वह दुकान बंद खाना खाकर दुकान से निकले थे कि कुछ वक्त बाद उन्हें सूचना मिलती है कि उनकी दुकान में आग लग गई उनका कहना है। तकरीबन 15 लाख का माल जलकर राख हो गया है। हालांकि इस हादसे में किसी भी प्रकार की जगह नानी की सूचना नहीं प्राप्त हुई है। इस संबंध में फायर सर्विस चालक सरफराज हसन खान ने बताया कि घटना की सूचना पककर तत्काल मौके पर हमारी टीम ने पहुंचकर आग पर काबू पाया है।

# चैन लिंक फेंसिंग कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

- लैब टेस्टिंग के लिए एकत्र कराए ईंट व मसाले के नमूने बैराज की कार्यप्रणाली से हुई रूबरू

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार अन्तर्गत मानव एवं वन्य जीव संघर्ष पर प्रभावी अंकुश तथा वन्य जीवों एवं वन सम्पदा की सुरक्षा हेतु रू. 23 करोड़ से अधिक धनराशि से लगभग 75 कि.मी. लम्बाई के चैन लिंक फेंसिंग कार्य का जिलाधिकारी मोनिका रानी निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य को शासन द्वारा निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ ससमय पूर्ण कराया जाय।उल्लेखनीय है कि शनिवार को मिहींपुरवा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान डीएम मोनिका रानी ने वन क्षेत्र कतर्नियाघाट में गिरिजापुरी बैराज के निकट निर्माणाधीन चैन लिंक फेंसिंग कार्य का निरीक्षण करते हुए कार्य की गुणवत्ता का जायज़ा लिया तथा निर्माण कार्य में प्रयुक्त किये जा रहे ईंट व मसाले के नमूने को संग्रहीत करवाकर लैब टेस्टिंग के लिए लोक निर्माण विभाग की प्रयोगशाला भिजवाये जाने के निर्देश दिये।

**गिरिजापुरी बैराज का डीएम ने किया निरीक्षणः** मिहींपुरवा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने गिरिजापुरी बैराज का भ्रमण कर वाटर कलेक्शन व वाटर डिस्चार्ज की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की। बैराज के निरीक्षण के दौरान सिंचाई खण्ड शारदानगर, लखीमपुर खीरी के अवर अभियन्ता नितिन कुमार ने डीएम को बताया कि गिरिजा बैराज के शारदा सहायक योजक नहर की गहराई 4.10 मीटर है तथा गेटो की संख्या 14 है। गिरिजा बैराज के माध्यम से शारदा सहायक नहर 16 जिलों को पानी उपलब्ध कराती है।

# एसीएल को बेहतर कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए मिला प्रदेश में पहला स्थान

**ग्रामीण क्षेत्र में कंप्यूटर शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सम्मानित हुए केन्द्र निदेशक अजीत दीक्षित**




**कर्नलगंज/गोण्डा समृद्धि न्यूज़।**

ग्रामीण इलाकों में बेहतर कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये करनैलगंज गोण्डा में आरजीसीएसएम स्किल्स कोटा द्वारा संचालित कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र एकेडमी आफ कम्प्यूटर लर्निंग को उत्तर प्रदेश के तहसील स्तरीय केन्द्रो में प्रथम स्थान प्रदान किया गया है। लीडरशिप एक्सलेंसी अवार्ड 2023 के नाम से मिले इस अवार्ड को एसीएल कम्प्यूटर सेंटर के केन्द्र निदेशक अजीत प्रताप दीक्षित व चेयर पर्सन मालती दीक्षित को शुक्रवार को कोटा राजस्थान में आयोजित एक समारोह के दौरान प्रदान किया गया।

अवार्ड प्राप्त कर लौटे केन्द्र निदेशक ने बताया कि आरजीसीएसएम स्किल्स के करीब 3 हजार से अधिक केन्द्र पूरे भारत में संचालित है। अब तक इन केन्द्रों में कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर लाखों छात्र- छात्राएं सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में रोजगार पा चुके हैं। संस्था भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित रोजगार परक कोर्सों को संचालित कर सरकार के विकसित भारत वाले सपने को साकार करने में अपना योगदान कर रही है। प्रति वर्ष सम्पूर्ण भारत में संचालित केन्द्रों के कार्यो का आंकलन कर उनके गुणवत्ता के आधार पर सम्मानित किया जाता है। विगत शुक्रवार को कोटा राजस्थान में आयोजित समारोह में जब प्रदेश स्तरीय सम्मान के लिये गोण्डा जनपद के करनैलगंज में संचालित एसीएल कम्प्यूटर के केन्द्र निदेशक अजीत दीक्षित का नाम पुकारा गया तो वहां पूरे भारत से आये केन्द्र निदेशकों की तालियों से पूरा समारोह हाल गूंज उठा। इस मौके पर आरजीसीएसएम के चेयरमैन डाक्टर केपी सिंह, प्रसिद्ध उद्योगपति एंव समाजसेवी बलबीर सिंह सिसौदिया व प्रीतम गोस्वामी ने अपने हाथों से श्री दीक्षित को अवार्ड व निदेशक पुरूस्कार प्रदान करते हुए जनपद गोण्डा के लिये एक उपलब्धि बताया।

गोस्वामी ने कहा कि धीरे-धीरे जैसे जैसे नई तकनीकी पैदा हो रही है वैसे वैसे पुराने रोजगार के अवसर खत्म हो रहे हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि लोगों के लिये काम नहीं है। बदलते इस परिवेश के साथ परम्परागत रोजगारों की जगह कम्प्यूटर में पारंगत होना होगा। तभी रोजगार के अवसर मिलेंगें। चेयरमैन डाक्टर केपी सिंह ने केन्द्र निदेशक श्री दीक्षित को बधाई देते हुए कहा कि यह सभी के लिये गौरव की बात है कि यूपी में गोण्डा जैसे जनपद में ऐसा केन्द्र संचालित है। जो हुनर है तो कदर है की तर्ज पर कार्य कर रहा है। रविवार को अवार्ड प्राप्त कर करनैलगंज लौटे केन्द्र निदेशक अजीत दीक्षित का जोरदार स्वागत किया गया। एसीएल कम्प्यूटर के वरिष्ठ प्रशिक्षक रमेश पाण्डेय ने इसे संस्था के लिये एक बड़ी उपलब्धि बताया है। इस मौके पर वी.पी. पाण्डेय, गुफरान अंसारी, विष्णु शुक्ला, सौरभ गुप्ता, अनुराग मिश्रा, अजय मौर्य, रोहित यादव, शहजादी कुरैशी व नरगिस बानों ने खुशी जताते हुए बधाई दिया। संस्था के उप केन्द्र निदेशक शुभम दीक्षित ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अपना सहयोग व आर्शीवाद बनाये रखने की अपील की।

**वर्ष 2024 में 700 प्रशिक्षुओं को मिलेगा कम्प्यूटर प्रशिक्षणः अजीत दीक्षित केन्द्र निदेशक**

एसीएल के केन्द्र निदेशक अजीत दीक्षित ने बताया कि वर्ष 2024 में संस्था द्वारा 700 प्रशिक्षुओं को कम्प्यूटर में पारगंत कर रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य है। इसके लिये केन्द्र को नये भवन जो कि लखनऊ मार्ग हुजूरपुर मोड़ सीएचसी तिराहे पर स्थित है,में शिफ्ट कर एकेडमी को आधुनिक संसाधनों व साज-सज्जा से लैस कर दिया गया है।

# हिस्ट्रीशीटर ने घर में छात्र को बनाया बंधक, खेत में मिला घायल छात्र

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



मटेरा थाना क्षेत्र के धोबिया पुरवा गांव निवासी इंटर फर्स्ट ईयर का छात्र 29 जनवरी को कोचिंग के लिए घर से निकला था। इसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चला। उसे एक हिस्ट्रीसीटर ने रंजिश में बंधक बनाकर रखा था।आरोपी ने उसकी पिटाई भी की रात में उसे खेत पर छोड़ दिया। इसके बाद परिवार के लोगों को छात्र के खेत पर पड़ा होने की जानकारी दी परिवार के लोग छात्र को लेकर घर आए थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने मुकदमा ही दर्ज नहीं किया।जिले के मटेरा थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है।मटेरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भौखारा के मजरा धोबियनपुरवा गांव निवासी रामस्वरूप चौधरी (17) पुत्र रामचंद्र प्रसाद इंटर फर्स्ट ईयर का छात्र है। पिता रामचंद्र प्रसाद का कहना है कि 29 जनवरी को बेटा सुबह सात बजे मटेरा में कोचिंग के लिए पढ़ने निकला था। लेकिन उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला उसने थाने पर तहरीर दी पुलिस ने गुमसूदगी का मुकदमा भी दर्ज नहीं किया। इस पर परिवार के लोग खुद दिन में लग रहे रामचंद्र प्रसाद का कहना है कि शुक्रवार रात 10 बजे के बाद उनके मोबाइल पर फोन आया और बेटे के खेत में मार कर फेंके जाने की सूचना मिली। इस पर वह रात में ही परिवार के लोगों के साथ तलाश शुरू की तलाशी के दौरान खेत में बेटा बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। घर आने पर बेटे ने पूरी वारदात बताई।छात्र रामस्वरूप का कहना है कि उसे गांव निवासी बालवीर और भूसा यादव सड़क मार्ग से अपहरण कर ले गए थे। इसके बाद उसे अपने ही मकान में बंधक बनाकर रखे थे। आवाज करने पर उसकी पिटाई भी किया करते थे। परिवार के लोगों की ज्यादा खोजबीन पर उसे रात में पिटाई कर खेत में छोड़ दिया गया। पिता का कहना है कि इसमें आरोपी हिस्ट्रीसीटर है। रामचंद्र प्रसाद ने शनिवार सुबह थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी उसका कहना है कि थानाध्यक्ष ने कहा कि तुम्हारा बेटा मिल गया है अब वापस जाइए मुकदमा लिखने की कोई जरूरत नहीं है। इस पर उसने डीआईजी एपी सिंह से शिकायत की। डीआईजी ने नाम नोट कर कार्यवाई का आश्वासन दिया है। वहीं इस मामले में एसपी वृंदा शुक्ला को फोन लगाया गया तो उनके पीआरओ ने फोन उठाया। जांच की बात कह कर फोन रख दिया।

**छात्र के नाम से निकलवाया सिम**

आरोपियों ने बंधक बनाए गए छात्र के पहचान पत्र से सिम खरीद लिया इसके बाद इस सिम से शुक्रवार रात को उसके पिता को फोन कर बेटे के खेत में पड़े होने की सूचना दी इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि अपराधी कितने खतरनाक हैं।

# स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का बजट सिर्फ कागजों तक सीमित

- जिला अस्पताल के दो दो शव वाहन बने शो पीस
- विभागीय अधिकारियों की मनमानी की वजह से मरीज आए दिन लुटता नजर आता है

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

सुबे के मुखिया महंत योगी आदित्यनाथ के द्वारा लगातार संबंधित जिम्मेदारों को निर्देशित किया जाता है कि सरकारी जो भी योजनाएं हैं उनसे कोई भी अछूता न रहे सरकार स्वास्थ्य सेवा और विकास को लेकर लगातार कार्य कर रही है। स्वास्थ्य व्यवस्था लोगों के जीवन से जुड़ी हुई है जिसको लेकर उपमुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक के द्वारा लगातार व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने का कार्य उनके द्वारा किया जा रहा है स्वास्थ्य सेवाओं से कोई वंचित ना रहे।

जिसको लिखकर लगातार वह आवश्यक निरिक्षण के माध्यम से स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जांच भी करते हैं मगर विभागीय अधिकारियों की लापरवाही की वजह से सरकार और सरकारी योजनाओं पर प्रश्न चिन्ह खड़े हो रहे हैं जो कहीं ना कहीं वतानुकूलित कमरों में आरामदायक कुर्सी पर बैठे इन अधिकारियों की लापरवाही की भेंट चढ़ रहे हैं रायबरेली का जिला अस्पताल हमेशा से सुर्खियों में रहा है चाहे हो स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर या डॉक्टर के द्वारा बाहर की दवाएं लिखने को लेकर या सफाई कर्मियों के द्वारा इंजेक्शन लगाने को लेकर ऐसे कई वीडियो कई मौके पर वायरल होते रहे हैं विभागीय अधिकारियों की मनमानी की वजह से मरीज आए दिन लुटता नजर आता है।

### जरूरतमंदों के लिए शोपीस बना शव वाहन

जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ने वाले मरीजों का शव घर तक ले जाने के लिए शासन ने जिला अस्पताल को दो शव वाहनों को मुहैया कराया है। अस्पताल में मरीज की मौत के बाद जरूरतमंदों के लिए यह शव वाहन सिर्फ शोपीस बनकर रह गए हैं। अपनों को खोने का दर्द झेल रहे परिवार को शव वाहन के लिए नियमों की इबारत दिखाई जाती है। मजबूरन पीड़ित परिवार अस्पताल परिसर में अवैध रूप से शव ढोने वाले वाहनों के सहारे शव को ले जाते हैं। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ परेशानी का भी सामना करना पड़ता है।

### हां...शव वाहन है मगर खराब पड़े है: सीएमएस

जिला अस्पताल से लगभग एक महीने में शव वाहन खराब पड़े हैं जिसके चलते जरूरतमंदों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। मजबूरी वश लोगों को शव को ले जाने के लिए निजी वाहन मनमाने रेट पर लेना पड़ रहा है। शव वाहन का पुन- परिचालन हो इस दिशा में अस्पताल प्रबंधन कोई रुचि नहीं दिखा रहा है। शव वाहन का परिचालन ठप होने से सबसे अधिक गरीब तबके के लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ती है। ऐसे लोगों को परिजनों की मौत होने के बाद वाहन के लिए यहा-वहा चक्कर काटते हुए निजी वाहन का जुगाड़ करते अक्सर देखा जा सकता है।



मेरी दादी की मृत्यु को गई है। जिला अस्पताल मे पता करने पर पता चला की शव वाहन खराब पड़ा हुआ है। मजबूरी मे शव को ई-रिक्शा या किसी अन्य निजी वाहन से ले जाना पड़ेगा।

**जयनेंद्र कुमार**
**मृतक के परिजन**



जिला अस्पताल मे दो शव वाहन है दुर्भाग्यवश दोनो इस समय खराब है एक शव वाहन सीएओ द्वारा रेगुलेट होता है और एक हमारा है। दोनो शव वाहन जिला अस्पताल में ही रहते हैं। दोनो शव वाहन फोर्ड कंपनी के है जिसको बनने के लिये कंपनी भेजा गया है उम्मीद है की एक सप्ताह मे बनकर आ जाएगा।

**डॉ महेंद्र मौर्य**
**सीएमएस रायबरेली**

## रफ्तार के कहर में एक घायल, अस्पताल रेफर

**बछरावां, रायबरेली।** बीते शनिवार की देर शाम थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुरूवा हनुमान मंदिर के पास खड़े ट्रक में एक कार जा घुसी, जिसमें कार सवार बुरी तरह जख्मी हो गया जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि कार सवार संदीप उम्र 46 वर्ष पुत्र सूर्य प्रकाश निवासी पीजीआई लखनऊ रायबरेली के जगतपुर की एसबीआई शाखा में कैशियर के पद पर कार्यरत थे, वह देर शाम अपनी ड्यूटी से अपने घर जा रहे थे, तभी चुरूवा हनुमान मंदिर के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक में जा घुसीद्य सूचना पर पहुंची भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की एंबुलेंस के द्वारा उनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां पर उनका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार अधेड़ को मारी टक्कर

**शिवगढ़, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

अनियंत्रित निजी बस ने बाइक सवार अधेड़ को मारी जोरदार टक्कर जिससे अधेड़ हुआ गंभीर रूप से घायल राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायल अधेड़ को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया गया जहां मौजूद चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल में रेफर कर दिया जानकारी के मुताबिक रविवार की शाम शिवगढ़ महाराजगंज संपर्क मार्ग निकट कोटवा गांव में स्थित भैषेश्वर मंदिर के पास शिवगढ़ से महराजगंज की ओर जा रही तेज रफ्तार निजी बस (चौधरी बस सर्विस) की बस वाहन संख्या यूपी 15 एफटी 8360 ने शिवगढ़ की ओर से जा रहे बाइक सवार अधेड़ पंकज गुप्ता पुत्र रामदेव गुप्ता निवासी मलिकमऊ रायबरेली की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायल को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया गया जहां मौजूद चिकित्सकों ने अधेड़ की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया वहीं इस मामले में जानकारी देते हुए सीएचसी शिवगढ़ के ईएमओ डॉ अनिल कुमार ने बताया कि एंबुलेंस के द्वारा घायल अवस्था में एक अधेड़ को लाया गया था जिसका दाहिना पैर फैक्चर था उसका प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# बदहाल मार्ग की मरम्मत न होने से ग्रामीणों में रोष

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मुख्य संपर्क मार्ग वर्षों से जर्जर व बदहाल पड़ा हुआ है जिसको लेकर ग्रामीणों में सड़क की मरम्मत न होने से रोष व्याप्त है। जबकि योगी सरकार का कहना है कि कोई भी संपर्क मार्ग व मुख्य मार्ग नहीं रहेगी सभी सड़के गड्ढा मुक्त होनी चाहिए लेकिन इन आदेशों को दरकिनार कर यहां कार्य किया जा रहा है। आपको बता दे कि रायबरेली जनपद के सदर विधानसभा के ब्लाक राही ग्राम सिकंदरपुर के रहने वाले ग्रामीण रामचंदर, राम लखन, उदय सिंह, सुरेंद्र कुमार, राम सजीवन, सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा कि यह एक बार डामरीकरण किया गया था लेकिन तब से दोबारा इस पर मरम्मत नहीं करवाई गई है जिसकी वजह से कई वर्षों से यह सड़क जर्जर और बदहाल है।



इस सड़क पर शाम को चलना मुश्किल हो जाता है ग्रामीणों का कहना है कि राही ग्राम सभा से सिकंदरपुर ग्राम सभा को आने के लिए यही इकलौता मुख्य संपर्क मार्ग है। जबकि इसकी मात्रा दो से ढाई किलोमीटर की दूरी है जो पूरी तरह से जर्जर है जबकि यहां इस गांव में सदर विधायक का अदिति सिंह का आगमन होता है लेकिन फिर भी कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी आती रही और जाती रही लेकिन फिर भी इस रोड का मरम्मतीकरण नहीं किया गया है।गौरतलब है कि कुछ ही महीने बाद लोकसभा के चुनाव होने वाले हैं फिर वही दावे और वादे करके जनता से वोट लेकर उनके साथ छलावा किया जाता है।

# कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्यशाला आयोजित

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

ऊंचाहार विधानसभा के ब्लॉक जगतपुर के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं, ग्रामसभा अध्यक्ष,बूथ अध्यक्ष की कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रभारी पूर्व विधायक इंदल रावत ने कहा कि हमारा संगठन बहुत मजबूत है,इसे और मजबूत करने के लिए कांग्रेस सरकार के समय हुए विकास एवं कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुँचाना है एवं भाजपा सरकार की गलत नीतियों को बताना है।

प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने के लिए हम सभी को दिन रात मेहनत करना है,हमारा संगठन ही कांग्रेस की नीतियों को जन जन तक पहुंचा सकता है।श्री सिंह ने कहा कि गांव,गरीब,किसान,नौजवान का विकास सिर्फ कांग्रेस सरकार में ही संभव है।

रायबरेली का विकास गाँधी परिवार की देन है। श्री सिंह ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में सभी को भारी संख्या में राहुल गांधी जी से मिलने रायबरेली चलना है।

पूर्व ज़िलाध्यक्ष वी.के शुक्ला ने कहा सोनिया गाँधी जी रायबरेली के लोगों का बहुत ध्यान रखती है,सभी के सुख दुःख में हमेंशा उनका साथ रहता है। विधानसभा प्रभारी महेश शर्मा ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे सड़क एवं परिवहन मंत्री

- 15 फरवरी को केन्द्रीय मंत्री रायबरेली के लिए देंगे सौगात

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि 15 फरवरी को रायबरेली के राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें केंद्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा शिलान्यास किया जाएगा। उद्यान मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार एवं केंद्रीय मंत्री ने रायबरेली के लिए राजमार्ग परियोजनाओं की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि रायबरेली के विकास के लिये केन्द्रीय मंत्री नितिन गड़करी ने रायबरेली रिंग रोड फेज-2, रायबरेली-अयोध्या धाम, लखनऊ-प्रयागराज मार्ग के पराग डेयरी से आईटीआई मोड़ तक एलिवेटेड सड़क, सई नदी का पुल और फिरोजगांधी चौराहे से राजघाट तक बहुत सुन्दर आकर्षक डिवाइडरयुक्त सड़क की कई हजार करोड़ रूपये की परियोजनाओं स्वीकृति करना रायबरेलीवासियों के लिये गर्व की बात है।



### लोकसभा प्रभारी ने गाँव चलो अभियान में किया प्रवास

**रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा गांव चलो अभियान के तहत पूरे प्रदेश के साथ-साथ रायबरेली लोकसभा क्षेत्र में भी 4 फरवरी से 11 फरवरी तक यह अभियान चल रहा है। रायबरेली लोकसभा प्रभारी वीरेन्द्र तिवारी ने बताया कि गांव चलो अभियान के माध्यम से भाजपा द्वारा पूरे लोकसभा क्षेत्र में 4 फरवरी से 11 फरवरी तक प्रत्येक गांव तथा बूथ तक पहुंचकर व्यापक जनसंवाद का अभियान चल रहा है। जिसमें पंचायत एवं सहकारिता के जनप्रतिनिधि, जिला स्तर के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता तथा कार्यकर्ता गांव में प्रवास करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार की सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण की योजनाएं तथा विकसित भारत का विजन को गांव, मजरो, टीलो, चौपालो तथा बूथों पर चर्चा कर रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### निफ्टी में दो दिवसीय क्राफ्ट मेले का शुभारंभ



**रायबरेली।** निफ्टी रायबरेली में दो दिवस क्राफ्ट मेले की शुरुआत हुई मेले की शुरुआत रीजनल डायरेक्टर डीसी हैंडीक्राफ्ट्स रविंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित करके की, यह मेला 11 फरवरी से शुरू होकर 12 फरवरी तक चलेगा इस मेले में प्रदेश भर के 53 हस्तशिल्प एवं हैंडीक्राफ्ट के कारीगरों ने भाग लिया जिसमें सभी कारीगरों ने अपने हाथों से बनाए गए उत्पादों का प्रदर्शन किया इस मेले में निफ्ट के छात्र-छात्राओं के साथ जनपद के कई स्कूलों के स्कूली छात्र छात्राओं व आमजनों ने भी मेले में पहुंचकर उत्पादों की प्रदर्शनी को देखा।

### दुर्घटना में पत्रकार के बेटे की मृत्यु

**डलमऊ, रायबरेली।** सड़क दुर्घटना में घायल युवक का इलाज के दौरान मौत हो गई डलमऊ तहसील संवाददाता राजेश यादव के पुत्र आर्यन उम्र लगभग 22 वर्ष का शुक्रवार शाम को रायबरेली में एक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था देर रात हुए अज्ञात दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल किशोर को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों द्वारा इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया था शनिवार शाम को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई शुक्रवार शाम को आर्यन अपने अन्य साथी के साथ रायबरेली शहर से कहीं जा रहा था तभी उसके साथ अनहोनी घटना घाटी इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था ट्रामा सेंटर लखनऊ में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई मौत की घटना से पिता राजेश भाई आयुष माता एवं बहन का रो-रो कर बुरा हाल है।

### प्रधानाचार्य पर छात्र को मारने पीटने का लगाया आरोप

**डलमऊ,रायबरेली।** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र स्थित एक विद्यालय में आपस में विवाद कर रहे दो छात्रों को देखने के लिए पहुंचे कक्षा 7 के छात्र को विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा बेरहमी से गाल पर थप्पड़ मारने पर छात्र के कान का पर्दा फट जाने का आरोप लगाते हुए डार्गों कोटवारी में शिकायती पत्र देते हुए मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई शिकायती पत्र की जांच करने पहुंचे डलमऊ पुलिस द्वारा दोनों पक्षों में जबरन दबाव डालकर सुलह समझौता कराने का भी आरोप लगाया गया। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के कन्हा ग्राम निवासी तेज बहादुर यादव ने डलमऊ कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाते हुए बताया कि ग्राम स्थित एक विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा उनके 12 वर्षीय पुत्र दिव्यांश को अनायास कान पर जोरदार थप्पड़ मारा जिससे किशोर के कान का पर्दा फट गया यही नहीं घायल किशोर के पिता ने बताया कि शिकायत की जांच करने पहुंचे हलके के दरोगा द्वारा जबरन समझौता करा दिया गया जिसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से की जाएगी वहीं कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है विद्यालय में दो छात्रों के आपस में लड़ाई करने के चलते एक छात्र के कान में चोटे आई हैं और जांच के दौरान दोनों पक्षों ने आपसी समझौता कर लिया है।

# बाएफ द्वारा दिया गया मुर्गीपालन का प्रशिक्षण

- भूमिहीन तथा साधनविहीन परिवारों के लिए मुर्गीपालन आर्थिक स्थिति सुधारने में लाभकारी: डॉ. विनय कुमार सिंह

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

जनपद रायबरेली के विकास खण्ड डीह की ग्राम पंचायत गड़वा तथा गोविंदपुर में एचडीएफसी बैंक प्रायोजित बाएफ द्वारा संचालित आजीविका संवर्धन कार्यक्रम अंतर्गत मुर्गीपालन पर परियोजना आच्छादित गांवों के 65 भूमिहीन तथा छोटे किसानों को प्रशिक्षण दिया गया।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. विनय कुमार सिंह विषयवस्तु विशेषज्ञ बाएफ प्रयागराज द्वारा बताया गया कि भूमिहीन तथा साधनविहीन परिवारों के लिए मुर्गीपालन उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने में बहुत ही लाभकारी सिद्ध हो सकता है।

श्री डॉ. सिंह द्वारा किसानों को मुर्गीघर, मुर्गी स्वास्थ्य, मुर्गियों में होने वाली बीमारियां, बचाव हेतु टीकाकरण तथा मुर्गी पालन से होने वाली आय की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एटीपीई एस. के. दीक्षित, परियोजना अधिकारी सचिन कुमार सिंह, पशु प्रजनन केंद्र प्रभारी उमेश कुमार सिंह, जेपीसी आशीष सिंह, रविशंकर मिश्रा, दुर्गेश प्रताप सिंह, आदर्श यादव, फील्ड फैसिलेटर बृजेश, राकेश, राहुल, धर्मवीर, अमित, मनोज तथा परियोजना की समस्त गोट सखी सदस्यों द्वारा सराहनीय योगदान प्रदान किया गया।

## विद्यालय के वार्षिक उत्सव में बच्चों ने बांधा समां

**डलमऊ,रायबरेली।** डलमऊ कस्बे के प्रमुख शिक्षण संस्थान न्यू आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज मुराई बाग के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम चार चांद लगाते हुए लोगों को मंत्र मुक्त कर दिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़ और प्रबंधक किशोरी लाल यादव द्वारा मां सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया अपने वक्तव्य में कहा कि आज के युवा देश के भविष्य होते हैं और इनको अच्छी शिक्षा संस्कार देकर देश का भविष्य संवार सकते हैं इस प्रकार के कार्यक्रम से छात्र-छात्राओं में विभिन्न प्रकार की कलाओं को प्रस्तुत करने की क्षमता बढ़ती है विद्यालय के प्रबंधक किशोरी लाल यादव ने कहा कि विद्यालय से अच्छी शिक्षा प्राप्त कर छात्र-छात्राएं उच्च पदों पर अधीनस्थ होकर विद्यालय क्षेत्र और अपने परिवार का नाम रोशन करते हैं।

### सदन तक पहुंचा पीडब्ल्यूडी का बवाल

# पुलिस ने बताया आरोपी विधायक का प्रतिनिधि, विधायक ने किया खारिज

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

बीते दिनों शहर के गोरा बाजार स्थित पीडब्ल्यूडी परिसर में दिनदहाड़े टेंडर को लेकर एक ठेकेदार के साथ हुई मामूली मारपीट जिसमें ठेकेदार तो बच गया था लेकिन उसका वाहन छतिग्रस्त हो गया था। मामले में पीड़ित पक्ष की तरफ से कोतवाली पुलिस ने छ- अज्ञात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस की जांच में एक नीरज सिंह पुत्र राकेश सिंह का नाम प्रकाश में आया और आनन फानन पुलिस टीम ने नीरज सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया शेष बचे लोगों की पुलिस तलाश कर ही रही थी कि इसी बीच पुलिस के मुताबिक ऊंचाहार के सपा विधायक मनोज कुमार पांडे के कथित प्रतिनिधि पंकज सिंह का नाम प्रकाश में आया जिसके बाद पुलिस पंकज सिंह की गिरफ्तारी को लेकर दबिश दे दी हालांकि वह नहीं मिले लेकिन उनके रिश्तेदारों को पूछताछ के लिए पुलिस उठा लाई। लेकिन पुलिस की इस कार्यवाही में उस समय नया मोड़ आ गया जब मामला सदन में गूंज उठा।

दरअसल गौरीगंज के सपा विधायक राकेश सिंह ने सदन में मुद्दा उछालते हुए कहा कि रायबरेली की पुलिस गलत तरीके से लोगों को परेशान कर रही है। उन्होंने सदन में तर्क देते हुए कहा कि सांसद विधायक किसी को प्रतिनिध बनाता है तो इसका लेखा-जोखा जिला प्रशासन के पास होता है पुलिस बताएं कि उसके पास क्या साक्ष्य है। सदन से मांगी गई रिपोर्ट में पुलिस ने खेद प्रकट कर लिया।

# वित्त मंत्री ने भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय का किया उद्घाटन

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने कांग्रेस पर निशाना साधा। खन्ना बोले, चुनाव आ गया है। अब कांग्रेस में धीरे-धीरे सब किनारे लग जाएंगे। दरअसल, सुरेश खन्ना रविवार को रायबरेली दौरे पर थे। यहीं मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोला। योगी आदित्यनाथ की सरकार में वित्त, संसदीय कार्य विभाग के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने ये बातें कांग्रेस से निष्कासित प्रमोद कृष्णम से जुड़े सवाल के जवाब में कही। दरअसल, प्रमोद कृष्णम ने कहा था कि, कांग्रेस ने प्रियंका गांधी को किनारे लगा दिया है।

**रामलला के दर्शन के बाद रायबरेली पहुंचे मंत्री:** प्रमोद कृष्णम के बयान पर कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना से उनकी प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने कांग्रेस पर चुटकी ली। बोले, एक दिन कांग्रेस में सब किनारे लग जाएंगे। चुनाव आ गया है। उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी जी ने लोकसभा में कहा है कि इस बार भाजपा 370 के पार जाएगी और एनडीए 400 से ज्यादा सीट लेकर आएगी। अयोध्या में रामलला के दर्शन के बाद वापस लौटते हुए कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना रायबरेली पहुंचे। यहां उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया।




**रायबरेली सीट बीजेपी जरूर जीतेगी:** कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने यह भी दावा किया कि, इस बार रायबरेली की सीट भी बीजेपी के कब्जे में होगी। क्योंकि, जैसा माहौल चल रहा है उस हिसाब से रायबरेली सीट बीजेपी जरूर जीतेगी। वहीं, बीजेपी और राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) गठबंधन पर सुरेश खन्ना ने कहा, आरएलडी का हमने स्वागत किया। जो भाजपा ने वादा किया था वह पूरा कर दिखाया है। मोदी जी की नीतियों के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ा है। यही वजह है कि तमाम लोग बीजेपी के साथ जुड़ रहे हैं।

### सीएमपीएस मे सकुशल सम्पन्न हुई आरओ/एआरओ की परीक्षा

**रायबरेली।** रविवार को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा का आयोजन चंद्र शेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज लालगंज में किया गया। जिसमें प्रथम पाली में कुल 384 परीक्षार्थियों में 225 व द्वितीय पाली में 224 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा सह केंद्र पर्यवेक्षक ललित कुमार बाजपेई, स्टेटिक मजिस्ट्रेट आनंद कुमार व केंद्र पर्यवेक्षक ओम प्रकाश शुक्ला की निगरानी में संपन्न हुई। परीक्षार्थियों व अभिभावकों ने विद्यालय की पार्किंग ,सामान रखने की ब्यवस्था व अन्य व्यवस्थाओ की सराहना की।

**विजयी** — अंकित सिंह उर्फ मोगली मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित

# अपने दमदार प्रदर्शन के दम पर समोधा बनी विजेता

- वरिष्ठ व्यापारी सहित आसपास की ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधान व क्रिकेट प्रेमी दर्शक बंधु उपस्थित रहे

**बछरावां,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

विकास क्षेत्र के अंतर्गत इशिया ग्राम सभा में बीते 1 फरवरी से आयोजित बाबा अंबर दास ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में समोधा टाइगर्स की टीम ने इशिया 11 को 37 रन से परास्त कर फाइनल ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी समोधा टाइगर्स की टीम निर्धारित 15 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 113 रन बना पाई, समोधा की ओर से सर्वाधिक रन अंकित सिंह उर्फ मोगली ने 22 बनाए। वही जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी इशिया 11 की टीम 13 ओवर में 76 रन पर रन आल आउट हो गई समोदा टाइगर्स की टीम ने यह मैच 37 रनों से जीत लिया अपने दमदार प्रदर्शन की वजह से अंकित सिंह उर्फ मोगली को (22 रन और 2 विकेट) के प्रदर्शन पर मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया।



वही इस मौके पर वरिष्ठ व्यापारी चंद्रप्रकाश गुप्ता, सत्य कुमार सोनी, आयोजक समिति के सदस्य राजकुमार चौधरी सहित आसपास की ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधान एवं हजारों की संख्या में क्रिकेट प्रेमी दर्शक बंधु उपस्थित रहे।


# कृषि निदेशालय-उत्तर प्रदेश
# (प्रसार शिक्षा एवं प्रशिक्षण ब्यूरो)
# ९, विश्वविद्यालय मार्ग, लखनऊ।

पत्रांक-ब्यूरो / 1515 / पी0एस0प्लेट / निविदा/2023-24/लखनऊ — दिनांक 05 फरवरी 2024

कृषि विभाग के प्रसार शिक्षा एवं प्रशिक्षण, ब्यूरो अनुभाग में पी0एस0प्लेट विषयक कार्य हेतु निविदा दिनांक 26-02-2024 को अपरान्ह 12.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपरान्ह 02.00 बजे संयुक्त कृषि निदेशक ब्यूरो-9 विश्वविद्यालय मार्ग, लखनऊ के कक्ष में निविदा समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदादाता को टेन्डर में भाग लेने हेतु कालम सं0-03 में दर्शाया गया निविदा शुल्क चालान के माध्यम से प्राप्ति लेखाशीर्षक-0401- फसल कृषि कर्म-00-800-अन्य प्राप्तियाँ -14- कृषि विभाग की अन्य प्राप्तियाँ मद में जमा करना होगा। इच्छुक फर्म/ कम्पनी कालम सं0-05 में दी गयी तिथियो में कार्यालय दिवसो में कार्यालय में शर्तानुसार निविदा शुल्क की रसीद जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है। कालम संख्या-04 में दर्शायी गयी अग्रिम धनराशि (अर्नेस्ट मनी डिपाजिट) का एफ0 डी0आर0 / टी0डी0आर0 / डी0डी0/ बैंकर्स चेक जो कृषि निदेशक, उ0 प्र0 के पदनाम से देय/बन्धक होगा, जिसे मूल रूप एक लिफाफे में सील कर दिनॉक 26-02-2024 को अपरान्ह-02.00 बजे निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। टेण्डर को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश का होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य/सामग्री का विवरण | निविदा शुल्क (रू0) | अग्रिम (अर्नेस्ट मनी) धनराशि (रू0) | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने कि तिथि (कार्यालय दिवसों में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | पी0एस0प्लेट विषयक कार्य | 1770.00 जी.एस.टी. सहित | 10,500.00 | दिनांक 15-02-2024 से 26-02-2024 (अपरान्ह 12.30 बजे तक) |

www.upgov.nic.in
Upid-202938 Date-10.02.2024

(डॉ0 आशुतोष कुमार मिश्र)
संयुक्त कृषि निदेशक, (ब्यूरो),
उत्तर प्रदेश।

# पाकिस्तान में अवाम की आवाज

आदित्य नारायण

पड़ोसी देश पाकिस्तान में चुनाव के बाद जो तस्वीर उभरी है उसमें जेल में बन्द पूर्व प्रधानमन्त्री इमरान खान की पार्टी पर प्रतिबन्ध लगाये जाने के बावजूद उनके समर्थित निर्दलीय या आजाद उम्मीदवारों की शानदार जीत हुई है। यह इस बात का सबूत है कि पाकिस्तान के आधे-अधूरे लोकतन्त्र में आम आदमी या अवाम अपने हकों को लेने के लिये बेताब है और वह लोकतन्त्र विरोधी ताकतों को करारा सबक सिखाना चाहती है। विगत 8 फरवरी को हुए मतदान में पाकिस्तान के चुनाव आयोग की जो भूमिका इमरान खान की पार्टी 'तहरीक-ए-इंसाफ' को लेकर रही और देश की न्यायपालिका की जो भूमिका इमरान खान को लेकर रही उसकी आलोचना दुनिया की लोकतान्त्रिक ताकतें कर रही हैं परन्तु पाकिस्तान की अवाम ने पूरी अमन पसन्दी के साथ जिस तरह मतदान किया उससे यही साबित होता है कि यह मुल्क फौज की पर्दे के पीछे से की जाने वाली हुक्मरानी के खिलाफ है। मगर जब से पाकिस्तान तामीर हुआ है तभी से जम्हूरियत यहां 'गूलर का फूल' बनी हुई है और खुदा ही जानता है कि कब फौज की टेढ़ी निगाह होते ही सारी लोकतान्त्रिक संस्थाएं बेअख्तियार होकर फौज के आगे घुटने टेक दें। मगर जहां तक अवाम का सवाल है तो उसने इन चुनावों में इमरान खान की पार्टी के हिमायत याफ्ता प्रत्याशियों को सबसे ज्यादा समर्थन देकर यही सिद्ध करने की कोशिश की है कि वह लोकतान्त्रिक निजाम में रहना पसन्द करती है। मगर यह अवाम की बदकिस्मती है कि पिछले 75 सालों में उसे अभी तक कोई ऐसा रहनुमा नहीं मिल पाया जो इस मुल्क को सुख और समृद्धि की तरफ ले जा सके। हाल में हुए चुनावों में राष्ट्रीय एसेम्बली की 265 सीटों पर वोट पड़े थे जिनमें से 100 से अधिक सीटों पर आजाद उम्मीदवार जीते हैं और नवाज शरीफ की मुस्लिम लीग के 74 व बिलावल भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के 54 व मुत्तैहदा कौमी पार्टी के 17 तथा शेष अन्य छोटी पार्टियों के विजयी रहे हैं। जाहिर है कि सर्वाधिक संख्या में आजाद उम्मीदवार जीते हैं मगर इनकी कोई पार्टी नहीं है। इसके बाद मियां नवाज शरीफकी मुस्लिम लीग पार्टी है। नवाज शरीफ खुद को सबसे बड़ी पार्टी का नेता बता रहे हैं और सरकार बनाने के लिए पीपुल्स पार्टी के अलावा अन्य छोटी पार्टियों के नेताओं से भी राब्ता कायम कर रहे हैं। पाकिस्तान में चुनावों से पहले ही कहा जा रहा था कि अगले प्रधानमन्त्री मियां नवाज शरीफ ही होंगे क्योंकि इससे पहले वह लन्दन में निर्वासित जीवन बिता रहे थे।

# 18वीं लोकसभा में शत प्रतिशत उत्पादकता हासिल करने की उम्मीद

किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया



**आर्टिकल 370 हटाकर संविधान के पूर्ण रूप का प्रगटीकरण हुआ, जिन लोगों ने संविधान बनाया होगा, उनकी आत्मा हमें आशीर्वाद देती होगी। कश्मीर के लोगों को सामाजिक न्याय से वंचित रखा गया था। आज जम्मू कश्मीर के लोगों तक भी सामाजिक न्याय का संकल्प पहुंचा है। आतंकवाद का नासूर से देश की धरती रक्तरंजित थी। हमने आतंकवाद के विरुद्ध सख्त कानून बनाए। इसकेकारण भारतको आतंकमुक्त करने का सपना सच हो रहा है। हम अंग्रेजों की दी हुई दंड संहिता में सालों तक जीते रहे। देश 75 साल भले ही दंड संहिता में जिया, लेकिन आने वाली पीढ़ी न्याय संहिता में जिएगी, आपने अपने पोते-पोतियों को यह कह सकते हैं तीन तलाक से मुक्ति और नारी सम्मान का काम 17 वींलोकसभा ने किया है। भले ही कुछ सांसदों का विचार कुछ भी रहा हो,लेकिन कभी न कभी वे भी कहेंगे कि यह काम हमने होते देखा है।**

वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में 10 फरवरी 2024का दिन लोकतंत्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन गिना जाएगा क्योंकि आज 17 वीं लोकसभा का अंतिम दिवस था इसके बाद लोकसभा का अनिश्चितकाल के लिए स्थगन कर दिया गया वैसे तो यह रीति हर सत्र के बाद हमेशा की जाती है,हर परंतु आज पूरी 17 वीं लोकसभा के अध्याय को हमेशा के लिए स्थगित कर दिया गया था,क्योंकि अब 18वीं लोकसभा के साथ ही सदन का सत्र शुरू होगा, जिसमें कुछ महत्वपूर्ण व्यक्तित्व और चेहरों को दोहराने की निश्चितता की परंपरा कायम रहेगी परंतु संभावना है कि 18वीं लोकसभा में अनेको नए चेहरे दिखाई देंगे,पुराने चेहरों को आराम या अन्य कार्यभार सोप जा सकता है। मेरा स्पष्ट मानना है के 18वीं लोकसभा का रूप कुछ अलग ही देखने को मिल सकता है क्योंकि इस लोकसभा में सत्ता पक्ष के नारे अबकी बार हैट्रिक सहित 400 पार का नारा हकीकत में तब्दील हो सकता है तथा उसे पक्ष की वापसी 50 प्रतिशत से अधिक वोटिंग शेयर प्रतिशत से हो सकती है, ऐसा मेरा अनुभव के आधार पर आंकलन है सटीकता नहीं और 18 वीं लोकसभा में हंड्रेड परसेंट उत्पादकता सहित विकसित भारत परिकल्पना को अधिकतम कामयाब बनाने की व्यवस्था की जाएगी परंतु बीती 17 वीं लोकसभा में हुई कार्य उत्पादकता 97 प्रतिशतऔर अनेक महत्वपूर्ण विधेयकों को कानून में बदलने को लिए पीढ़ियों तक याद किया जाएगा, क्योंकि इस 17 वीं लोकसभा में विकास की परिभाषा ही बदल दी थी अनुच्छेद 370, 35 ए, राम मंदिर, तीन तलाक, नारी शक्ति वंदन अधिनियम साहित ऐसे अनेकों कानून दिए जिसकी परिकल्पना दशकों से की जा रही थी दूसरी ओर भारतीय न्याय संहिता सहित कुल 222 कानून बनाए गए,97प्रतिशत उत्पादकता रही जो पिछले पांच लोकसभा से सर्वाधिक है, 729 गैर सरकारी विधेयक सदन में प्रस्तुत किए गए, 274 बैठकें हुई, इसमें 1354 घंटे चली 345 घंटे नए समय से अधिक काम किया गया, सदन ने 387 घंटे व्यवधान की वजह से बर्बाद हुए। 543 में से 540 सदस्यों ने कभी ना कभी सदन की परिचर्चा में हिस्सा लिया, शून्य काल में 5568मामले उठाए गए जबकि नियम 370 में 4859 विषय उठाए गए मंत्रिमंडल द्वारा विभिन्न विषयों पर 534 वक्तव्य दिए गए, नियम 193 के तहत 12 चर्चाएं की गई संसदीय समितियां समितियां ने कुल 691 प्रतिशत प्रतिवेदन प्रस्तुत किए गए 69 प्रतिशत से अधिक सिफारिश को सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया। 17 वीं लोकसभा को सैल्यूट, 18 वीं लोकसभा में 100 प्रतिशत उत्पादकता हासिल करने की उम्मीद है,चूंकि 17वीं लोकसभा में महत्वपूर्ण निर्णयों को पीढ़ियों तक दुनियां याद रखेगी इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, 21वीं सदी के भारत की मजबूत नींव, संकल्प, विश्वास सहित ध्वनि मत से पारित होते अनेकों विधेयकों को दुनियां याद रखेगी। साथियों बात अगर हम लोकसभा के अंतिम सत्र के अंतिम दिन 10 फरवरी 2024 को माननीय पीएम द्वार संबोधन के दौरान व्यक्त की गई मुख्य बातों की करें तो, जो हमेशा हाशिए पर थे, जिनको कोई पूछता नहीं था, सरकार होने का उनको अहसास हुआ है। कोविड में मुफ्तइंजेक्शन होने पर उसको यह अहसास होता था कि चलो जान बच गई। सरकार होने का उसको अहसास होता था,ट्रांसजेंडर समाज के लिए भी 17वीं लोकसभा में काम किया। हमने ट्रांसजेंडर को एक पहचान दी है।

अब तक 16-17 हजार ट्रांसजेंडर को पहचान पत्र मिल चुके हैं। पद्म अवॉर्ड उनको मिला है। वे सम्मान की जिंदगी जी रहे हैं। मुद्रा स्कीम का भी लाभ वे ले रहे हैं।17वीं लोकसभा के सात सत्र ज्यादा प्रॉडक्टिविटी वाले भी रहे। इस सफलता के लिए सभी सांसदों और फ्लोर लीडर का आभार।

पहले सत्र में दोनों सदनों ने कुल 30 विधेयक पारित किए, जो रेकॉर्ड रहा हैआजादी के 75 वर्ष पूरा होने के उत्सव के दौरान हमारे सदन ने बेहद अहम कामों का नेतृत्व किया।संसद के इस कार्यकाल में बहुत रिफॉर्म हुए जो गेमचेंजर रहे। 21वीं सदी के भारत की मजबूत रखी गई। हमारी पीढ़ियां जिन बातों का इंतजार करती थीं, ऐसे बहुत से काम 17 वीं लोकसभा में पूरे हुए। आर्टिकल 370 हटाकर संविधान के पूर्ण रूप का प्रगटीकरण हुआ, जिन लोगों ने संविधान बनाया होगा, उनकी आत्मा हमें आशीर्वाद देती होगी। कश्मीर के लोगों को सामाजिक न्याय से वंचित रखा गया था। आज जम्मू कश्मीर के लोगों तक भी सामाजिक न्याय का संकल्प पहुंचा है। आतंकवाद का नासूर से देश की धरती रक्तरंजित थी। हमने आतंकवाद के विरुद्ध सख्त कानून बनाए। इसकेकारण भारतको आतंकमुक्त करने का सपना सच हो रहा है। हम अंग्रेजों की दी हुई दंड संहिता में सालों तक जीते रहे। देश 75 साल भले ही दंड संहिता में जिया, लेकिन आने वाली पीढ़ी न्याय संहिता में जिएगी, आपने अपने पोते-पोतियों को यह कह सकते हैं। तीन तलाक से मुक्ति और नारी सम्मान का काम 17 वींलोकसभा ने किया है। भले ही कुछ सांसदों का विचार कुछ भी रहा हो,लेकिन कभी न कभी वे भी कहेंगे कि यह काम हमने होते देखा है।5 साल देश में रीफार्म, परफॉर्म एंड ट्रांसफॉर्म से जुड़े हैं। ये रेयर होता है। ये अपने आप में 17 वीं लोकसभा से आज देश अनुभव कर रहा है। सदन का महत्वपूर्ण रोल रहा है। ये समय है कि मैं सभी माननीय सांसदों का नेता होने के नाते और साथी होने के नाते अभिनंदन करताहूं।5 साल में इस सदी का सबसे बड़ा संकट पूरी मानव जाति ने झेला। कौन बचेगा, कौन बच पाएगा, कोई किसी को बचा सकता है कि नहीं, वो ऐसी अवस्था थी। ऐसे में सदन में आना भी संकट काल था। जो भी व्यवस्थाएं करनी पड़ीं, आपने उसको किया।

देश के काम को रुकने नहीं दिया। सदन की गरिमा भी बनी रहे और देश के आवश्यक कामों को जो गति देनी चाहिए, वो गति भी बनी रहे, सदन की भूमिका भी कम ना हो। इसको आपने बड़ी कुशलता के साथ संभाला,पिछला 5 साल देश के रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म औरपरफॉर्म का रहा। पीएम ने कोरोना जैसी विपरीत परिस्थिति में संसद की कार्यवाही, पेपरलेस पार्लियामेंट की शुरुआत और 17वींलोकसभा में 97प्रतिशत प्रोडक्टिविटी की प्रशंसा की।कोरोना के समय सांसदों के सांसद निधि छोड़ने, सांसदों की 30 प्रतिशत सैलरी कटौती, संसद की कैंटीन में समान रेट लागू किए जाने को लेकर सांसदों के सहयोग की भी तारीफ की।

## विचार

# किशोरावस्था: खुलकर बात करें - सेहतमंद व हुनरमंद बनें

मुकेश कुमार शर्मा



**किशोरावस्था में स्वयं की पहचान बनाना, रोक-टोक पसंद न करना, यौन संवेदनाएं और विपरीत लिंग के प्रति आकर्षण का भाव भी जन्म लेता है। इस दौरान वह घर-परिवार से अलग बाहरी लोगों के सम्पर्क में भी आते हैं। कई बार दोस्त ही माता-पिता से ज्यादा करीबी समझे जाने लगते हैं। अपनी विशेष पहचान बनाने की कामना से युवा अपना सामाजिक दायरा बढ़ाते हैं। ऐसे में उनका सम्पर्क और सम्बन्ध अच्छे और बुरे दोनों तरह के लोगों से होने की संभावना होती है।**

यह किशोरावस्था यानि 10 से 19 वर्ष की उम्र शारीरिक, मानसिक और सामाजिक बदलाव की अवस्था होती है। यह एक तरह से युवावस्था के संकेत हैं और स्वाभाविक रूप से विपरीत लिंग के प्रति आकर्षण का दौर भी। इतना ही नहीं यह ऐसा समय होता है जब मन में तरह-तरह के तमाम विचार उमड़ते-घुमड़ते हैं। मन में उठने वाली जिज्ञासाओं और कौतूहलों का हल पाने के लिए युवा वर्ग अक्सर इंटरनेट का सहारा लेते हैं, जिस पर बेशक तमाम जानकारियां मौजूद हैं लेकिन उनमें बहुत सी जानकारियां वास्तविकता से परे भी होती हैं। किशोर-किशोरियां शारीरिक बदलावों और जिज्ञासाओं के बारे में परिवार से भी चर्चा करने में संकोच और असहज महसूस करते हैं। इन्हीं असहजता से अपने भविष्य के कर्णधारों को बचाने के लिए हर साल 12 फरवरी को यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य जागरूकता दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य किशोर/किशोरियों और युवाओं को यौन व प्रजनन स्वास्थ्य के विषय में जागरूक कर बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करना और तरक्की की राह प्रशस्त करना है। भारत युवा जनसँख्या के मामले में विश्व में अग्रणी है और देश की 50 प्रतिशत से ज्यादा आबादी 25 वर्ष से कम उम्र की है। इसे डेमोग्राफिक डिविडेंट कहते हैं और यह भारत के भविष्य के लिए एक सुनहरा संकेत है। मजबूत युवा वर्ग, युवा वर्ग के मजबूत कंधे, मजबूत सांस्कृतिक एवं सामाजिक विरासत निश्चित रूप से एक शक्तिशाली भारत के भविष्य के लिए आधार स्तम्भ समान है ।

किशोरावस्था में स्वयं की पहचान बनाना, रोक-टोक पसंद न करना, यौन संवेदनाएं और विपरीत लिंग के प्रति आकर्षण का भाव भी जन्म लेता है। इस दौरान वह घर-परिवार से अलग बाहरी लोगों के सम्पर्क में भी आते हैं। कई बार दोस्त ही माता-पिता से ज्यादा करीबी समझे जाने लगते हैं। अपनी विशेष पहचान बनाने की कामना से युवा अपना सामाजिक दायरा बढ़ाते हैं। ऐसे में उनका सम्पर्क और सम्बन्ध अच्छे और बुरे दोनों तरह के लोगों से होने की संभावना होती है। इसलिए उनको बुराई के रास्ते पर जाने से बचाने के लिए खुलकर बात करना बहुत जरूरी है। इसी उद्देश्य से स्कूलों में किशोर/किशोरियों की काउंसिलिंग की व्यवस्था की गयी है। किशोर स्वास्थ्य क्लिनिक और साथिया केंद्र स्थापित किये गए हैं। क्लिनिक पर प्रशिक्षित काउंसलर की तैनाती की गयी है, जो किशोरावस्था के बारे में सही जानकारी देने के साथ ही स्वास्थ्य समस्याओं का निदान भी करते हैं। इसके अलावा सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों, आशा, एएनएम और घर के निकट स्थित आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) की भी मदद ली जा सकती है। किशोर/किशोरियों को स्वास्थ्य के साथ ही उन्हें सही राह दिखाने की भी आवश्यकता होती है क्योंकि भविष्य में वह देश की आर्थिक, राजनीतिक एवं सामजिक उत्थान में बड़ी भूमिका निभायेंगे। इस अवस्था के बच्चों के समुचित विकास के लिए यह भी जरूरी है कि उनके खानपान का भी पूरा ख्याल रखा जाए। विकास का स्वरूप ले रही शरीर के मुताबिक् आयरन-कैल्शियम की पर्याप्त जरूरत होती है, जिसके लिए उन्हें दूध के साथ हरी साग-सब्जियां भी पर्याप्त मात्रा में खिलानी चाहिए। इसी अवस्था में किशोरियों में माहवारी की भी शुरुआत होती है, जिसके बारे में भी उनको सही जानकारी देना जरूरी होता है। उनको माहवारी के दौरान व्यक्तिगत साफ़-सफाई रखनी चाहिए। माहवारी के दौरान केवल साफ़ सूती कपड़े, पैड या सेनेटरी नैपकिन का ही इस्तेमाल करना चाहिए और दिन में तीन से चार बार या जब यह गीला महसूस हो तो बदल लेना चाहिए। भोजन में आयरन की मात्रा बढ़ानी चाहिए और गरिष्ठ भोजन से परहेज करना चाहिए। इस दौरान पेट के निचले हिस्से में ऐंठन या दर्द महसूस हो सकता है, थकावट या निराशा का भाव आ सकता है, इसलिए इस दौरान ज्यादा से ज्यादा आराम करना चाहिए। किशोर/किशोरियों में प्रायः नए प्रयोग करने की भी आदत होती है। यह आदत कभी लाभप्रद तो कभी अनुभव और क्षमता की कमी से जोखिमपूर्ण भी साबित हो सकती है। इसके चलते वह धूम्रपान, मादक पदार्थों व अल्कोहल के सेवन और यौन सम्बन्ध बनाने की गतिविधियों में भी लिप्त हो सकते हैं। शौकिया शुरू हुई यह आदत कभी-कभी जीवन भर के लिए घेर लेती है। इसलिए सुनहरे भविष्य के निर्माण के लिए इन शौकिया आदतों से तौबा करने में ही भलाई है। इससे इतर विवाह पूर्व यौन क्रिया के कारण अविवाहित गर्भावस्था के मामले भी बढ़ सकते हैं। ऐसे में खासकर उन युवाओं जो कि पहले से यौन दुर्व्यवहार के शिकार रहे हों को विशेष देखभाल और सहारे की जरूरत होती है। उन तक आवश्यकता होने पर आपातकालीन गर्भनिरोधकों की पहुँच आसान बनानी चाहिए। नए और बदलते परिवेश में स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को भी मुद्दों के प्रति संवेदनशील होना जरूरी है। उन्हें यह जानकारी होनी चाहिए कि ऐसे किशोर/किशोरियों तक स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवाओं की पहुँच को किस तरह से सुगम बनाया जाए, जिन्हें इनकी आवश्यकता पड़ सकती है। इसमें प्रशिक्षित काउंसलर बहुत मददगार साबित हो सकते हैं क्योंकि किशोर/किशोरियां गोपनीयता भंग होने के डर से इन विषयों पर बात करने से कतराते हैं।

# चुनाव में युवा मतदाताओं की भागीदारी

देश में आने वाले लोकसभा चुनाव दुनिया का सबसे ज्यादा मतदाताओं की हिस्सेदारी वाले चुनाव का रिकार्ड बनाएगा। निर्वाचन आयोग ने जो आंकड़े प्रस्तुत किए हैं उसके अनुसार मतदाता सूची में 6 फीसदी नए मतदाता जुड़े हैं। इनमें महिलाओं की हिस्सेदारी ज्यादा है। देश की कुल आबादी का 66.76 फीसदी युवा हैं यानि वोट देने वाले बालिग लोग हैं। आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 18 से 29 वर्ष आयु वर्ग में ढाई करोड़ से अधिक नए मतदाताओं ने पंजीकरण कराया है। देश में कुल मतदाताओं का ग्राफ 96.88 करोड़ तक जा पहुंचा है। मतदाता सूची के पुनरीक्षण में महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले बाजी मारी है। 2.63 करोड़ नए मतदाताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। उनमें से 1.41 करोड़ मतदाता महिला हैं। अगर वोटर्स के लैंगिक अनुपात की बात करें तो इस साल हजार पुरुषों के मुकाबले 948 महिला वोटर हैं। आयोग के मुताबिक 80 साल से अधिक उम्र के 1ध्करोड़ 85 लाख 92 हजार मतदाता हैं। जबकि 100 साल से ऊपर की उम्र वाले भी 2 लाख 38 हजार 791 मतदाता हैं। 1988 से पहले वोट देने की उम्र 21 साल थी, जिसे 1988 को 61वें संविधान संशोधन द्वारा 18 वर्ष कर दिया गया था। उस समय देश में राजीव गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस की सरकार थी। मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 साल इसलिए की गई क्योंकि देश के गैर प्रतिनिधित्व वाले युवाओं को अपनी भावनाओं को व्यक्त करने और उन्हें राजनीतिक प्रक्रिया में भागीदार बनाने में मदद करने का अवसर मिलेगा। साथ्ही यह भी महसूस किया गया कि युवा राजनीतिक रूप से काफी जागरूक भी हैं जिससे वो सही और गलत में चुनाव करने के लिए सक्षम हैं। आज भारत को युवाओं का देश कहा जाता है। यह एक ऐसा वर्ग है जो शारीरिक और मानसिक रूप से सबसे अधिक शक्तिशाली है। भारतीय राजनीति में युवा वर्ग का मौजूदा परिदृश्य अत्यंत उत्साहवर्धक है। ऊर्जा से लबरेज अनेक युवा विभिन्न राजनीतिक दलों में अच्छे नेतृत्वकर्ता के रूप में नजर आ रहे हैं। स्फूर्ति एवं नई सोच के साथ ये भारतीय राजनीति में सक्रिय हैं तथा इन्होंने अपने कार्यों से अच्छी छाप छोड़ी है। यह सिलसिला इसी रूप में आगे भी बने रहने की संभावना है। युवा शक्ति ही भारतीय राजनीति में गुणात्मक एवं सकारात्मक बदलाव ला सकती है। यह सुखद है कि मौजूदा दौर में भारत न सिर्फ वैश्विक स्तर पर युवा शक्ति के रूप में उभर रहा है, बल्कि राजनीति में भी भारतीय युवा अच्छा प्रदर्शन कर लोकतंत्र को समृद्ध कर रहे हैं। युवा हाथ न सिर्फ लोकतंत्र का एक साफ-सुथरा चेहरा गढ़ेंगे, बल्कि उसे ताजगी और ऊर्जा भी प्रदान करेंगे, ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए। राजनीति में इसका सकारात्मक योगदान देश की कायापलट सकता है। अतः युवा वर्ग का राजनीति में होना राष्ट्र निर्माण में बहुमूल्य भूमिका निभा सकता है। अतः किसी भी देश में राजनीतिक गतिशीलता और पारदर्शिता के लिए राजनीति में युवा वर्ग का होना अत्यंत आवश्यक होता है, क्योंकि यही वह शक्ति है जो गुणात्मक बदलाव लाने में सक्षम होती है। अगर इतिहास देखा जाए तो स्वतंत्रता संग्राम से लेकर अब तक देश में हुए बड़े आंदोलनों में युवाओं की भूमिका बहुत बड़ी रही है। युवाओं में नई क्रांति लाने की ताकत है। भारत के युवाओं ने देश-विदेश में अपना नाम रोशन किया है। राजनीति में परिवारवाद, जातिवाद और सम्प्रदायवाद तथा भ्रष्टचार के चलते देश के युवाओं में राजनीति के प्रति उदासीनता बढ़ चुकी है। बेरोजगारी और अन्य जीवन यापन की मुश्किलों के चलते भी युवाओं का नेताओं पर भरोसा कम हुआ है। भारत में वोट देने वाला युवा भी अपने चुने हुए उम्मीदवारों पर भरोसा नहीं करता। लालच, भ्रष्टाचार, गरीबी ने युवाओं को बहुत प्रभावित किया है। राजनीति को चतुर लोगों का खेल माना जाता है जो देश और राज्य के हित के नाम पर अपने प्रलोभनों का फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। देश का प्रत्येक व्यक्ति जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है उसे स्वतंत्र रूप से अपने मत का प्रयोग करने और अपनी इच्छानुसार अपना प्रतिनिधि चुनने का अधिकार है।



# राशिफल

**मेषः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई हल होने के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**बृषभः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यवहार कुशल बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**मिथुनः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में जाया न करें। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**ककः-** नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। संवेदनशील शरीर ग्रहां की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**सिंहः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

**कन्याः-** जीवनसाथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। संबंधियों के सहयोग से कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुलाः-** भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा।

**वृश्चिकः-** रोजगार संबंधी कुछ नयी योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**धनुः-** अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मकरः-** बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा।

**कुंभः-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया अपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

**मीनः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह के प्रति मन चिंतित होगा।

# चार सौ पार के दावे का सच

प्रेम शर्मा



**आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा द्वारा अपने दम पर 370 और एनडीए द्वारा 4 सौ के पार सीटें जीतने का जो दावा किया गया था, उसका आधार मोदी सरकार द्वारा भारत रत्न सम्मानों की झड़ी दूसरे दलों को अपनी छतरी में लाने के अभियान की तरह है। अब मायावती ने दलितों के नेता कांशीराम और शिवसेना ने बाला साहब ठाकरे को भारत रत्न देने की मांग कर रही है। इनके नामो की घोषणा हो भी सकती है बशर्ते ये सब एनडीए के शामियाने में अपना राजनीतिक स्टॉल लगा लें। वैसे प्रधानमंत्री ने जो दावा कर रहे हैं, वह जमीन पर कितना उतरेगा, यह तो चुनाव नतीजे ही बताएंगे, लेकिन उसे साकार करने की दिशा में स्वयं प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी भाजपा जिस तरह जमीन आसमान एक किए दे रही है, उससे लगता है कि यह सच हो भी सकता है। वैसे तो भाजपा की चार सौ पार की यह रणनीति कई स्तरों पर नजर आती है और साम-दाम-दंड-भेद से प्रेरित है।**

इंण्डिया गठबंधन में लगातार टूटफूट, नीतिश कुमार का पाला बदलना, वर्ग विशेष की मर्यादा पुरूषोत्तम को लेकर पॉच सौ सालों की प्रतिक्षा, सीसीए और 80 करोड़ को भोजन और भारत रत्न वह सच है जिसके चलते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के उत्तर में संसद में आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा द्वारा अपने दम पर 370 और एनडीए द्वारा 4 सौ के पार सीटें जीतने का जो दावा किया गया था, उसका आधार मोदी सरकार द्वारा भारत रत्न सम्मानों की झड़ी दूसरे दलों को अपनी छतरी में लाने के अभियान की तरह है। अब मायावती ने दलितों के नेता कांशीराम और शिवसेना ने बाला साहब ठाकरे को भारत रत्न देने की मांग कर रही है। इनके नामो की घोषणा हो भी सकती है बशर्ते ये सब एनडीए के शामियाने में अपना राजनीतिक स्टॉल लगा लें। वैसे प्रधानमंत्री ने जो दावा कर रहे हैं, वह जमीन पर कितना उतरेगा, यह तो चुनाव नतीजे ही बताएंगे, लेकिन उसे साकार करने की दिशा में स्वयं प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी भाजपा जिस तरह जमीन आसमान एक किए दे रही है, उससे लगता है कि यह सच हो भी सकता है। वैसे तो भाजपा की चार सौ पार की यह रणनीति कई स्तरों पर नजर आती है और साम-दाम-दंड-भेद से प्रेरित है।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेंमत सोरने पर कसता शिंकजा तथा कई विपक्षी पाइप लाइन में रखे जाने का मामला भी चार सौ के पार की रणनीति का हिस्सा है। वैसे नैतिक आधार पर इसकी आलोचना हो सकती है, लेकिन व्यावहारिक स्तर पर वह सफल होती दिखती है। यूं भी राजनीति सत्ता और कुर्सी का खेल है। प्रधानमंत्री और केन्द्रीय इसके विशेषज्ञ बन चुके है। इसीलिए दो कदम आगे बढ़ने के लिए एक कदम पीछे हटने में भी उन्हें गुरेज नहीं है।विपक्ष पांच भारत रत्नों में बूझने की कोशिश मोदी के आलोचक कर रहे हैं। वैसे तो भारत रत्न जैसा सर्वोच्च पुरस्कार जाति, धर्म, समुदाय और क्षेत्रीय दुराग्रहों से परे है और देश की असाधारण सेवा के लिए दिया जाता है। लेकिन इस बार दिए गए पांचो भारत रत्नों में जाति और भौगोलिक क्षेत्र के महीन समीकरण साधने का भाव भी निहित है। ऐसा पहली बार हुआ की केन्द्र सरकार ने पॉच लोगों को भारत रत्न देने की दिया। इस साल देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह पूर्व पीएम नरसिम्हा राव और हरित क्रांति के जनक डॉक्टर एमएस स्वामीनाथन और इससे पहले लाल कृष्ण आडवाणी और कर्पूरी ठाकुर को भी भारत रत्न एक तीर से कई निशाने साबित होगा। अब सवाल यह है कि क्या भाजपा को लोकसभा चुनाव में इसका लाभ वोटों के रूप में मिलेगा, इसका जवाब पाने के लिए हमे नतीजों का इंतजार करना होगा। इसके दो कारण हैं। पहला तो यह कि भारत रत्न पुरस्कारों में निहित राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूर्ववर्ती अनुभवों में बहुत ज्यादा फलित होती नहीं दिखी है। इसका कारण शायद यह भी है कि पहले के कर्णधारों ने भारत रत्नों के जरिए राजनीतिक हित साधने की झीनी कोशिश जरूर की थी, लेकिन वह उतनी शिद्दत से नहीं थी, जैसी कि इस बार दिखती है। दूसरे, जो पुरस्कार दिए गए हैं या और भी दिए जा सकते हैं, वो ठीक चुनाव के मुहाने पर हैं।इसमें शक नहीं कि लोकसभा चुनाव में चार सौ पार का आंकड़ा हासिल करने के लिए भाजपा अपना एनडीए कुनबा बढ़ाने की हर संभव कोशिश कर रही है। पहले जदयू का लौटना, अब रालोद का एनडीए में शामिल होना, पंजाब में अकाली दल को लौटाने की कवायद इसी का हिस्सा है। उधर दक्षिण में पी.वी. नरसिंहराव को भारत रत्न देने का स्वागत पूर्व सत्तारूढ़ रही भारत राष्ट्र समिति के अध्यक्ष केसीआर ने किया है। केसीआर की पार्टी ने तीन साल पहले पी.वी. नरसिंहराव की जन्मशती धूमधाम से मनाई थी और उन्हें 'तेलंगाना का गौरव' और 'भारतमाता का परम प्रिय पुत्र' कहा था। तब कांग्रेस खामोश ही रही थी। महान कृषि वैज्ञानिक एम.एस. स्वामीनाथन को भारत रत्न देना विज्ञान प्रतिभा के सम्मान से ज्यादा तमिलनाडु की जनता को राजनीतिक संदेश देना ज्यादा है। भारत रत्न की घोषाणा तो इतना तो तय है कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए केवल राम लहर, हिंदुत्व और सुनहरे आर्थिक सपनो के भरोसे नहीं है।

वह इसी के समानांतर गरीब कल्याण, रेवड़ी कल्चर, सियासी गोलबंदी, धार्मिक ध्रुवीकरण, मोदी के वैश्विक लोकप्रियता, देश की अर्थ व्यवस्था को फाईव ट्रिलियन डालर पहुचानें, भारत के विश्व गुरू होने की दिशा में आगे कूच करने तथा युवाओं का सपना सच होने के दावों का भरपूर उपयोग कर रही है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627

# पुष्कल सिंह वीरभूमि सम्मान से 11 विभूतियां सम्मानित

**जिले के जनक अरिमर्दन व सांसद पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल को भी मिला बुंदेली समाज सम्मान**


कार्यक्रम में मौजूद सांसद सहित अन्य लोग।

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिले के 29वें स्थापना दिवस पर आल्हा चौक स्थित अंबेडकर पार्क में बुंदेली समाज की तरफ से महोबा की 11 विभूतियों को स्व. पुष्कल सिंह वीरभूमि सम्मान से नवाजा गया एवं जिले के जनक पूर्व विधायक नाना अरिमर्दन सिंह ,सांसद पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल व संघ के जिला प्रचारक संतोष को उनके अविस्मरणीय योगदान के लिए बुंदेली समाज सम्मान दिया गया।

इस मौके पर सांसद ने जिले को खूबसूरत पर्यटन तीर्थ बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने का वादा किया। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने बताया कि 1995 में जब महोबा जिला बना तो उसमें सबसे प्रमुख भूमिका तत्कालीन विधायक अरिमर्दन सिंह व संघ के पूर्व जिला प्रचारक स्व. पुष्कल सिंह की रही। बाद में घाटमपुर के कुहरा गांव में पुष्कल सिंह की हत्या हो गई।उनकी स्मृति में बुंदेली समाज हर वर्ष सम्मान समारोह करता है। आज जिन 11 लोगों को सम्मानित किया गया, उनमें मनोज तिवारी, अरविंद पाल, हुकुम सिंह यादव, अमित शर्मा, जागेश्वर चौरसिया (महोबा), कुलदीप भटनागर, अशोक महाराज व अरविंद सिंह चौहान (चरखारी), डा. कमलेश सक्सेना, राधे लाल यादव (कुलपहाड़) व इंद्रपाल रिछारिया ( बेलाताल) प्रमुख रहे। इनके अलावा डा. राम सेवक चौरसिया, कृष्णा शंकर जोशी व सचीश चंद्र सक्सेना को बुंदेली समाज सम्मान दिया गया। महामंत्री डा. अजय बरसैया ने आगंतुकों का स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, नगरपालिका अध्यक्ष डा. संतोष चौरसिया, कुलपहाड़ चैयरमैन वैभव अरजरिया, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डा. विभा पुरवार, लालता चौरसिया, नियाज मुहम्मद, डा. राजेश चौरसिया, प्रो. एलसी अनुरागी, नेहरू इंटर कालेज के प्रधानाचार्य राजकुमार जाधव, दिलीप जैन, हरीओम निषाद, मनीष जैदका, गया प्रसाद, सुरेश बुंदेलखंडी, अंचल सोनी, नेहा चंसौरिया, रमाकांत नगायच व अमरचंद विश्वकर्मा समेत तमाम लोग मौजूद रहे। इससे पूर्व सभी गणमान्य नागरिकों ने पुष्कल सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया एवं अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

## ब्रह्मानंद प्रतिभा खोज परीक्षा के तहत पुलिस भर्ती मॉक टेस्ट का आयोजन

**राठ।** स्वामी ब्रह्मानंद प्रतिभा खोज परीक्षा 2024 के तहत उप्र पुलिस भर्ती 2024 की 14 मॉक टेस्ट का आयोजन बीएनबी इंटर कॉलेज राठ में संपन्न किया गया। जिसमें 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। लक्ष्य परिवार द्वारा स्वामी ब्रह्मानंद प्रतिभा खोज परीक्षा के अंतर्गत समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन जैसे नवोदय, सैनिक, विद्या ज्ञान, टेट सुपर टेट आदि परीक्षाओं का आयोजन स्थानीय स्तर पर तैयारी कर रहे प्रतियोगियों के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है। आगामी 17 18 फरवरी को उप्र पुलिस भर्ती 2024 की परीक्षा होनी है। अपने घर तथा ऑनलाइन तैयारी करने वाले छात्राओं के लिए मॉक टेस्ट का आयोजन किया जाता है।

# सांसद व पुलिस अधीक्षक करेंगे टूर्नामेंट का शुभारंभ

**चरखारी, महोबा समृद्धि न्यूज।**

- चरखारी में होगा बुंदेलखंड हाकी टूर्नामेंट का शुभारंभ

75वें अखिल भारतीय बुंदेलखंड हाकी टूर्नामेंट का शुभारंभ सांसद कुं पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए हाकी समिति के अध्यक्ष पूर्व फौजी कुलदीप भटनागर ने बताया कि 75वें अखिल भारतीय हाकी टूर्नामेंट का आयोजन क्षेत्रीय विधायक डॉ बृजभूषण राजपूत एवं विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर के संरक्षण में होगा। जिसका शुभारंभ 12 फरवरी को 2 बजे होगा। भटनागर ने बताया कि टूर्नामेंट का उदघाटन पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता तथा सांसद कुं पुष्पेंद्र सिंह चंदेल द्वारा किया जाएगा। टूर्नामेंट समिति के महासचिव सादिक इस्लाम ने बताया कि उदघाटन मैच में डीएचए भदोही एवं कोहिनूर क्लब बरेली के बीच खेला जाएगा। 8 दिन तक चलने वाले टूर्नामेंट का फाईनल मैच 18 फरवरी को होगा। टूर्नामेंट में रेलवे लखनऊ, जामिया दिल्ली, करमपुर-गाजीपुर, विवेक अकादमी वाराणसी, नेशल स्पोर्ट क्लब इलाहाबाद, डीएचए इटावा, साई एक्सेलेंसी इम्फाल-मणिपुर, एलबीएम झांसी, स्पोर्ट कालेज सैफई, स्टेडियम बांदा, रेलवे भुसावल, जीआरएस ग्रुप चरखारी आदि की टीमें प्रतिभाग करेंगी।

# पनवाड़ी प्रीमियर क्रिकेट लीग मैच का शुभारंभ



- मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पनवाडी पंडित स्वर्गीय श्री रामेश्वर अग्निहोत्री स्टेडियम में रविवार दोपहर जालौन और कटनी के बीच हुए टॉस के जमीन छूते ही क्रिकेट से जुड़ी पनवाड़ी प्रीमियर लीग की शुरुआत हो गई। हफ्ते भर चलने वाले इस सालाना मैच सीरीज में यूपी और एमपी के विभिन्न शहरों से आई टीमों के बीच जोर आजमाइश देखी जायेगी। फाइनल विजेता टीम को आयोजक करता राज नारायण उर्फ राजू मिश्रा व कमेटी के अन्य सदस्यों की ओर से फर्स्ट प्राइज 61 हजार और सेकेंड रनरअप टीम को 31 हजार रुपए नकद दिए जायेंगे। श्रृंखला का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष जय प्रकाश अनुरागी द्वारा रिवन काटकर किया गया। इस मौके पर सलमान बाबा भाजपा सह जिला मीडिया प्रभारी महोबा राम लखन सोनी, स्वामी विवेकानन्द इंटर कॉलेज पनवाड़ी प्रबंधक अमित अग्रवाल,प्रदीप मिश्रा, सीताराम अग्निहोत्री, संतोष अग्निहोत्री राजेश धीरज अनुरागी राजा दीक्षित अमन शर्मा राजेंद्र यादव बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

टॉस जीतकर जालौन ने पहले बालिंग करने का निर्णय लिया। पहले बैटिंग करते हुए कटनी ने निर्धारित 15 ओवरों में 91 रन का स्कोर खड़ा किया, जवाब में बैटिंग करने उतरी जालौन की टीम 12 ओवर में 91 बनाए इस तरह जालौन को चार विकेट से विजयी घोषित किया गया।

# पत्रकार पर किया हमला चार के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**चरखारी, महोबा, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा के धनुषधारी बार्ड निवासी एक पत्रकार को घर में घुसकर उसके साथ मारपीट करने तथा जाने से मारने की धमकी दिए जाने के मामले में पुलिस ने चार अभियुक्तों के विरूद्ध धारा 452,323,504,506 आई पी सी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया। विवरण में मिली जानकारी के अनुसार पत्रकार राघवेन्द्र सिंह परमार पुत्र महिपाल सिंह परमार अपने घर के अन्दर बैठा था तभी चार लोग अए तथा गाली गलौच करने लगे और जब गाली गलौच करने से रोका तो पत्रकार से साथ मारपीट शुरू कर दी जिससे हाथ में चोटें आयी हैं। पत्रकार राघवेन्द्र सिंह द्वारा पुलिस के दिए प्रार्थना पत्र के आधार पर परदेशी पुत्र



राजू जयेन्द्रनगर चरखारी, साहिल, आशु राजपूत पुत्र अनन्तराम राजपूत ग्राम गुढ़ा,अनूप यादव पुत्र घनश्याम के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

भुक्तभोगी राघवेंद्र परमार ने बताया कि अभियुक्तगण एक गैंग संचालित करते हैं चार सदस्यों ने लाठी' डण्डा सरिया' तमंचा के साथ उनके ऊपर हमला बोला है तथा जान से मारने की धमकी भी दी है।

राघवेंद्र परमार ने बताया कि गैंग के सदस्यों द्वारा कस्बा में कई अन्य घटनाओं का अंजाम दिया है लेकिन दबंग गैंग के विरूद्ध कोई आवाज नहीं उठा पाता है।

# महिला बीट अधिकारियों ने चलाया जागरूकता अभियान

- मंदिरों, बाजारों, स्कूलों, कालेजों व प्रमुख मार्गो पर चेकिंग भी की

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**


महिलाओं को जागरूक करती पुलिस टीम।

उप्र शासन की मंशा के अनुरुप मिशन शक्ति अभियान (फेज -4) के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जिले के सभी थानों में नियुक्त एंटीरोमियो, शक्ति दीदी टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के ग्रामों में भ्रमण कर जनचौपाल का आयोजन कर प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया।

साथ ही उनकी समस्याओं का निस्तारण किया गया। अब महिलाओं/बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना/ पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नही आना पड़ेगा। चोपालों में ही उनकी समस्याओं का निस्तारण होगा। चौपाल में शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नंबर 112, 108, 181, 1076, 1090,1098 की जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया । साथ ही शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं मे उज्जवला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना,फ्री सिलाई मशीन योजना,सामूहिक विवाह योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना,सुरक्षित मातृत्व आश्वासन योजना,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की विस्तृत जानकारी दी गई । साइबर अपराधों से बचाव के बारे में बताया गया और यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध की घटना घटित होती है तो तत्काल साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराये सूचना दर्ज होने के उपरान्त त्वरित कार्यवाही की जायेगी ।

## खबरें एक नजर में

### लेखपाल लाल बहादुर बने तहसील अध्यक्ष

**इटावा।** सदर तहसील में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ तहसील इटावा के द्विवार्षिक चुनाव का आयोजन किया गया। चुनाव में लाल बहादुर लेखपाल तहसील अध्यम दीपक यादव तहसील मन्त्री पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुये। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शीलेश यादव, कनिष्ट उपाध्यक्ष पद पर राहुल प्रताप सिंह ,उपमंत्री पर विनीता कुमारी, कोषाध्यक्ष पद पर सुदीप कुमार, ऑडिटर पद पर अनिल कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुये। उक्त चुनाव लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष अनूप यादव,पूर्व खंड मत्री कानपुर अशोक यादव तथा पूर्व द्वारा सकुशल चुनाव को संपन्न कराया गया।

### कर्म खोटे तो ईश्वर के भजन गाने से क्या फायदाः कृष्ण कुमार



**सुमेरपुर।** कस्बे के आर्य समाज सत्संग भवन में साप्ताहिक सत्संग में यज्ञ आदि का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें यज्ञ के ब्रह्मा श्रीराम आर्य,मुख्य यजमान शुयश उर्फ कृष्णा आर्य ने आहुतियां देकर हवन पूजन किया। यज्ञ के पश्चात भागवत प्रसाद आर्य ने देशभक्ति गीत,भजन प्रस्तुत किए। कृष्णकुमार मिश्रा ने कर्म खोटे तो ईश्वर के भजन गाने से क्या फायदा, किया परहेज न तो, दवा खाने से क्या फायदा भजन प्रस्तुत किया। इसके बाद रामनरायण आर्य ने भी पाठ किया।

### प्रचार प्रसार के अभाव में दम तोड़ रहे आरोग्य मेले

**सुमेरपुर।** मुख्यमंत्री आरोग्य मेला प्रचार प्रसार के अभाव में दम तोड़ रहा है। कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तीन बजे तक महज 55 मरीज देखे गए थे। ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की हालत इससे भी ज्यादा दयनीय है। रविवार को कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन कराया गया। कस्बे की पीएचसी में 3:00 बजे तक 55 मरीज देखे गए। ऐसा ही हाल ग्रामीण क्षेत्रों की पत्योरा में 32, पचखुरा बुजुर्ग में 35,मौहर में 42,विदोखर में 41का इलाज किया गया।

### अलग-अलग हादसों में दो गंभीर, रेफर

**मौदहा।** कस्बे सहित क्षेत्र में हुए दो अलग अलग हादसों में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कस्बे निवासी चांदबाबू (35)पुत्र चुन्ना और गौरिहार के पहरा निवासी अभिषेक(18)पुत्र बच्चू सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से दोनों को गंभीर चोंटो के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है फिलहाल दोनों को गंभीर चोंटें बताई जा रही हैं।

### टीला ढसने से मजदूर घायल

**मौदहा हमीरपुर।** रेलवे का काम कर रहा मजदूर टीला ढसने से गंभीर रूप से घायल हो गया।ललित पुर जनपद के डोगरा कला निवासी विशाल(25)पुत्र बबलू रेलवे का काम करते समय मिट्टी का टीला ढसने से गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे साथी मजदूरों ने इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहाँ पर घायल हुए मजदूर का इलाज किया जा रहा है।

# सीओ सदर ने पुलिस परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

**सुमेरपुर, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**



आगामी 17 एवं 18 फरवरी को होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए कस्बे में बनने वाले परीक्षा केंद्र का रविवार को को सीओ सदर ने थानाध्यक्ष के साथ निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

आगामी 17 एवं 18 फरवरी को कस्बे में मां गीता महेश्वरी इंटर कॉलेज को पुलिस परीक्षा केंद्र बनाया गया है रविवार को सीओ सदर राजेश कमल ने थानाध्यक्ष राकेश कुमार के साथ मिलकर केंद्र का बारीकी से साथ निरीक्षण करके मातहतो को सुरक्षा के लिए आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने केंद्र के भवन का बारीकी के साथ देखकर कहा कि जहां से भी कुछ पहुंच सकता हो उन जगहों पर चिन्हित करके पुलिस बल तैनात किया जाए ताकि कुछ भी बाहर से केंद्र में दाखिल न हो सके। निरीक्षण के दौरान कस्बा इंचार्ज प्रमोद कुमार त्रिपाठी आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# रोजगार मेले में 180 युवाओं का हुआ चयन

- कस्बे के केपी इंटर कालेज में हुआ आयोजन

**सुमेरपुर, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**



कस्बे के देवगांव मार्ग में संचालित केपी इंटर कालेज में रविवार को कौशल विकास मिशन, जिला सेवायोजन कार्यालय एवं आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन कराकर 180 युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। मेले में दो दर्जन से ज्यादा कंपनियों ने प्रतिभाग किया।

युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया कराने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर द्वितीय चरण का रोजगार मेला ब्लाकवार आयोजित कराया जा रहा है। रविवार को कस्बे के केपी इंटर कालेज में आयोजित रोजगार मेले में करीब 460 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराएं।इनमें 180 युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया। मेले में जेके सीमेंट,बीम प्रोडक्ट एंड सर्विसेज, रिमझिम इस्पात, अमित पैकेजिंग लिमिटेड जैसी दो दर्जन से ज्यादा कंपनियों ने प्रतिभाग किया।

चयनित युवाओं को नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे धीरू ने नियुक्त पत्र प्रदान किया। इस मौके पर कौशल विकास मिशन के मैनेजर प्रदीप गुप्ता,राजकीय आईटीआई प्रधानाचार्य आदि मौजूद रहे।

## अभियान के तहत गांव-गांव पहुंच रहे भाजपाई

**सुमेरपुर।** गांव चलो अभियान के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक के निर्देश पर पदाधिकारी गांव गांव पहुंचकर लोगों से सरकार की योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। पूर्वी मंडल के अध्यक्ष अरिमर्दन सिंह के नेतृत्व में टेढ़ा, पचखुरा, बरुआ,भौरा,अतरैया मौहर में कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामवासी उपस्थित रहे।

ग्राम पचखुरा में प्रवासी सौरभ सिंह, अरविंद श्रीवास्तव के साथ दुर्गेश सिंह, विनय सिंह परमार, शैलेंद्र सिंह, लाला चौहान, अनिल दीक्षित, महेंद्र सिंह, संतराम गुप्ता,अरविंद,अंकित, पवन सिंह परमार, शिव सिंह,आसाराम यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर अखंड रामायण का पाठ भी किया गया।

# ट्रक में फंसकर युवक की मौत की हुई शिनाख्त

- शनिवार की रात घर से टहलने के लिए निकला था मृतक, मृतक के पिता ने ट्रक चालक के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट
- पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया

**राठ, हमीरपुर समृद्धि न्यूज**



शनिवार की रात घर से टहलने के लिए निकले कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की फुल टाइम टीचर के पति की तेज रफ्तार ट्रक के पहिए में फंसकर दर्दनाक मौत हो गई थी। ट्रक शव को 300 मीटर तक घसीटते हुए ले गया था। ट्रक में फंसने शव के दो टुकड़े हो गए थे। रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मृतक के पिता ने ट्रक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जरिया थाने के करियारी गांव निवासी व हालपता उरई रोड रूपनगर बुधौलियाना मोहल्ला निवासी महेंद्र द्विवेदी ने बताया कि शनिवार की रात करीब साढ़े आठ बजे उसका 26 वर्षीय पुत्र शिवम द्विवेदी घर से टहलने के लिए निकला था। तभी अंबेडकर चौराहे के तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे उसके पुत्र की ट्रक में फंसकर मौत हो गई। बताया कि ट्रक चालक ने उसके पुत्र को 300 मीटर घसीटता हुआ ले गया था। जिससे उसके पुत्र के दो भाग हो गए थे। बताया कि उसकी बहू साक्षी द्विवेदी सरसई गांव में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में फुल टाइम टीचर हैं। उसके पुत्र की डेढ़ वर्ष पहले शादी हुई थी। मृतक की अभी कोई संतान नहीं है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर ट्रक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। ट्रक को रात में ही कब्जे में ले लिया था।

## पुलिस ने महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों को बताया

**इटावा।** प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत कम्यूनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी महिला बीट एवं महिला हेल्प डेस्क के माध्यम से जनपद में विभिन्न स्थानों पर आउटरीच प्रोग्राम हुए। प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में शक्ति दीदी महिला बीट तथा महिला हेल्प डेस्क के माध्यम से जनपद के समस्त थानों पर आउटरीच प्रोग्राम चलाकर अपने अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत आबादी क्षेत्र, मेलों एवं गांव में पहुंचकर बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया।



## महिला सुरक्षा विशेष दल ने चलाया अभियान

**इटावा।** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत जनपदीय महिला सुरक्षा विशेष दल एंटी रोमियो स्कवायड द्वारा शहर क्षेत्रान्तर्गत पैदलगस्त कर मनचलों अराजक तत्वों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। जनपदीय महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा शहर क्षेत्र अंतर्गत पैदलगस्त कर गर्ल्स स्कूल/कॉलेज, कोचिंग संस्थान, मंदिर, पूजा घर, महिलाओं एवं बालिकाओं के आवागमन से संबंधित महत्वपूर्ण हॉटस्पॉट, सार्वजनिक स्थलों, चौरोहो, बाजार, मॉल, पार्क, स्कूल बस/टैक्सी स्टैण्ड आदि स्थानों पर सुरक्षा हेतु अभियान चलाकर चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान अनावश्यक रूप से घूमने वाले छात्र छात्राओं, युवक- युवतियों, मनचलों, अराजक तत्वों से रोककर पूछताछ की गई एवं सभी को बेवजह न घूमने की सख्त हिदायत देकर छोड़ा गया साथ ही छात्राओं को विषम परिस्थिति में पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा हेतु चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे महिला हेल्पलाइन नंबर वीमेन पावर लाइन1090, यूपी 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 181, 1076, इत्यादि की जानकारी दी गई तथा नजदीकी थाना पुलिस को सूचित करने के बारे में बताया गया।

# ससुपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव प्रसाद दो सीटों से लड़ेंगे चुनाव

**इटावा। समृद्धि न्यूज**


बैठक में उपस्थित शिव प्रसाद यादव व अन्य

सर्वजन सुखाय पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लोकसभा प्रत्याशियों के विषय में चर्चा की गई। बैठक में इटावा लोकसभा से सर्वजन सुखाय पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जसकरन सिंह कठेरिया को सर्वसम्मति से लोकसभा इटावा का प्रत्याशी घोषित किया गया तथा संगठन के सभी लोगों की मांग पर सर्वजन सुखाय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शिव प्रसाद यादव फिरोजाबाद लोकसभा क्षेत्र से सर्वजन सुखाय पार्टी के प्रत्याशी होंगे, मैनपुरी कन्नौज दोनों लोकसभा में से किसी एक लोकसभा में भी प्रत्याशी रहेंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव प्रसाद यादव ने कहा की लोकसभा चुनाव में संगठन कार्यकर्ताओं व समर्थकों के बलबूते पर सर्वजन सुखाय पार्टी केवल चुनाव ही नहीं लड़ेगी बल्कि जीतने का काम भी करेगी। कार्यकर्ता बैठक में सर्वजन सुखाय पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दशरथ सिंह यादव मैनपुरी, राष्ट्रीय महासचिव राम शंकर शर्मा, सत्यराम सिंह यादव, बुंदेलखंड प्रभारी उमेश यादव, प्रदेश अध्यक्ष जसकरन सिंह कठेरिया, कानपुर मंडल प्रभारी सत्येंद्र कठेरिया, कमलेश यादव शिकोहाबाद प्रदेश महासचिव रामदास यादव, आगरा मंडल प्रभारी वीकेश यादव, जिलाध्यक्ष फिरोजाबाद विनीत यादव, जिला अध्यक्ष मैनपुरी सत्येंद्र यादव, जिला अध्यक्ष कन्नौज प्रिंस यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से अपनी-अपनी जगह से लोकसभा प्रत्याशी बनने के लिए आग्रह किया। जिला अध्यक्ष फर्रुखाबाद सामोद यादव, जिला महासचिव औरैया रामकुमार यादव, रानू खान, हरि गोविंद सिंह राजपूत, राकेश कुमार वर्मा, मनोज यादव ने विचार व्यक्त किये। बैठक का संचालन जिला अध्यक्ष इटावा जितेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

# पत्रकारों की शिकायत को सीएम कार्यालय ने लिया संज्ञान

**सुमेरपुर, हमीरपुर समृद्धि न्यूज**



ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा पत्रकारों के खिलाफ और अनर्गल टिप्पणी के मामले को मुख्यमंत्री कार्यालय ने गंभीरता के साथ लिया है। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने जिलाधिकारी को जांच उपरांत कार्यवाही के लिए आदेशित किया है। उधर ग्रापए जिलाध्यक्ष ने कहा कि अगर दोषी के खिलाफ समय रहते प्रशासन कार्रवाई नहीं करता है तो वह प्रदेश महासचिव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से भेंट करके अपनी समस्या से अवगत कराकर कार्यवाही की मांग करेंगे। बीते दस जनवरी को ग्राम पंचायत बड़ागांव में बीडीओ द्वारा गठित जांच टीम को गांव के दो कार्य स्थलों में सामग्री मौके पर नहीं मिली थी। इस खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था। खबर प्रकाशन के बाद पंचायत सचिव ओमप्रकाश ने पत्रकारों के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी करके जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन डीपीआरओ को सौंपा था। इस टिप्पणी से आहत ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने साक्ष्यों के साथ मामले की शिकायत 18 जनवरी को जिलाधिकारी से करके जांच कराकर कार्यवाही की मांग की थी। ग्रापए की शिकायत को खुफिया विभाग ने मुख्यमंत्री को भेजी थी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने इस शिकायत को गंभीरता के साथ लिया है।

मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद में सात फरवरी को जिलाधिकारी को जांच उपरांत कार्यवाही के आदेश दिए हैं। उधर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष मनोज त्रिपाठी व जिला महासचिव नंदकिशोर यादव ने कहा कि अगर प्रशासन पंचायत सचिव के खिलाफ समय रहते कार्यवाही नहीं करता है तो वह प्रदेश महासचिव के साथ मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी शिकायत से अवगत कराकर कार्यवाही की मांग करेंगे।

# मोबाइल अब वैश्विक महाविद्यालय हो गया, इसका दुरुपयोग न करें: पाल

**स्नातक उत्तीर्ण 509 छात्र-छात्राओं को बांटे मोबाइल**

कालपी (जालौन)। समृद्धि न्यूज



**कालपी** कालेज कालपी में आयोजित मोबाइल वितरण समारोह में आये भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल छात्र छात्राओं को राष्ट्र प्रथम का पाठ पढ़ा गए। कहा जीवन का लक्ष्य राष्ट्रहित होना चाहिए न कि जीविका।

रविवार को नगर स्थित कालपी कालेज कालपी में स्नातक कक्षाओं में उतीर्ण हुए 509 छात्र छात्राओं को शासन द्वारा मोबाइल फोन दिये जाने थे। कार्यक्रम का मुख्य आथित्य भाजपा के कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल रहे। इस दौरान उन्होंने छात्र छात्राओं को मोबाइल सौंपते हुए कहा कि मोबाइल अब वैश्विक महाविद्यालय हो गया है। इससे घर बैठे महत्वपूर्ण जानकारी ली जा सकती है हालांकि उन्होंने नसीहत देते हुए कहा कि इसका दुरूपयोग जीवन बरबाद कर सकता है। इस दौरान उन्होंने छात्र छात्राओं को राष्ट्र प्रथम का भी पाठ पढ़ाया और कहा कि जीवन का लक्ष्य देश का विकास होना चाहिए न कि आजीविका। उन्होंने कहा कि व्यक्ति कही भी रहकर देश की सेवा कर सकता है इसके लिए उन्हें देश की सेना में जाने की जरूरत नही है। इस दौरान उन्होंने सभी से देश हित में ही मतदान करने की भी अपील की। वही कार्यक्रम में मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने भी छात्र छात्राओं को मोबाइल वितरित करते हुए कहा कि इससे दुनिया मुठ्ठी में आ जाती है लेकिन इसके प्रयोग भविष्य संवारने में किया जाए अन्यथा इसका दुरुपयोग जीवन को तहस नहस कर देता है। उन्होंने कहा कि युवा ही देश के विकास की धुरी है और अगर यह बरबाद हो गया तो देश डूब जाएगा। इसलिए इसका प्रयोग वेहद सोच समझकर किया जाना चाहिए। वही कालेज के प्रबन्धक व पूर्व विधायक डा. अरूण मेहरोत्रा ने कहा कि यह मोबाइल फोन छात्राओं के लिए वेहद उपयोगी है जो पढ़ाई के साथ इसे घर ग्रहस्थी के कार्य में भी प्रयोग कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि शासन मोटे अनाज को वेहद प्राथमिकता दे रही है इसलिए इन अनाजों के आम जीवन में प्रयोग की जानकारी भी हासिल हो जाएगी। उन्होंने इस दौरान कहा कि मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिहाज से भी बेहद महत्वपूर्ण है। इस मौके पर पूर्व विधायक सन्तराम सिंह सेंगर, रमेश तिवारी, अशोक वाजपेई, शिववीर भदौरिया अनिल बहुगुणा, भाजपा नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव, महेवा अध्यक्ष रिसाव सिंह, राघवेंद्र सिंह जादौन, पुष्पेन्द्र सिंह सैंगर, ज्योति विश्वकर्मा नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा, ऊषा शुक्ला, अमरदीप पाण्डेय, रोहित विधार्थी प्रबन्धक ठक्कर वापा इण्टर कालेज, डा सूर्य नरायन सिंह प्राचार्य कालपी कालेज कालपी, उपप्राचार्य डा. सुधा गुप्ता, प्रो डा. मधुप्रभा त्रिपाठी, डा. धर्मेन्द्र पाल सिंह के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कालेज स्टाफ मौजूद रहा।

# जेस्ट कोचिंग सेंटर द्वारा जेस्ट खोज प्रतियोगिता आयोजित

उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज



**छात्राओं का** उत्साह पढ़ाई के प्रति और बढ़ाने के लिए आए दिन स्कूलों में भिन्न-भिन्न लिखित प्रतियोगिताएं कराई जा रही हैं, जिससे छात्र एवं छात्राएं अपनी पढ़ाई के प्रति कठिन मेहनत कर अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण हो सके। इसी को देखते हुए जेस्ट कोचिंग सेंटर द्वारा जेस्ट खोज प्रतियोगता 2024 आयोजित की गई। राम अवध यादव इंटर कॉलेज महुआ ढार को परीक्षा केंद्र बनाकर विद्यालय के प्रत्येक कमरें में कैमरे की सख्त निगरानी व प्रत्येक कमरे में दो-दो अध्यापक के बीच परीक्षा को सफल बनाया। जेस्ट कोचिंग सेंटर के संस्थापक संतोष कुमार मोर्य ने बताया कि जेस्ट खोज प्रतियोगता बीते कई वर्षो से हमारे कोचिंग में होती चली आ रही है, इस स्मृति प्रतियोगिता में केवल कक्षा 10 व 12 के अध्ययनरत छात्र एवं छात्राएं का ही फॉर्म भरा गया है। इस फार्म की फीस मात्र दो सौ रुपए रखी गई, परीक्षा में कुल 300 बच्चों ने हिस्सा लिया, परीक्षा को ह्रस्क्र सीट पर कराई गई परीक्षा में कुल 100 प्रश्न पूछे गए थे, परीक्षा में कुल 90 मिनट का समय दिया गया था। संतोष मौर्य ने बताया कि इसका परिणाम आगामी 10 मार्च की तारीख को बताया जाएगा, जिसमें उत्तरीण हुए छात्रों को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर परीक्षा निरीक्षक के रूप में चंदन श्रीवास्तव, अब्दुल रहमान, आकर्ष श्रीवास्तव, साहुल कनौजिया, राहुल वर्मा, सचिन वर्मा, सुमित यादव, दुर्गा प्रसाद, सूरज कनौजिया, शिवम मौर्य, राजा मौर्य, अक्षय, नैना चौरसिया, अर्चना व खुशबू वर्मा आदि लोग मौजूद रहे और इस परीक्षा को सफल बनाया।

## खबरें एक नजर में

### डग्गामार वाहन चालकों को पुलिस व प्रशासन का नहीं कोई खौफ

**उतरौला(बलरामपुर)।** क्षेत्र की सड़कों पर चारो ओर बेपटरी दौड़ रहे डग्गामार वाहन लोगों की जान से खुले आम खिलवाड़ कर रहे हैं। अधिक पैसा कमाने के चक्कर में सवारियों को भूसे की तरह ठूंस - ठूंसकर भर रहे इन वाहन चालकों में पुलिस व प्रशासन का कोई खौफ नही है।यहां की सड़कों पर चल रहे इस प्रकार के वाहनों पर पुलिस का कोई नियंत्रण न होने के चलते यह बेहिचक सड़कों पर फर्राटा भरते देखे जा रहे हैं।इतना ही नही इन वाहनों से आए दिन हादसों की जानकारी मिल रही है इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नही दे रहे हैं। अपनी जान जोखिम में डाल इन डग्गामार वाहनों यात्रा कर रहे लोगों की भी अपनी मजबूरी है।चूंकि क्षेत्र में परिवहन संसाधनों का पहले से ही भारी अभाव रहा है अधिकांश ग्रामीण इलाकों में रोडवेज बसों की कमी के चलते क्षेत्र में डग्गामार वाहनों का चलना आम बात है यहां के मुख्य मार्ग उतरौला से मनकापुर,अयोध्या,प्रयाग राज व उतरौला से पिपरा देवी पाटन मंदिर के लिए रोडवेज बसों का संचालन न के बराबर है जिसके चलते यात्री डग्गामार वाहनों में सफर करने को मजबूर हैं।उक्त वाहन चालक सवारियों को भेड़ बकरी की तरह ठूंस- ठूंस कर भरते हैं।यहां तक की वाहनों की चालक सीट पर भी तीन से चार सवारियों बैठे को देखा जा सकता है जो सीधे सड़क दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं।

### बरसात के साथ ओला गिरा, किसान चिंतित

**दुद्धी सोनभद्र।** आज शाम को अचानक आसमान से गरज और चमक के साथ बरसात हुआ बरसात के साथ ओले भी गिरे। अचानक हुई बरसात और ओले गिरने से किसान काफी चिंतित हो उठे हैं। बरसात से जहां किसानों मैं खुशी देखने को मिला वही वही किसानों में ओले गिरने से चिंता भी देखी गई। अचानक हुए शाम को 15 मिनट की बरसात में खेतों में जान डाल दिया। इस बरसात से किसानों के गेहूं में दाने अच्छे होने के आसार प्रबल हो गए हैं। किसानों को कहना है कि अगर सुबह बरसात हो जाती है तो खेतों में कीड़े के आसार कम होंगे अगर धूप नहीं निकला तो कीड़े फसल में लगने के आसार होने की संभावना किसानों ने व्यक्त किया है।

### भव्य कलशयात्रा के संग सप्तदिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ

**चोपन/ सोनभद्र।** नर्मदेश्वर महादेव श्री पराम्बा शक्ति पीठ चोपन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ का आज भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीधाम वृन्दावन से पधारीं गुरु मां श्री ध्यानमूर्ति जी महाराज के सानिध्य में सैंकड़ों की संख्या में माता बहन मंगल कलश अपने शीश पर धारण करके यात्रा में सम्मिलित हुई आज कथा के पहले दिन गुरु मां ने बताया कि गुप्त नवरात्रि के पावन दिनों में गुप्त काशी कहे जाने वाले चोपन में आरंभ हुई यह श्रीमद्भागवत कथा सभी को सुख संपदा प्रदान करने वाली होगी 6 अध्यायों वाले भागवत के महात्म्य की कथा का श्रवण कराया यह कथा भक्ति प्रदान करने वाली कथा है जब भक्ति माता के जीवन में भी दुख आया तब सनकादिक ऋषियों द्वारा श्रीमद्भागवत कथा के वाचन से ही भक्ति माता के दुखों का निवारण हुआ । यह कथा देवताओं के लिए भी दुर्लभ कथा है इस कथा के श्रवण से बड़े से बड़ा पापी भी तर जाता है गौकर्ण जी द्वारा अपने भाई धुंधकारी के निम्मित किये इस अनुष्ठान ने उस महापापी का भी उद्धार कर दिया आज कथा श्रवण नियम भी बताए कि किस प्रकार से कथा का श्रवण किया जाना चाहिए 7इस मौके पर अध्यक्ष , विनोद सिंह,प्रबंधिका श्रीमती बारमती देवी, प्रदीप अग्रवाल,दीनदयाल सिंह,अरविंद उपाध्याय, हंसराज शुक्ला, मोमबहादूर, आशा देवी,रघुराइ, सोनू जायसवाल, धर्मेन्द्र जायसवाल,नागेंद्र, लालजी मिश्रा, आर पी राम, लालबाबू सिंह, जयशंकर पाण्डेय, भारती जी, रमेश आदि मौजूद रहे।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो महिलाओं की दर्दनाक मौत, एक युवक सहित दुधमुंही घायल

**चोपन/सोनभद्र।** रविवार को थाना क्षेत्र के सिंदूरिया गांव के समीप चोपन भरहरी मार्ग पर बाइक सवारों को हाइवा ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया जिसके बाद बाइक पर बैठी दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक चला रहा युवक व एक तीन महीने की दुधमुंही बच्ची घायल हो गये उधर घटना की सुचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और रास्ता जाम कर दिया सुचना मिलते ही मौके पर पुलिस भी पहुंच गई7 प्राप्त जानकारी के मुताबिक लल्लू पुत्र रामचंद्र निवासी पनौरा थाना पन्नूगंज अपनी भाभी के मायने देवखर थाना जुगैल गया था रविवार को दोपहर बाद वह अपनी भाभी राजमती पत्नी नरेश उम्र लगभग 30 वर्ष व एक नाम पता अज्ञात रिस्ते में बुआ तथा तीन महीने की दुधमुंही बच्ची को लेकर अपने घर पनौरा जा रहा था जैसे ही वह सिंदुरिया गांव से आगे बढ़ा तो चोपन से सिंदूरिया की तरफ जा रही हाइवा ट्रक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दिया टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक चला रहा युवक व तीन महीने की बच्ची घायल हो गए सुचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई वहीं मौके पर पहुंचे जुगैल जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजीव तिवारी व मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह ने दुर्घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किए नेता द्वय का आरोप था कि लंबे समय से सड़क निर्माण कार्य चल रहा है जो कि आजतक पूरा नहीं किया गया जिसके चलते आये दिन दुर्घटना हो रही है उधर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह ने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराते हुए दोनों शवों को कब्जे में लेकर अग्रीम कार्यवाही में जुट गए वहीं दोनों घायलों को चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज जारी था7 गौरतलब है कि चोपन भरहरी मार्ग पर चोपन वैरियर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आगे तक लगभग आठ सौ मीटर का सीसीरोड का निर्माण किया जा रहा है जो कि एक वर्ष होने को जा रहा है किंतु अभी तक पूर्ण नहीं हो पाया है जिसके चलते आये दिन दुर्घटनाये हो रही है बावजूद इसके जिम्मेदार मौन धारण किए हुए हैं जिसके चलते बेसमय लोग काल के गाल में समा जा रहे हैं लोगों का कहना है कि आज जो दुर्घटना हुई है यदि सड़क बन गया होता तो किसी का परिवार नहीं उजड़ता।

### सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान से अभी तक खाद्यान्न वितरण नहीं, लोगों में आक्रोश

**दुद्धी सोनभद्र।** सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान से आम कार्ड धारकों को अभी तक खाद्यान्न नहीं मिलने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। कार्ड धारकों का कहना है कि फरवरी माह की 11 तारीख बीत चुका है उसके बाद भी सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान से खाद्यान्न वितरण शुरू नहीं हुआ जिससे लोगों के समक्ष खाने के लिए खाद्यान्न की समस्या खड़ा हो गया है। लोगों का कहना है कि समय से खाद्यान्न वितरण न होने से गरीब असहाय लोगों को बाजार से ऊंचे दामो पर चावल गेहूं लेने के लिए मजबूर हो रहे हैं वही सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान में खाद्यान्न उठान करा कर करीब 10 दिनों से सरकारी सस्ते गल्ले के दुकान में खाद्यान्न रखा पड़ा हुआ है लेकिन वितरण नहीं किया जा रहा है वही चूहा खाद्यान्न को खाकर बोरो से कम करने के लिए अपना अभियान चूहा जारी रखे हूए है।

# ग्रामीण अंचलों से क्रिकेट प्रतिभाओं को खोज कर दिलाये जाएंगे समुचित अवसर: प्रमुख सचिव

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज



**अब** ग्रामीण स्तर से क्रिकेट खेल प्रतिभाओं को तलाश कर उन्हें समुचित अवसर और संसाधन दिलाने की दिशा में प्रशासन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के संकेत दे दिए हैं रविवार को यहां पुलिस लाइन स्थित सभागार में प्रमुख सचिव प्रशासन उत्तर प्रदेश एवं डीसीए अध्यक्ष रविंद्र नायक ने जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक और पुलिस कमिश्नर कानपुर के साथ बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए स्पष्ट कर दिया कि जनपद में ग्रामीण अंचल से खेल प्रतिभाओं को तलाश कर उन्हें खेल के समुचित संसाधन और अवसर प्रदान कराए जाएं। इस मौके पर प्रमुख सचिव श्री नायक ने सभी से उनके सुझाव लिए और फिर सभी को यह भी निर्देशित किया कि अपने-अपने स्तर से यथोचित प्रयास शुरू कर दें ताकि ग्रामीण अंचलों में छुपी खेल प्रतिभाओं को बाहर लाया जा सके। बताते चलें कि यह पुलिस लाइन स्थित मैदान में चल रहे वूमेंस क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन अवसर पर विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार वितरण समारोह में वह बतौर मुख्य अतिथि पधारे थे। समझ से पूर्व आयोजित बैठक में जिले के क्रिकेट से जुड़े वरिष्ठ खिलाड़ियों और क्रिकेट को प्रोत्साहन देने वाले लोगों के साथ चर्चा करते हुए प्रमुख सचिव श्री नायक ने यह भी कहा कि अब वूमेंस क्रिकेट में भी लड़कियां बेहतर प्रदर्शन के साथ आगे आ रही है उन्हें अधिक से अधिक प्रोत्साहन की जरूरत है इस मौके पर यूपीसीए के डायरेक्टर श्याम बाबू रियासत अली प्रेम मनोहर ने भी अपने सुझाव दिए इस दौरान पुलिस कमिश्नर कानपुर अखिल कुमार ने कहा कि वह भी क्रिकेट खिलाड़ी के तौर पर अपना अनुभव रखते हैं और उन्होंने महसूस किया है कि खिलाड़ियों को समुचित अवसर और संसाधन कितना जरूरी है उन्होंने विश्वास जताया कि यदि इस दिशा में समुचित प्रयास होते हैं तो खिलाड़ियों को बेहतर दिशा देकर आगे लाया जा सकता है। जिलाधिकारी राजेश पांडे ने कहा कि अब समय बदल गया है और माहौल भी खिलाड़ियों के अनुरूप है उन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर को तैयार कर कुछ नए प्रस्तावों को लाने का मन बनाया है और इस दिशा में फरवरी माह के अंत में खेल प्रोत्साहन समिति की बैठक भी करेंगे। पुलिस अधीक्षक इरज राजा ने कहां की अब क्रिकेट में काफी सुधार देखने को मिल रहा है जल्दी ही कुछ और क्लू के साथ टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर पहलकराई जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी भीम जी उपाध्याय, डीआईओएस राजकुमार पंडित, डीसीए कोषाध्यक्ष अनिल सिंदूर, डा. अविनाश सिंह सेंगर, विकास शर्मा, प्रदीप सिरोठिया, विनय सिंह, अनूप लाला, शरद श्रीवास्तव मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय बलरामपुर के पांच शाखाओं पर एक मुफ्त समझौता/ रिकवरी कैंप का होगा आयोजन



**उतरौला (बलरामपुर)।** प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक प्रधान कार्यालय मुरादाबाद के द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय बलरामपुर में एक साथ एक ही दिन पांच अलग-अलग शाखों पर मेगा एक मुफ्त समझौता/ रिकवरी कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए शाखा सादुल्लाह नगर बैंक प्रबंधक मिनहाजुल आब्दीन ने बताया कि बैंक पूरे जनपद में एक ही दिन में पांच शाखों पर ऋणदाताओ को एक सुनहरा अवसर दे रही है। जिससे ऋणदाताओं को लाभ मिलेगा। जिन शाखों पर ओटीएस कैंप होना है ।वह शाखाएं नई बाजार तुलसीपुर, चकवा, सादुल्लाह नगर, पचपेड़वा, मथुरा बाजार शाखाएं हैं। उन्होंने बताया कि दिनांक 12 फरवरी 2024 दिन सोमवार को शाखा सादुल्लाह नगर शाखा मद्दो घाट, शाखा बूधीपुर, शाखा किशुनपुर गिरंट, शाखा रामपुर गिरंट व शाखा इटईरामपुर के ऐसे ग्राहक जो की आर्थिक रूप से कमजोर हैं। और अपने ऋण को अदा नहीं कर पा रहे हैं। वह शाखा कार्यालय सादुल्लाह नगर के परिसर के सामने रामलीला मैदान में समय से उपस्थित होकर अपने ऋण खातों को भारी छूट के साथ बंद करवा सकते हैं ।प्रथमा बैंक के इस अवसर से बड़ी संख्या में लोगों को लाभ की संभावना से ऋणदाताओं में उत्साह है।

# आज केजरीवाल सपरिवार करेंगे रामलला का दर्शन,साथ में होंगे पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान

अयोध्या। समृद्धि न्यूज



सोमवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सपरिवार रामलला के दर्शन करने अयोध्या आ रहे है।रविवार को यह जानकारी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व अयोध्या जिला प्रभारी संजीव निगम और अयोध्या जिलाध्यक्ष एडवोकेट अनिल प्रजापति ने संयुक्त रूप से दी।प्रदेश प्रवक्ता व अयोध्या जिला प्रभारी श्री निगम ने बताया कि केजरीवाल देश मे एक मात्र नेता है जो कि अपने राज्य में तमाम जनहित के दूसरे कार्यो के साथ साथ दिल्ली के बुजुर्गो को देश के अलग अलग भागो में तीर्थयात्रा करवा रहे है।अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब तीर्थ यात्रियों की संख्या पहले से ज्यादा होगी।अयोध्या जिलाध्यक्ष एडवोकेट अनिल प्रजापति ने बताया कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी पंजाब में तमाम दिल्ली वाली सुविधाएं दे रहे है।पंजाब में भी स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में आमूल-चूल परिवर्तन हुआ है प्रभु राम के आशीर्वाद से आम आदमी पार्टी और नई ऊर्जा के साथ देश के लोगो की सेवा करेगी।

# ऑनलाइन व्यापार के लगातार बढ़ते मायाजाल ने स्थानीय बाजार की बिगाड़ी चाल

उतरौला(बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज

**ऑनलाइन** शापिग बाजार के मायाजाल ने स्थानीय बाजार की चाल बिगाड़ कर रख दी है। पहले भारत के मेट्रो शहरों, फिर महानगरों और अब ग्रामीण इलाकों में खुद की जड़े मजबूत कर रहे ऑनलाइन शापिग के बढ़ते क्रेज ने स्थानीय खुदरा व्यापारियों की कमर तोड़ कर रख दी है। जीएसटी के जंजाल पिछले कई सालों से फल-फूल रहे ऑनलाइन शापिग कारोबार से भले ही ग्राहक संतुष्ट हो रहे हों लेकिन इसने रिटेल बाजार को काफी प्रभावित किया है। बाजार में लाखों करोड़ों का इन्वेस्टमेंट कर के बैठे दुकानदारों की स्थिति यह है कि कई को खर्चे निकालना मुश्किल हो रहा है। फेस्टिव सीजन में लोगों को बाजार के उठने की उम्मीद है लेकिन अमेजन, फ्लिपकार्ट, मिंत्रा समेत अन्य कई कंपनियों की ओर से मोबाइल, इलेक्ट्रानिक्स, कॉस्मेटिक, गैजेट्स, गारमेंट्स व जूतों समेत अन्य कई चीजों पर लुभावने ऑफरों की चकाचौंध में खुदरा दुकानदारों की दीवाली काली न हो जाए सबको यही डर सता रहा है।

### सस्ता सामान लुभा रहा ग्राहकों को

लोगों के मन में एक धारणा सी बैठ गई है कि बाजार में मिलने वाले सामान की अपेक्षा ऑनलाइन मिलने वाले सामान पर ज्यादा डिस्काउंट मिलता है। प्रतिस्पर्धा के चक्कर में ऑनलाइन कपंनियां ग्राहकों को 50 से 70 फीसद तक की छूट भी देती हैं। इससे ग्राहकों का झुकाव ऑनलाइन बाजार की तरफ बढ़ता जा रहा है। हालांकि कई बार ग्राहक ऑनलाइन शापिग में ठगी का शिकार भी होते रहे और घटिया उत्पादों की आपूर्ति से कई ग्राहकों का मन भी टूटा है।

### सबकुछ सिर्फ एक क्लिक पर

घर-घर इंटरनेट की पहुंच के बाद लोगों के हाथों में मौजूद स्मार्ट फोन की एप्लिकेशन स्टोरेज में मौजूद फ्लिपकार्ट और अमेजन जैसे एप्स में मात्र एक क्लिक में ही कपड़ा, जूता, मोबाइल, टीवी, फ्रिज, फर्नीचर यहां तक की हवन सामग्री समेत सब कुछ घर की दहलीज पर उपलब्ध हो जा रहा है। बाजार में धक्के खाने के झंझट से मुक्ति का एहसास करते हुए युवक, युवतियों, महिला ग्राहकों को यह खरीदारी काफी लुभावनी लगती है। ग्राहकों के इसी व्यवहार को कैश कराने की मंशा से कंपनियां भी लगातार कुछ न कुछ नए ऑफर रोज दे रही हैं।

### क्या कहते हैं स्थानीय व्यापारी

ऑनलाइन शापिग से बाजार पर काफी प्रतिकूल असर पड़ा है। सरकार को इस बारे में सोचना चाहिए कि यदि ऐसा चलता रहा तो खुदरा व्यापारी क्या करेंगे। ऑनलाइन शापिग की एक सीमा तय होनी चाहिए।

**गगनप्रीत पाहुजा, रेडीमेड व्यवसायी**

ऑनलाइन बाजार से बाजार में ग्राहकों की कमी आई है। पिछले कई सालों में दुकानदारी घटी है। त्योहारी सीजन में अच्छे व्यापार की आस में सामानों का स्टाक करते हैं और ऑनलाइन कंपनियों के बड़े बड़े लुभावने प्रचारों के चलते दुकानदारी पर सीधा असर पड़ रहा है।

**गुलफाम, बिसातबाना व्यवसायी**

ऑनलाइन शापिग का सबसे ज्यादा असर मोबाइल मार्केट पर हुआ है। पहले की तुलना में अब युवा ग्राहक अधिकतर ऑनलाइन ही मोबाइल मंगा रहे हैं। ऐसे में दुकानदारों को काफी नुकसान हो रहा है।

**फैज अहमद, फुटवियर व्यवसायी**

ऑनलाइन व्यापार ने फुटकर व्यापारियों के लिए नासूर जैसे काम कर रहा है। व्यापार लगातार प्रभावित हो रहा है और खुदरा व्यापारियों को अपने खर्चे निकालने के लिए सोचना पड़ रहा है।

**शाहिद रज़ा, मोबाइल दुकानदार**

सरकार को ग्रामीण क्षेत्रों के खुदरा व्यापार के बारे में सोचना चाहिए। एक तरफ ऑनलाइन बाजार का दायरा बढ़ता जा रहा है। दूसरी तरफ स्थानीय व्यापारियों का व्यवसाय चौपट हो रहा है। इस पर ठोस नीति बनाई जानी चाहिए।

**पलटू राम किराना व्यवसायी**

लगातार आ रहे लुभावने आफरों के चलते ग्राहकों द्वारा बाजार में खरीदारी करने का रुझान कम हुआ है। घड़ी बाजार भी इससे अछूता नहीं है। एक ओर आर्थिक मंदी, दूसरी ओर ऑनलाइन व्यापार का लगातार बढ़ता क्रेज। इसके कारण खुद के जैसे व्यवसाइयों का व्यापार प्रभावित हो रहा है।

**मोहम्मद अहमद, घड़ी व्यवसायी**

# नौ कुंडलीय महायज्ञ से ऋचाओं की गूंज माहौल को भक्तिमय बना रही

कोंच (जालौन)। समृद्धि न्यूज




**यहां महेशपुरा** रोड स्थित पड़ती पर नौ कुंडीय मां दुर्गा व सहस्त्र चंडी महायज्ञ जारी है जिसमें वेदों की ऋचाओं की गूंज वातावरण को भक्तिमय बना रही है। इसी परिसर में बने कथा पंडाल में श्रीमद्भागवत कथा भी श्रोताओं के कानों में रस घोल रही है। कथा के द्वितीय दिवस कथा व्यास पं. ज्ञानेश्वर दास महाराज वृंदावन धाम ने कहा कि भगवन्नाम स्मरण से ही पतितों का उद्धार हो जाता है।

कथा व्यास ने अजामिल का उपाख्यान सुनाया, कहा कि अजामिल बड़ा अत्याचारी था परंतु अंत समय में उसने अपने मुख से भगवान का नाम लिया जिससे उसका उद्धार हो गया। मृत्यु शैय्या पर पड़े अजामिल को जब यमराज लेने आए तो वह अपने बेटे नारायण को बुलाने लगा। उसी समय भगवान नारायण के दूत उसे लेने आ गए और उसकी यमराज के दूतों से रक्षा की। वह सोचने लगा कि अगर भगवान का नाम सच्चे मन से ले तो भगवान भी उसे मिल जाएगा। उसने अपने मुख से मरते समय भगवान का नाम उच्चारण किया जिससे अंत समय में उसका उद्धार हो गया और भगवान का धाम उसे मिला। बाबा तुलसी ने रामचरित मानस में भी कहा है, श्मरतहूं जासु नाम मुख आबा, अधमहु मुकुत होय श्रुति गावा। कथा व्यास कहते हैं कि अगर मृत्यु के समय व्यक्ति भगवान का नाम उच्चारण कर लेता है उसे भगवत धाम ही मिलता है और उसका उद्धार हो जाता है। अतरू भगवान का नाम जिस अवस्था में हो उस अवस्था में नाम उच्चारित करते रहना चाहिए। प्रहलाद चरित्र की भी कथा श्रवण कराई। इधर, सहस्त्र चंडी महायज्ञ में वेदों की ऋचाओं से वातावरण गुंजायमान हो रहा है। पं. लल्लू राम मिश्रा, पं. राहुल तिवारी, पं. संदीप शांडिल्य, रामकिशोर दूरवार कैलिया, पं. सुमित कुमार शास्त्री आदि ब्राह्मण यज्ञ के अनुष्ठानों में लगे हैं। यज्ञ वेदी पर सभासद खुशबू-आवेश जाटव, शकुंतला-माताप्रसाद राठौर, रामादेवी-बाबूराम दीक्षित, सुनीता-अरुण सिंह, गीता-बाबूराम राठौर, कीर्ति-ब्रजेंद्र यादव बैठे हैं। यज्ञ परीक्षित सरोज रामकपूर सोनी तथा भागवत परीक्षित गरिमा सुरेंद्र तिवारी ने आरती पूजन किया।

### क्षेत्रीय कैनवास टूर्नामेंट फाइनल मुकाबला जावर ने जीता

**दुद्धी, सोनभद्र।** ब्लॉक क्षेत्र के टेढ़ा गाँव में चल रहे 12वें क्षेत्रीय कैनवास क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल विजेता का ख़िताब जाबर ने जीत लिया।रविवार को फाइनल मुकाबला टेढ़ा और महादेव क्लब जाबर के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मेजबान टीम ने 68 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जाबर की टीम ने लक्ष्य हासिल कर फाइनल ख़िताब पर कब्जा कर लिया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि दुद्धी नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित सोनी तथा भाजपा जिला मंत्री दिलीप पाण्डेय द्वारा विजेता ट्राफी के साथ 8100 रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया तथा उप विजेता टीम को उप विजेता की ट्राफी के साथ 4100 रुपए का नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा विजेता एवं उप विजेता खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कार से भी नवाजा गया।

# दो दिन से लापता वृद्ध किसान का शव बोरवेल में पड़ा मिला

- मृतक की पत्नी ने गांव के ही एक युवक पर लगाया हत्या का आरोप
- घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को बोरवेल से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, घटना की जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

कन्नौज,समृद्धि न्यूज। समृद्धि न्यूज


घटनास्थल पर लगी भीड़ — समृद्धि न्यूज

**थाना ठठिया** क्षेत्र के ग्राम जयसिंहपुरवा में दो दिन पूर्व लापता हुए एक वृद्ध किसान का शव रक्तरंजित हालातों में बोरवेल में पड़ा मिला। बोरवेल में शव पड़े होने की जानकारी मिलते ही किसान के परिजन समेत तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। इसी बीच किसी ने पुलिस को घटना की सूचना दे दी। घटनास्थल पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने ग्रामीणों की मद्द से बोरवेल से किसान के शव को बाहर निकाला। पुलिस ने मामले को लेकर परिजनों और ग्रामीणो से पूछताछ कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक किसान की पत्नी ने गांव के ही एक युवक पर हत्या करने का आरोप लगाया हैं। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई। जानकारी के अनुसार ठठिया थाना क्षेत्रान्तर्गत औसेर चौकी क्षेत्र के ग्राम जयसिंहपुरवा निवासी 70 वर्षीय किसान देशराज विगत 9 फरवरी की सुबह गांव के निकट खेतों की ओर गये हुए थे, जिसके बाद वह वापस घर नही लौटे तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने देशराज की खोजबीन शुरु कर दी, लेकिन उनका कोई पता नही चला। परिजनों ने अगले दिन पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज करवाई। रविवार को ग्रामीणों ने देशराज के परिजनों को फोन पर सूचना दी, कि देशराज का शव गांव के बाहर बोरवेल पर पड़ा है। सूचना मिलते ही परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंच गये। इसी बीच ग्रामीणों ने पुलिस को भी सूचना दे दी। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस टीम पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मद्द से शव को बाहर निकलवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस ने घटना को लेकर परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ की। मृतक देशराज की पत्नी ने गांव के ही एक युवक पर हत्या कर शव बोरवेल में फेके जाने का आरोप लगाया। मृतक देशराज की पत्नी ने बताया कि गांव का एक युवक आए दिन उनकी नातिन को परेशान करता था। बताया कि 8 दिन पूर्व उक्त युवक रात के समय उसकी छत पर चढ़ आया था। शोरगुल करने के बाद वह वहां से भाग गया था। अगले दिन सुबह जब देशराज उसके घर शिकायत करने गये तो उस युवक के परिजन लड़ाई-झगड़े पर आमादा हो गए और जान से मारने की धमकी देने लगे थे। मामले को लेकर पुलिस गहनता से जांच पड़ताल में जुट गई है। घटना को लेकर मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# पालिका ने नाले पर बना अवैध निर्माण गिरवाया


दीवार को ध्वस्त कराते प्रधान लिपिक व कर्मी — समृद्धि न्यूज

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**गंदे जल** की निकासी के लिए पालिका द्वारा बनवाए गए नाले को कुछ लोगों ने दीवार उठाकर बंद कर लिया। जिसे संज्ञान में लेकर अधिशासी अधिकारी के निर्देश पर प्रधान लिपिक ने पालिका कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कराकर नाला को मुक्त कराया। रविवार को नगर के तिर्वा रोड पर गंदे जल की निकासी के लिए बने नाला को कुछ लोगों ने दीवार खड़ी कर अपनी जद में ले लिया। मामले की सूचना मिलते ही अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह के निर्देश पर पालिका के प्रधान लिपिक आरपी सिंह ने सफाई नायक अशोक कुमार सहित सफाई कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचकर सरकारी जगह पर बनाई गई दीवार को गिरवाकर नाला को मुक्त कराया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही अनवरत जारी रहेगी।

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक सम्पन्न

- शिक्षकों के लम्बित प्रकरणों का निस्तारण न हुआ तो बोर्ड परीक्षा के बाद डीआईओएस कार्यालय पर करेंगे धरना प्रदर्शन

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**रविवार को** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक शहर स्थित हुमैरा गर्ल्स इन्टर कालेज में आयोजित हुई। बैठक में जनपदीय विभिन्न प्रकरणों अवशेष वेतन, बोनस-चयन वेतन आदि पर चर्चा हुई एवं पिछली बैठक की समीक्षा, संगठनात्मक स्थिति पर विचार एवं शिक्षकों के लम्बित प्रकरणों पर विचार विमर्श हुआ। बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने की। इस अवसर पर शिक्षक भुवनेश्वर सिंह समेत संगठन के पदाधिकारियों ने संगठनात्मक स्थिति पर विचार विमर्श करते हुए एनपीएस की स्थिति को स्पष्ट किया एनपीएस लेखा अद्यतन न होने के कारण जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के प्रति आक्रोश व्यक्त करते हुए निन्दा की गई। कार्यकारणी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने डीआईओएस कार्यालय की शिक्षकों की समस्याओ के प्रति उदासीनता के लिए कार्यालय के लिपिकों के प्रति आक्रोश व्यक्त किया। वहीं प्रादेशीय मन्त्री श्रीकृष्ण यादव ने कहा कि संगठन द्वारा कोई महत्वपूर्ण कार्य होना चाहिए। एरियर, बोनस के लम्बित प्रकरणों पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की निंदा करते हुए कहा कि यहां भ्रस्टाचार पर अंकुश लगाने की चेतावनी दी। सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि बोर्ड परीक्षा संपन्न होने के बाद लम्बित प्रकरणों का निस्तारण नही हुआ तो डीआईओएस कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दम्पति घायल

- उपचार के दौरान पति की मौत, गंभीर रुप से घायल पत्नी का मेडिकल कालेज में उपचार जारी है

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**थाना इन्दरगढ़** क्षेत्र के ग्राम अगौस के निकट अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार दम्पति टक्कर मार दी। जिससे दम्पति गंभीर रुप से घायल हो गए। दोनो घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान पति ने दम तोड़ दिया। वहीं गंभीर रुप से घायल पत्नी का इलाज किया जा रहा।

जानकारी के अनुसार थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के ग्राम अनंतपुर निवासी 50 वर्षीय रामप्रताप अपनी बाइक पर पत्नी को लेकर तिर्वा नगर गए थे। यहां से अपना कार्य निपटाने के बाद वह दोनों बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहे थे, जब वह ग्राम अगौस के निकट पहुंचे, कि तभी तेज रफ्तार एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही राम प्रताप और उनकी पत्नी उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रुप सेघायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणो ने एम्बुलेंस की मदद से दोनो को राजकीय मेडिकल कॉलेज भिजवाया। जहां उपचार के दौरान रामप्रताप ने दम तोड़ दिया, वहीं उनकी पत्नी का उपचार जारी है। उधर हादसे की सूचना मिलते ही रामप्रताप के परिजन राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। रामप्रताप की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सूचना मिलते ही मेडिकल कालेज पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल के बाद शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# खबरें चलते-चलते

## हैकर ने खाते से पार किये नौ हजार रुपए

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** साइबर अपराधी ने युवक के खाते को हैक कर हजारों रुपए ट्रांसफर कर लिए। जानकारी होने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने के उपरांत कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम मौरा निवासी धर्मेंद्र कुमार पुत्र रामनिवास द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि उसका खाता आईडीएफसी बैंक में है। मध्य रात्रि किसी हैकर ने उसके खाते से नौ हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए। उसके द्वारा खाता का विवरण चेक करने पर एक्सिस बैंक खाताधारक राकेश कुमार के खाते में पॉच हजार रुपये व स्टेट बैंक खाता धारक धर्मेंद्र के खाते में चार हजार रुपये का ट्रांसफर दिख रहा है। पीड़ित ने बताया कि उसने साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर भी शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

## नाली के विवाद में दंपति से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** नाली के विवाद को लेकर दंपति के साथ गांव के ही चार लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम असौलिया निवासी संजीव कुमार द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है। रविवार को वह अपने घर के बाहर बैठा था तभी गांव के ही चार लोगों ने नाली के पानी के निकास को लेकर गाली गलौज करते हुये लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आई उसकी पत्नी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। और धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जाँच शुरू कर दी गई है।

## ऐबेनेजर पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन

**कोंच (जालौन)।** ऐबेनेजर पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का शनिवार को समापन हो गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का बढ़िया प्रदर्शन किया। स्कूल के प्रबंधक एएक्स जोसेफने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, कठिन समय में चुनौतियों का सामना धैर्य और साहस के करें। उन्होंने कहा, शिक्षा के साथ साथ जीवन में खेल जैसी शिक्षणेत्तर गतिविधियां भी जरूरी हैं जो सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। लौना रोड पर स्थित स्कूल में शुक्रवार को प्रारंभ हुई खेलकूद प्रतियोगिताएं शनिवार को समाप्त हुई जिनमें बच्चों ने अपने हुनर से स्थान पाए। 100 मीटर बालक वर्ग में अलफ विजेता और आयुष उपविजेता रहे। बालिका वर्ग में विजेता कनिष्का, उपविजेता जान्हवी रहीं। बालक वर्ग कबड्डी में अलफ, आयुष, ऋषभ, महेंद्र, ऋतिक, कृष्णा, सक्षम की टीम पहले स्थान पर रही। बालिका वर्ग खो-खो में ज्योत्सना, जान्हवी, कृतिका, मुद्रिका, दृष्टि, परिधि, आराध्या, नव्या व अक्षरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रिले रेस बालिका वर्ग में कृतिका व ज्योत्सना प्रथम तथा अनुष्का व आलिया द्वितीय स्थान पर रही। रिले रेस बालक वर्ग में समर व प्रिंस प्रथम तथा सत्यम अग्रवाल व गोपालजी दूसरे स्थान पर रहे। खो-खो बालक वर्ग में वंश, ऋतिक, शिवम, अश्विनी, विवेक,अमन, नैतिक, आरुष, रानू विजेता रहे। बालिका वर्ग कबड्डी में रिमझिम, खुशी, मोहिनी, अर्पिता, पुष्टि, कृषिका, कनिष्का की टीम विजयी रही। जूनियर वर्ग बालक एवं बालिका वर्ग में पचास मीटर दौड़, पोटेटो रेस, म्युजिकल चेयर, लेमन विद स्पून प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रबंधक ए एक्स जोसेफ प्रिंसिपल केजे ग्रेसी ने समापन अवसर पर कहा, अच्छा स्वास्थ्य और अच्छी समझ जीवन के दो ऐसे वरदान हैं जिनके सहारे व्यक्ति बड़ी से बड़ी चुनौती से पार पा सकता है। इस दौरान बाई प्रिंसिपल सेमुअल जोसेफ भी रहे। कार्यक्रम का संचालन आदित्य पालीवाल ने किया।

# कालपी, महेवा में आयुष्मान भवः मेले में 149 रोगियों का उपचार, 18 की हुई जांच

**कालपी (जालौन)।** शासन के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजना के तहत रविवार को कालपी तथा महेवा के चिकित्सालयों में आयुष्मान भवः मेलो को आयोजित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी, में चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर दिनेश बरतारिया की अध्यक्षता में आयुष्मान भवः मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर चिकित्सकों डॉक्टर विशाल सचान, डा. रूबी सिंह तथा डॉक्टर गोपाल जी द्विवेदी के द्वारा 101 मरीजों का सफलता पूर्वक उपचार किया गया। तथा 18 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण करके जांच की गई। सीएचसी परिसर में आयोजित साप्ताहिक मेले में आए मरीजों को जागरूक करते हुए डॉक्टर दिनेश बरतरिया ने कहा कि बदलते मौसम में सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि मौसम से बचाव करने के पूरी तरह से कपड़े पहने किसी प्रकार की बीमारी होने पर चिकित्सकों की सलाह पर इलाज करायें। चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विशाल सचान तथा डॉ. गोपाल जी द्विवेदी ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर प्रत्येक रविवार को मेले का आयोजन किया जाता है। मेले में सभी प्रकार की चिकित्सकीय सुविधा जनता को उपलब्ध कराई जाती है। मेले में मरीजों के मलेरिया, डेंगू, हीमोग्लोबिन, शुगर, बीपी आदि का स्वास्थ्य परीक्षण कर 18 लोगों की जांच की गई। इस मौके पर हरचरण सिंह, कुलदीप सचान, आकाश कुमार, रजनीश, जितेंद्र सोनी, अशोक कुमार, ममता, किरण राठौर, हरिओम तिवारी, राम संजीवन गुप्ता, राज कुमार मिश्रा आदि कर्मचारियों की मौजूदगी रही। इसी तरह नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी उदनपुरा में डा. अंजय कुमार की मौजूदगी में मेला लगाया गया।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में मरीजों को निःशुल्क दी गयी दवाइयां

- दो ब्लॉकों की पाँच पीएचसी पर 168 मरीजों को मिला उपचार

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़



**शासन ने** शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक रविवार को समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला आयोजित करने के निर्देश दिए गए है। जिसमें निशुल्क जांच के साथ दवाई वितरित करने के निर्देश है। इसके तहत जलालाबाद ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला आयोजित किया गया। पीएचसी जसपुरापुर सरैया में डॉ अनिल यादव ने 31, जलालाबाद में डॉ इफ्राक हुसैन ने 44, अनौगी में डॉ माजिद अली ने 29 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गई। इसी क्रम में गुगरापुर ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चियासर में डॉ देवदत्त राजपूत ने 12, पीएचसी कीरतपुर में डॉ विकास कन्नौजिया ने 52 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गई। चिकित्सकों के मुताबिक बुखार, जुखाम, खांसी मरीजों की संख्या अधिक रही। चिकित्सों ने मरीजों को बदलते मौसम में सचेत रहने की सलाह दी। इस दौरान डॉ सरोज शाक्य, फार्मासिस्ट रवींद्र कुमार, ओमकार, नवीन सचान, सीमा सचान, वार्ड बॉय रवि कुमार, सहित समस्त स्टाफ रहा।

# मिशन शक्ति अभियान चलाकर महिलाओं को दी जानकारी



गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

- हेल्पलाईन नम्बरों का प्रयोग करनें के लिये किया जागरूक

उच्चाधिकारियों के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली की महिला पुलिस टीम ने नगर के सार्वजनिक स्थानों सहित रेलवे स्टेशन के आसपास मिशन शक्ति अभियान चलाकर महिलाओं व युवतियों को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया। रविवार को कोतवाली पुलिस की महिला सिपाहियों ने महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए नगर के चौराहा, तिर्वा रोड, रेलवे स्टेशन के आसपास एवं सार्वजनिक स्थानों पर आने जाने वाली महिलाओं व युवतियों को आपातकाल में वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी डायल 112, 1098 पर समस्या से अवगत कराने सहित ऑपरेशन कवच के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या से घबरायें नही बल्कि हेल्पलाईन नम्बरों पर जानकारी देकर समस्या से मुक्ति पायें। इस दौरान प्रिंयका, राखी, रोशनी बालियान आदि मौजूद रहीं।

**कार्यक्रम** — भाजपा के लोकसभा चुनाव कार्यालय पर आयोजित हुई शक्ति वंदन अभियान के तहत चाय पर चर्चा कार्यक्रम

# नारी शक्ति को सम्मान देने का काम कर रही है केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकारः सुब्रत पाठक

- सांसद सुब्रत पाठक समेत भाजपा नेताओं ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से किया संवाद

कन्नौज,समृद्धि न्यूज





**आगामी लोकसभा** चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी अपनी रणनीति के तहत कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। भाजपा अपने संगठन की मजबूती के साथ-साथ सामाजिक संगठनों के बीच पहुंचना भी शुरू कर दिया है। इसके लिये भाजपा महिला मोर्चा ने गांव में चलने वाले स्वयं सहायता समूहों के साथ चाय पर चर्चा शुरू की है। रविवार को जिला मुख्यालय जीटी रोड स्थित भाजपा के लोकसभा चुनाव कार्यालय पर शक्ति वंदन अभियान के तहत चाय पर चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ की महिलाओं से संवाद कर महिलाओं से सम्बन्धित सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश व केंद्र की सरकार लगातार नारी शक्ति को सम्मान देने का काम कर रही है, जिसको लेकर लगातार केंद्र में मोदी व प्रदेश में योगी की सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के व उनके कल्याण के लिए योजनाओं को संचालित कर रही है। कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना हो, चाहे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना हो, प्रधानमंत्री मोदी लगातार आप सब के लिए काम कर रहे है। सांसद ने कहा कि पिछली सरकारों में जब महिलाएं कहीं घर से बाहर निकलती थी, तो उन में और उनके परिवारो में भय का माहौल रहता था, लेकिन आज बेटियां किसी भी समय बेखौफहोकर कही भी आ-जा सकती है। जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया ने कहा हम सब सनातनी हैं और सनातन में महिलाएं शक्ति का स्वरूप हैं। कहा कि प्रदेश व केंद्र की सरकार के मुखिया भी सनातनी है। दोनो ही शक्ति के उपासक है। दोनो महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रहे है। लोकसभा संयोजक नरेंद्र राजपूत ने अपने सम्बोधन में कहा कि केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की योगी सरकार सदैव महिला हित के लिए काम करती है। पीएम मोदी ने महिलाओं को राजनीत में भी बराबर की हिस्सेदारी देने के लिए संसद व विधानसभाओं में भी महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करने का काम किया है। इस अवसर पर सांसद सुब्रत पाठक ने महिलाओ को साल व बैग किट देकर सम्मानित किया। जिला महामंत्री हरिवक्स सिंह, जिला उपाध्यक्ष श्यामू राजपूत, जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, अजय वर्मा, जिला महामंत्री शैलेंद्र दुबे, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नेहा त्रिपाठी, शिल्पी भारती सहित पार्टी के अन्य पधाधिकारीगण मौजूद रहे।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़






# लोकतंत्र सेनानी सम्मेलन: आपातकाल के कालखंड को किया गया याद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

> लोकतांत्रिक अधिकारों की अहमियत लोकतंत्र सेनानियों से बेहतर कोई नहीं समझ सकता: एसपी

**मेला रामनगरिया** के सांस्कृतिक पंडाल में लोकतंत्र सेनानी सम्मलेन/गंगा प्रदूषण निवारण एवं पर्यावरण गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आपातकाल लोकतंत्र सेनानी समिति के प्रदेश अध्यक्ष ब्रज किशोर मिश्र एडवोकेट ने की।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों की अहमियत लोकतंत्र सेनानियों से बेहतर कोई नहीं समझ सकता। उन्होंने कहा कि संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों की सुरक्षा करना पुलिस का प्रथम कर्तव्य है और इसमें बाधा बनने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद को अपराधमुक्त करने के लिए पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है और इस कार्य में लोकतंत्र सेनानियों का सहयोग पुलिस के लिए बेहद अहम है। कार्यक्रम संयोजक ब्रज किशोर मिश्र एडवोकेट ने कहा कि 25 जून 1975 को आजाद भारत एक बार फिर आंतरिक गुलामी की बेड़ियों में जकड़ गया था। आपातकाल के कालखंड को याद करते हुए उन्होंने कहा तानाशाही सरकार ने न अपील, न वकील, न दलील के सिद्धांत पर आपातकाल का विरोध करने वाले समस्त राजनेताओं, विद्यार्थियों को जेल की काल कोठरियों में डाल दिया गया था और अनेकों प्रकार की अमानवीय यातनाएं देकर आन्दोलन को कमजोर करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि जनता के मौलिक अधिकारों पर कुठाराघात कर तत्कालीन तानाशाह ने आचार्य विनोवा भावे तक को अपमानित किया था, किन्तु 7 तालों के भीतर कुम्भकरणी नींद सोयी सरकार को उखाड़ फेंकने की कसम खा चुके लोकतंत्र रक्षक हटे नहीं, डिगे नहीं, डटे रहे।



एसपी को सम्मानित करते ब्रजकिशोर मिश्रा आदि

गोष्ठी को संबोधित करते हुए अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति ने कहा कि भारत में अनादिकाल से ही गंगा जीवनदायिनी और मोक्ष दायिनी रही है। माँ गंगा भारतीय संस्कृतिए सभ्यता और अस्मिता की प्रतीक रही हैं। गंगाजी की अविरल और निर्मल सतत् धारा के बिना भारतीय संस्कृति की कल्पना नहीं की जा सकती। माँ गंगा की स्वच्छता को लेकर केन्द्र सरकार और राज्य सरकार लगातर कड़े कदम उठा रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोकतंत्र सेनानी राम सनेही कनौजिया, मधु राठौर, राम लखन मिश्रा, रमेश राघव, राजेंद्र त्रिपाठी, चंद्रशेखर कटियार, वीरेंद्र कटियार, अरुण कटियार, सोनेलाल, राम सिंह बाथम, राधेश्याम वर्मा, विजय वर्मा, जमादार सिंह यादव, मकबूल बेग, विजय पाल सिंह, सतीश शुक्ला, मनोरमा मिश्रा, लाल मोहम्मद, राजीव कटियार, अवनीश कटियार, रवि मिश्रा, आदित्य दीक्षित, राहुल मिश्रा, रजनीश बाजपेई आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कवि ब्रजकिशोर सिंह ने किया।

# धोखाधड़ी व जालसाजी में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**थाना मऊदरवाजा** पुलिस ने धोखाधड़ी व जालसाजी के अभियोग में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता ने दिनांक 02 जून 2023 को थाना मऊदरवाजा पुलिस को लिखित तहरीर दी कि अखिलेश पुत्र ब्रजेश सिंह निवासी करनपुर दत्त थाना अमृतपुर, समरपाल सिंह पुत्र महिपाल सिंह निवासी निजामपुर थाना पाली जनपद हरदोई, जितेन्द्र पुत्र रामप्रकाश निवासी 5/12 तिवारी गली कोतवाली फर्रुखाबाद, नीरज कुमार बैनामा लेखक, सुमित दीक्षित पुत्र राघवेन्द्र दीक्षित निवासी मोहल्ला रकाबगंज खुर्द परगना पहाड़ा तहसील सदर जनपद फतेहगढ़, विनय कुमार पुत्र रामपाल निवासी अमेठी कोहना परगना पहाड़ा तहसील सदर जनपद फतेहगढ़ द्वारा वादिनी मुकदमा को अमेठी कोहना परगना पहाड़ा, तहसील सदर, जिला फर्रुखाबाद में स्थित एक आवासीय प्लाट को जालसाजी व षडयंत्र करके फर्जी बैनामा तैयार करके दिनांक 11 मई 2022 को बेच दिया गया था तथा नकद 3,00,000/-रुपये व स्टाम्प शुल्क 26550 रुपया जालसाजी व षडयंत्र करके हड़प लिया गया था। उक्त सूचना पर थाना मऊदरवाजा में मु0अ0सं0 272/23 धारा 419, 420, 467, 468, 71, 120बी भादवि पंजीकृत किया गया। जिसके अनुक्रम में विवेचना प्रचलित थी तथा विवेचना के क्रम में नामित/वांछित अखिलेश पुत्र ब्रजेश सिंह निवासी करनपुर दत्त थाना अमृतपुर को दिनांक 20 नवंबर 2023 व दिनांक 24 जनवरी 2024 को नामित/वांछित विनय कुमार पुत्र रामपाल निवासी अमेठी कोहना परगना पहाड़ा, तहसील सदर जनपद फतेहगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये जिला कारागार भेजा जा चुका है तथा अन्य नामितों के विरुद्ध साक्ष्य संकलन की कार्यवाही प्रचलित है। उसी क्रम में आज दिनांक 11 फरवरी 2024 को थाना मऊदरवाजा पुलिस द्वारा वांछित/नामित अभियुक्त सुमित दीक्षित पुत्र राघवेन्द्र दीक्षित निवासी नगर पालिका परिसर रकाबगंज खुर्द थाना मऊदरवाजा को गिरफ्तार कर लिया गया।


पुलिस हिरासत में आरोपी

# खबरें चलते-चलते

## सूचना विभाग की प्रदर्शनी का डीएम ने किया शुभारंभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी विजय कुमार सिंह ने माघ मेला रामनगरिया में सूचना विभाग की प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान प्रदर्शनी में सरकार के विकास कार्यों से लेकर अयोध्या के राम मंदिर तक के डिसप्ले लगाए गए। जो सभी के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदर्शनी में वेद और धार्मिक स्थलों के डिस्प्ले खूबसूरती के साथ लगाए गए हैं। जो लोग अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन करने नहीं पहुँच सके हैं वह यहाँ पर आकर दर्शन कर सकते हैं। इसके साथ ही साथ सरकार की उपलब्धि और विकास कार्यों की डिस्प्ले के माध्यम से जनपद और गैर जनपद से आने वाले लोग जानकारी ले सकती है। इसके बाद डीएम ने मेला रामनगरिया के सांस्कृतिक पांडाल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने मेला प्रबंधक को निर्देश दिये कि कल्पवासियों को कोई भी समस्या नहीं होनी चाहिए। कल्पवासियों को दवायें आदि समय पर मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस मौके पर प्रभारी जिला सूचना अधिकारी ओमवीर सिंह मौजूद रहे।


सूचना विभाग की प्रदर्शनी का शुभारंभ करते जिलाधिकारी

## खनन के लिए जा रहा है डंपर तथा जेसीबी पर खनन अधिकारी ने किया जुर्माना

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव चौसेपुर में पिछले कई दिनों से खनन चल रहा था। जिसकी सूचना पर कल रात लगभग 11.00 पहुंचे खनन अधिकारी संजय प्रताप सिंह ने कल रात दो जेसीबी तथा तीन डंपरों को पकड़ लिया। पकड़े गए डंपर तथा जेसीबी को चौकी भोजपुर के पास खड़ा करवाया गया है। इन सभी चालकों पंचम सिंह निवासी नगला सिमरु फर्रुखाबाद, अंशुल निवासी सैफई इटावा, श्रीकांत निवासी भोगांव मैनपुरी, अखिलेश निवासी नगरिया तहसील भरथना इटावा, बृजपाल सिंह निवासी शुक्रिया भोगाँव इटावा से पूछताछ में पता चला कि यह सब खनन के लिए जा रहे थे। वही खनन अधिकारी संजय प्रताप ने बताया की इन सभी वाहनों के ऊपर जुर्माना लगभग 2,00,000/- तक का किया जाएगा। इसके बाद आज दोपहर में संजय प्रताप ने रजीपुर की तरफसे मिट्टी भरी आ रही ट्रैक्टर ट्राली को राजेपुर गुंमटी के पास से पकड़ लिया और उसे थाने लेकर गए। इसके बाद में उसके कागजों की जांच की गई, तो पता चला कि वह परमिशन लेकर मिट्टी ले जा रहा था। इसके बाद में उसको छोड़ दिया गया।

## बोर्ड परीक्षार्थियों हेतु हेल्प डेस्क शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** यू.पी.बोर्ड परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को मनोवैज्ञानिक सहयोग देने के लिए मनोविज्ञान प्रयोगशाला में हेल्प डेस्क शुरु की है। टोल फ्री नंबर 1800-180-5311 पर कोई भी विद्यार्थी या अभिभावक कॉल करके अपनी समस्या का समाधान प्राप्त कर सकता है। संस्था की निदेशख ऊषा चंद्रा ने बताया कि 10वीं और 12वीं की परीक्षा देने वाले ऐसे विद्यार्थी को लाभ मिलेगा जो परीक्षा देने से डरते हैं।

## बाइक चोरी की पुलिस को दी तहरीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली मे कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर कार्यरत अंकुर सिंह अपनी मोटर साइकिल संख्या-यू.पी.76एच1940 काले रंग की स्प्लेन्डर प्लस से सीपी गेस्ट हाउस रायल कैफे पर गये थे। वहाँ पर उन्होंने अपनी मोटर साइकिल खड़ी कर दी। कुछ देर बाद देखा तो उनकी मोटर साइकिल अज्ञात चोर चुरा ले गये। उन्होंने काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक नहीं मिली। उन्होंने पुलिस को तहरीर दी है।

# दबंग प्रधान ने सामुदायिक शौचालय में जड़ा ताला

> ग्रामीण खुले में शौच जाने को मजबूर

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**इसे ग्राम** प्रधान की दबंगई या प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी कहा जाए, तो ज्यादा बेहतर होगा, क्योंकि सरकार जहां एक ओर आम आदमी को स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर-घर शौचालय उपलब्ध करा रही है, वहीं ग्राम स्तर पर भी एक सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराकर आम जनता को राहत उपलब्ध करा रही है। मगर अफसोस है सार्वजानिक शौचालय के नाम पर सरकार लाखों रुपए खर्च कर रही है। इतना होने के बाबजूद भी ग्रामीण क्षेत्रों में जन प्रतिनिधियों की लापरवाही के चलते सार्वजनिक शौचालय सफेद हाथी बने हुए हैं, क्योंकि अधिकांश स्थानों पर ग्रामीणों की सुविधा के लिए सामुदायिक शौचालय तो बनाए गए, लेकिन अपरिहार्य कारणों के चलते सामुदायिक शौचालयों में ताला पड़ा देखा जा सकता है। इसका उदाहरण भी विकास खंड शमसाबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत दलेलगंज में देखने को मिला। यहां लाखों रुपए की कीमत से निर्मित सामुदायिक शौचालय सफेद हाथी बना हुआ है। रविवार को गांव पहुंचे समाचार प्रतिनिधि को ग्रामीणों ने बताया उक्त सामुदायिक शौचालय में एक लंबे समय से दबंग ग्राम प्रधान द्वारा ताला डाल दिया गया है। जिसे खुलवाए जाने के लिए कई बार ग्राम प्रधान से मांग की गई। इसके बावजूद भी ताला नहीं खुलवाया गया। परिणामस्वरुप शौच क्रिया के लिए ग्रामीणों को खेत खलिहानों में जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान अनमोल की लापरवाही पर अफसोस जताते हुए कहा सरकार आम लोगों को गंदगी तथा संक्रामक बीमारियों से बचाने के लिए सामुदायिक शौचालय उपलब्ध करा रही है। वहीं दूसरी ओर दबंग ग्राम प्रधान सरकार के अरमानों पर पानी फेर रही है। मजबूरन ग्रामीण महिलाओं को शौचक्रिया के लिए खेतों में जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जनपद के उच्चाधिकारियों से बंद पड़े सामुदायिक शौचालय का ताला खुलवाये जाने की मांग की।



सामुदायिक शौचालय में जड़ा ताला — समृद्धि न्यूज

# यू.पी. बोर्ड परीक्षा में वरीयता क्रम से लगेगी कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी

> कक्ष निरीक्षक हेतु तैनात शिक्षकों को जमा करने होंगे अपने शैक्षिक अभिलेख

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** यू.पी. बोर्ड की 22 फरवरी से शुरु हो रही हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा में कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी वरीयता क्रम से लगेगी। सबसे पहले माध्यमिक फिर उच्च प्राथमिक और सबसे अंत में प्राइमरी विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं की कक्ष निरीक्षक हेतु तैनाती की जायेगी। बोर्ड परीक्षा के इतिहास में पहली बार इस वर्ष कक्ष निरीक्षकों से उनके शैक्षिक अर्हता सम्बन्धी अभिलेख व अन्य विवरण भी बोर्ड के निर्देशानुसार जमा कराये जायेंगे। मिली जानकारी के मुताबिक 2024 की बोर्ड परीक्षा में कक्ष नरीक्षकों की तैनाती हेतु माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ला द्वारा निर्देश जारी कर दिये गये हैं। निर्देशों के मुताबिक जिन शिक्षकों की कक्ष निरीक्षक हेतु ड्यूटी लगायी जायेगी। उनके शैक्षिक अर्हता के अभिलेख व अन्य विवरण जमा कराये जायेंगे। जिसे डीआईओए कार्यालय एवं सम्बन्धित परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षित रखना होगा। जिस विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है वहां उसका आधा स्टाफ वहीं ड्यूटी करेगा। बकाया शिक्षकों की ड्यूटी दूसरे केंद्रों पर लगेगी। इसी आधार पर केंद्र व्यवस्थापकों की कक्ष निरीक्षक हेतु शिक्षकों की मांग डीआईओएस से करनी होगी। इस वर्ष यू.पी. बोर्ड के पोर्टल से परिचय पत्र डाउनलोड कर कक्ष निरीक्षकों के बनाये जायेंगे। जिनके प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर के बाद डीआईओएस काउंटर साइन करेंगे।

# रंजिशन नशेड़ी ने युवक पर किया फायर, बाल-बाल बचा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंग नशेड़ी ने युवक पर तमंचे से फायर कर दिया। जिससे युवक बाल-बाल बाल गया। युवक ने दबंग के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव भैंसरी निवासी रामौतार ने दी तहरीर में बताया कि चार दिन पूर्व गांव का ही कालेश्वर रंजिश को लेकर शराब के नशे में गाली-गलौज करने लगा। जब मैंने गाली-गलौज करने का विरोध किया, तो आरोपी ने तमंचे से जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। जिससे वह बाल-बाल बच गया। घटना के बाद दबंग फरार हो गया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। रविवार सुबह मुखबिर की सूचना पर चौकी इंचार्ज विवेक सिंह ने गांव बहबहलपुर के निकट छापेमारी कर आरोपित को तमंचा व कारतूस सहित दबोच लिया। पुलिस ने आरोपित को दोपहर बाद जेल भेज दिया।


पुलिस हिरासत में आरोपी — समृद्धि न्यूज

# माफिया की जमानत की फर्जी रिपोर्ट बनाने वाली अधिवक्ता गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**थाना मऊदरवाजा** पुलिस ने माफिया की जमानत की फर्जी रिपोर्ट बनाने वाली अधिवक्ता पूनम दुबे को गिरफ्तार कर लिया। वांछित अभियुक्ता पूनम दुबे आवास विकास कॉलोनी 6/20 निवासी संदीप कुमार की पत्नी है। टॉप-10 अपराधी विकास यादव पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी खँदिया थाना मऊदरवाजा के विरुद्ध थाने पर विभिन्न अपराध करने के कई अभियोग पंजीकृत है। जिसको थाना पुलिस द्वारा अ0सं0 552/18 धारा-392 भादवि में गिरफ्तार करके न्यायालय हाजिर कर जिला जेल दाखिल किया गया था। जो जिला कारागार फतेहगढ़ में निरुद्ध था। अभियुक्त विकास यादव एक शातिर अपराधी व थाना मऊदरवाजा का टॉप-10 का अपराधी है। जमानत न होने के कारण के विकास के द्वारा अधिवक्ता पूनम दुबे से अपनी जमानत करवाने के लिये सम्पर्क किया गया। अधिवक्ता पूनम दुबे द्वारा यह जानते हुये कि उक्त अपराधी की जमानत कराने के लिये कोई सम्भ्रान्त व्यक्ति तैयार नहीं होगा। तब पूनम दुबे द्वारा 14 सितंबर 2023 को फर्जी जमानती प्रपत्र तैयार किये गये। जिसमें थाना मऊदरवाजा के उपनिरीक्षक की फर्जी जमानत आख्या तैयार कर व प्रभारी निरीक्षक मऊदरवाजा के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर जमानत हेतु न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किये गये। न्यायालय द्वारा जमानत प्रपत्रों व जमानतदारों के संदिग्ध होने पर थाना मऊदरवाजा पुलिस से जाँच आख्या मांगी गयी। थाना पुलिस ने बाद जाँच अपनी आख्या न्यायालय को प्रेषित की। जिसमें जमानत प्रपत्र व हस्ताक्षरों को फर्जी होना बताया गया। जिसके क्रम में न्यायालय विशेष न्यायाधीश दस्यू प्रभावित क्षेत्र द्वारा अपने आदेश दिनांक 9 अक्टूबर 2023 के द्वारा थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 462/23 धारा-419, 420, 467, 468, 471, 209, 120बी भादवि बनाम पूनम दुबे (अधिवक्ता) निवासी 6/20 आवास विकास कालोनी थाना कादरीगेट, अजय पुत्र सर्वेश निवासी अजमतपुर थाना मऊदरवाजा, सुभाष दीक्षित पुत्र प्रेमस्वरूप दीक्षित निवासी अजमतपुर थाना मऊदरवाजा, विकास यादव पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी खंदिया थाना मऊदरवाजा पंजीकृत कराया गया। अभियोग पंजीकृत होने के उपरान्त से ही अधिवक्ता पूनम दुबे को अपना पक्ष रखने हेतु कई बार नोटिस भेजा गया किन्तु अधिवक्ता पूनम दुबे द्वारा अपनी उक्त अभियोग की घटना में संलिप्तता होने के कारण न्यायालय व पुलिस के समक्ष पेश न होने के उद्देश्य से लगातार फरार चल रही थी। थाना मऊदरवाजा पुलिस द्वारा आज अभियुक्ता पूनम दुबे को महिला आरक्षियों की सहायता से गिरफ्तार कर लिया गया।


पुलिस हिरासत में अधिवक्ता पूनम दुबे — समृद्धि न्यूज

# पिता के अंतिम संस्कार की हो रही थीं तैयारियां उधर बेटी की भी हुई उपचार के दौरान मौत

> बीते दिन मार्ग दुर्घटना में पिता की हो गयी थी मौत, पुत्री का सैफई में चल रहा था उपचार

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीते दिन मार्ग दुर्घटना में युवक की मौत हो गयी थी, जबकि पत्नी, पुत्री व भांजी गम्भीर रुप से घायल हो गये थे। पुत्री पलक को हालत गम्भीर होने पर सैफई के लिए रेफर किया गया था। उसकी उपचार के दौरान उस समय मौत हो गयी, जब पिता के अंतिम संस्कार तैयारियां ढाईघाट पर चल रही थीं। इस घटना से परिजनों पर मानों दुखों का पहाड़ टूट पड़ा हो।

जानकारी के अनुसार विपिन कुमार उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी उधौपुर थाना शमसाबाद शनिवार को बाइक द्वारा पत्नी प्रेमवती, पुत्री पलक उम्र 6 वर्ष, भांजी दीक्षा उम्र 4 वर्ष के साथ एटा जनपद की कोतवाली अलीगंज के गांव अगौनापुर रिश्तेदारी में जा रहा था। शाम के वक्त अलीगंज बाईपास के निकट गुजरते समय अज्ञात कार के चालक ने लापरवाही से चलाकर जोरदार टक्कर मार दी थी। इस दुर्घटना में बाइक चालक विपिन कुमार की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी, जबकि गंभीर रूप से घायल पत्नी तथा पुत्री पलक को उपचार हेतु एटा जनपद के एक अस्पताल में रेफर किया गया था। भांजी दीक्षा को अलीगंज के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार जारी था। बताया गया है मृतक की पत्नी प्रेमवती तथा पुत्री पलक को परिवारीजन उपचार के लिए फर्रुखाबाद लाए। जहां मृतक की पुत्री पलक की हालत गंभीर होने सफई रेफर किया गया। रविवार 11 बजे के करीब उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक छात्रा पलक का शव पोस्टमार्टम के लिए जनपद इटावा भेजा गया। मृतका पलक कक्षा 2 की छात्रा थी। चाचा अखिलेश कुमार के अनुसार मृतक विपिन कुमार पांच भाइयों में दूसरे नंबर का था। बड़े भाई रमाकांत दूसरे नंबर का मृतक के अलावा कन्हैयालाल, मुकेश कुमार तथा अखिलेश कुमार बताया गया है। मृतक के पिता की कोई 10 वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। मृतक की मां सर्वेश देवी का रो-रोका बुरा हाल हो रहा था। मृतक के अंतिम संस्कार की ढाईघाट पर तैयारियां चल रही थीं, तभी मृतक को बेटी की मौत की सूचना ने सभी को स्तब्ध कर दिया। लोगों का कहना था यह एक संयोग ही था जहां एक ओर पिता के अंतिम संस्कार की तैयारियां चल रही थीं, वहीं दूसरी ओर बेटी पलक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।


मृतक का फाइल फोटो

**कुर्क** — तहसीलदार ने 20 वर्ष कब्जा किये गये मकान को पीड़ित महिला को किया सुपुर्द

# माफिया अनुपम दुबे की 1 करोड़ 67 लाख की सम्पत्ति दुकानें व मकान कुर्क


मकान कुर्की की कार्यवाही करती पुलिस — समृद्धि न्यूज


डुगडुगी पिटवाती पुलिस व तहसीलदार — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**टॉपटेन माफिया** अनुपम दुबे के विरुद्ध प्रशासन की ताबड़तोड़ कार्यवाही जारी है। रविवार को भी कई दुकानें व एक मकान क्षेत्र में डुगडुगी पिटवाकर कुर्क कर लिया। जिसकी कीमत 1 करोड़ 67 लाख रुपये आंकी जा रही है। अब तक पुलिस अनुपम दुबे की डेढ़ अरब के आसपास की सम्पत्ति कुर्क कर चुकी है।

जानकारी के अनुसार आज से करीब 20 वर्ष पूर्व फतेहगढ़ के दालमंडी की रहने वाली सोनकली के मकान पर माफिया अनुपम दुबे ने मारपीट कर कब्जा कर लिया था और उस मकान का दबाव बनाकर जबरदस्ती बैनामा कर लिया था, लेकिन भगवान के दरबार में देर है अंधेर नहीं, आज तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडेय और सीओ सिटी प्रदीप सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ पहुंचकर मकान को कुर्क कर लिया। तहसीलदार ने मकान को कुर्क कर पीड़ित महिला सोनकली के सुपुर्द कर दिया है। मछली बाजार व बेनी बाबू की कोठी के निकट बेस कीमती दुकानें जिसमें किरायेदार के रुप में व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष संदेश अग्रवाल की सर्राफा, गोविन्द बाथम की कपड़ा की दुकान है। रिन्कू बाथम कपड़ा दुकानदार, मयंक दुबे व देवेश शुक्ला मेडिकल स्टोर, शुभम राजपूत दूध डेयरी दुकानें किये थे। काफी समय पहले पुलिस ने डुगडुगी पिटवाकर कुर्की की कार्यवाही से अवगत कराकर दुकानें खाली करने को कहा था, लेकिन दुकानदारों ने गंभीरता से नहीं लिया। जब आज कार्यवाही हुई तो कुछ सामान निकाल पाये तो कुछ दुकान के अंदर ही रह गया। कुछ दुकानदार हाथ जोड़कर मोहलत मांगते दिखायी दिये, लेकिन प्रशासन ने अनसुना कर दिया। कार्यवाही के दौरान मोहम्मदाबाद क्षेत्राधिकारी, जहानगंज एसओ, क्षेत्रीय लेखपाल गौरव अग्निहोत्री सहित कई थाने की मौजूद रही। पुलिस ने माफिया अनुपम दुबे और उसके फरार चल रहे भाई की 1 करोड़ 67 लाख रुपए की दुकानें भी कुर्क की हैं। प्रशासन माफिया अनुपम दुबे की अब तक करीब डेढ़ अरब रुपये की सम्पति कुर्क कर चुका है।

# हायता समूह एवं एनजीओ की महिलाओं के साथ भाजपा ने की चाय पर चर्चा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**रविवार को** आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा कार्यालय पर शक्ति वंदन अभियान के तहत स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ की महिलाओं के साथ चाय पर चर्चा का कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने समूह एवं एनजीओ से संबंधित महिलाओं के साथ चर्चा की एवं केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी।

सांसद मुकेश राजपूत ने कहा केंद्र की भाजपा सरकार ने महिलाओं को सशक्त समृद्धशाली व आत्मनिर्भर बनाया है। सरकार की योजनाओं से महिलाओं के सपने को पंख मिल रहे हैं। सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा सरकार की मुद्रा लोन जन धन बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ 33 प्रतिशत आरक्षण, मातृ वंधन, जीवन ज्योति बीमा, तीन तलाक, लखपति दीदी, ड्रोन दीदी समेत तमाम योजनाओं ने महिलाओं को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा कि जिले में कई एनजीओ व स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सरकार की योजनाओं का फायदा उठाकर सशक्त व आत्मनिर्भर बन रही है। जिले में बड़ी संख्या में महिलाएं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं। शक्ति बंधन कार्यक्रम से महिलाओं से सीधा संवाद करने का अवसर मिल रहा है। अध्यक्षता कर रही महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बबीता पाठक ने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में महिलाएं विभिन्न स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ से जुड़ी हुई है। महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के लिए सरकार की ओर से अनेकों प्रयास किया जा रहे हैं। योगी सरकार ने महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। अभियान प्रेरणा संकुल समिति एनजीओ की अध्यक्ष श्रद्धा दुबे ने कहा एनजीओ के माध्यम से ऐसे विभिन्न कार्य हैं जो महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रहे हैं। बीडीओ बढ़पुर बलराम सिंह ने सरकार के द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। ब्लॉक मिशन मैनेजर सुमित त्रिवेदी ने जनपद में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा किए जा रहे कार्यों पर जानकारी देते हुए कहा जनपद में वर्ष 2021 और 22 में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत इंटेसिव श्रेणी में चयनित किया गया है। संचालन चित्रा अग्निहोत्री ने किया। इस अवसर पर हिमांशु गुप्ता, फतेहचंद वर्मा, ममता सक्सेना, श्वेता दुबे, सुमन राठौर, रचना अवस्थी, सुजाता सिंह, किरण सिंह, बीना मिश्रा, गीता सोमवंशी, खेहलता अग्निहोत्री, रीना दुबे, सुभद्रा कश्यप, रत्नेश मिश्रा, गुंजन, रंजना यादव, अर्चनाए, शशि कला, शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं — समृद्धि न्यूज

# कांग्रेसी नेता के साथ वाहन स्टैण्ड मालिक ने की मारपीट

- युवा जिलाध्यक्ष ने थानाध्यक्ष से की कार्यवाही की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**युवा कांग्रेस** के जिलाध्यक्ष अम्मार अली जैदी एवं कार्यवाहक शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा व युवा कांग्रेस जिलाउपाध्यक्ष अर्जुन शर्मा और मोबिन अंसारी ने थानाध्यक्ष कादरी गेट से मुलाकात कर दो दिन पूर्व मेला राम नगरिया में घटना को लेकर वार्ता की। पांचाल घाट स्थित मेला रामनगरिया में वाहन स्टैण्ड मालिक द्वारा युवक कांग्रेस कन्नौज जिलाध्यक्ष अम्बुज शुक्ला व उसके साथी के साथ मारपीट करने की जानकारी दी और कार्यवाही करने की मांग की। घटना का अभी तक मुकदमा नहीं लिखा गया है। जिसके लिए कादरीगेट थानाध्यक्ष से मुलाकात कर अवगत कराया। थानाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला ने कहा कि घटना की निष्पक्ष जांच होगी और दोषियों पर कार्यवाही होगी।


कादरीगेट थानाध्यक्ष से वार्ता करते कांग्रेसी

# वैदिक क्षेत्र में निकाली गई शोभायात्रा

- साधु-संतों ने लिया भाग, दिखाये गये करतब

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**आर्य समाज** के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के अवसर पर मेला रामनगरिया में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में आयोजित वैदिक क्षेत्र चरित्र निर्माण से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जो संपूर्ण मेला क्षेत्र में होती हुई वैदिक क्षेत्र में समाप्त हुई।

यात्रा का नेतृत्व महंत सोमवारपुरी महाराज व आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने किया। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में विभिन्न अखाड़ों के साधु-सन्यासियों व हजारों की संख्या में कल्पवासियों व आर्य समाज के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सम्पूर्ण परिक्रमा मार्ग को ओम के झण्डों से सजाया गया। सारा मेला क्षेत्र वैदिक धर्म की जय व स्वामी दयानंद के जयकारों से गुंजायमान था। यात्रा में चल रहे डीजे पर देश भक्ति गीतों ने लोगों के अंदर राष्ट्रभक्ति की अलख जगाई। जगह-जगह कल्पवासियों ने पुष्पवर्षा के द्वारा यात्रा का स्वागत किया। संतों के दर्शन के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। यात्रा के साथ चल रहे गुरु विरजानंद आर्ष गुरुकुल भोलेपुर के ब्रह्मचारियों ने हैरतअंगेज कारनामों के द्वारा सभी को रोमांचित किया। आग के गोले से निकलने का आश्चर्यजनक कृत्य देखकर लोग हतप्रभ हो गए। संचालक आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

शिविर के संयोजक डॉ0 शिवराम सिंह आर्य ने सभी का आभर व्यक्त कर सभी अतिथियों को वैदिक साहित्य भेंट के सम्मनित किया। कार्यक्रम में स्वामी कृष्णानंद महाराज, लखनपुरी महाराज, महेन्द्रानंद महाराज, संजीवनंद, देवानंद, आचार्य दर्शन देव, राहुल वर्मा, आदित्य कुमार आर्य, आचार्य देवपाल, घनश्याम आर्य, रामेश आर्य, काशीराम आर्य, प्रेमपाल आर्य, सन्ध्या राजपूत, शालिनी आर्या, उदिता आर्या आदि उपस्थित रहे।


शोभायात्रा में करतब दिखाता युवक — समृद्धि न्यूज

# हग-डे: देखते इस तरह हो बातों-बातों में जान ले जाते हो

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। वैलेन्टाइन-डे के वीक छठवें दिन 12 फरवरी को हग-डे मनाया जाता है। इस दिन अपने पार्टनर को गले लगाकर लगातार यह जताते हैं कि वह उनके लिए कितने खास हैं और हमेशा उनके साथ हैं। हग-डे पर कुछ खास मैसेज के जरिये अपने जज्बातों को बयां करके आप इस दिन को और खास बना सकते हैं। हग-डे पर एक कविता बिल्कुल सटीक बैठती है। तेरी मुस्कान सहस्त्र पुरुषों से सुन्दर है। बरखा की बूंदों सी निर्मल है। कभी संकट का बिगुल है। कभी खुशियों की लहर है। ननें बालक सी चंचल, दिल की पीड़ा का हरण है। मुश्किल दिनों का तारण है, हताशा में आशा की किरण है। बढ़ते कदमों की ताकत है, तेरी सुबह का सूरज है। यह कविता हग-डे पर बिल्कुल सही है। दूसरी ओर हग-डे का मायने यह भी है कि कभी अपने मित्र या सगे सबंधी एवं परिजनों को काफी दिनों बाद मिले हो, तो उन्हें गले लगाकर हग कर सकते है। यह दिन खास जब और हो जाता है, हग-डे वाले दिन अगर कोई हग करता है, तो इसका मायना और सुंदर हो जाता है। किसी को गले लगाने से आधी टेंशन दूर हो जाती है। हग-डे पर अपने पार्टनर को गले लगाकर या रोमांटिक मैसेज भेजकर अपनी भावनाओं को बयां कर सकते हैं। आप भी अपने करीबियों पर हग-डेपर विश कर सकते हैं। तुमसे वायदा करता हूं हमेशा मैं तुम्हारा पास रहूंगा और कभी दुख नहीं दूंगा। दिल की एक ही ख्वाहिश है धड़कनों की एक ही इच्छा है कि तुम मुझे अपनी बाहों में पनाह दे दो और मैं खो जाऊं। बातों-बातों में दिल ले जाते हो, देखते इस तरह हो कि जान ले जाते हो।

## खबरें एक नजर में

### व्यापार मण्डल ने संरक्षकों का किया स्वागत


पदाधिकारियों का स्वागत करते संजीव मिश्रा बॉबी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिला उद्योग व्यापार मंडल की बैठक जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी के प्रतिष्ठान राज कंपलेक्स रेलवे रोड पर सम्पन्न हुई। अध्यक्षता संजीव मिश्रा बाबी ने की। संचालन महामंत्री प्रमोद गुप्ता ने किया। बैठक में सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि संगठन के संरक्षक बनाये गये है उनका रविवार को स्वागत करने का विचार हुआ। संरक्षक भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र कटियार, व्यापारी शीतगृह संघ के अध्यक्ष अजय गंगवार सन्नू व भाजपा नेता जितेन्द्र सिंह, मेजर एसडी सिंह आयुर्वेदिक कालेज के चेयरमैन डा0 जितेन्द्र यादव को बनाया गया है। सभी संरक्षकों का रविवार को संजीव मिश्रा बॉबी ने माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। इस मौके पर नवनियुक्त महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष प्रीति तिवारी व ड्रोन सिंह गंगवार, मनोज अग्रवाल, जितेन्द्र अग्रवाल, राजू गौतम, अशोक कुमार कनौजिया, अनिल कुमार कनौजिया उर्फ लालू, राहुल बंसल, गौरव मिश्रा, सदानंद शुक्ला, पंकज गुप्ता, अरविंद गुप्ता उर्फ राजू, नरेश पालीवाल, विक्की अग्रवाल, आलोक मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

### भाइयों में चले लाठी-डंडे

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना अंतर्गत ग्राम नगला जब्ब निवासी भूपेंद्र सिंह पुत्र जगत पाल ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया कि हम ट्रैक्टर लेकर कुछ सामान लेने जा रहे थे, तभी भाइयों-भाइयों में विवाद होने लगा। मेरे बड़े भाई सुखवीर सिंह मेरे साथ गाली-गलौज करने लगा। इसका मैंने विरोध किया। उसके बाद मुझे मेरे भाई ने लाठी-डंडों से जमकर पीटा। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

### डा. रामकृष्ण राजपूत को श्रीलंका में मिलेगा सिरिमाओ भण्डारनायके सम्मान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। हिन्दी को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय बनाने संयुक्त राष्ट्र संघ सहित विश्व के विभिन्न मंचों पर हिन्दी को प्रतिष्ठित करने, भारत में इसे सर्वग्राही बनाने और विभिन्न प्रदेशों में राजभाषा के साथ ही राष्ट्र भाषा तथा सम्पर्क भाषा के रूप में विकसित करने पर विचार होगा। दो सत्रों में डा0 रामकृष्ण राजपूत अध्यक्ष मण्डल के सम्मानित सदस्य होंगें। पांच दर्जन पुस्तके प्रकाशित करने तथा हिन्दी की शासकीय समितियों में पदस्थित रहने के कारण उन्हे विश्व की प्रथम महिला राष्ट्रपति सिरिमाओ भण्डारनायके सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। 18 से 25 फरवरी तक 22वां अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलन श्रीलंका की राजधानी कोलोंबो में होगा। यह जानकारी डा0 रामकृष्ण राजपूत ने दी है।

### शाही ट्रस्ट द्वारा सम्मान समारोह आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। शाही ट्रस्ट के प्रबंधक काजी जफर शाह रिजवी द्वारा निवर्तमान नगर पालिका अधिशासी अधिकारी रविन्द्र कुमार व लोक अधिकार मंच के अध्यक्ष डा0 अरविन्द गुप्ता व वक्फ एवं अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मेराज अली का पक्कापुल स्थित उनके निवास पर स्वागत होगा। यह जानकारी काजी जफर शाह रिजवी ने दी है।

### ग्राम प्रधान ने डीएम से समूह की महिलाओं को ढाबा खुलवाने की मांग की

जालौन (उई)। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के छिरिया, मलकपुरा कट के पास मलकपुरा ग्राम पंचायत की सार्वजनिक जमीन पर स्वयं सहायता समूह की महिलाएं ढाबा खोलकर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। इससे ग्राम पंचायत को भी आय होगी। मलकपुरा गांव के प्रधान ने इस बावत डीएम से मांग की है। मलकपुरा ग्राम पंचायत के प्रधान अमित ने डीएम राजेश कुमार पांडेय को एक मांग पत्र के माध्यम से बताया कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का जालौन और मध्य प्रदेश आने जाने से के लिए छिरिया के पास कट बना हुआ है। यहां से दिन रात वाहनों का आना जाना होता रहता है। इसी स्थान पर ग्राम पंचायत मलकपुरा की गाटा संख्या 105 की सार्वजनिक भूमि खाली पड़ी है।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों को किया गया सम्मानित



सम्मानित होते सेवानिवृत्त बैंक कर्मी — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारियों व अधिकारियों को शाल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कामरेड एमआर अवस्थी को श्रद्धांजलि दी गई। ओमप्रकाश दुबे, केदार शाह को सेवानिवृत्त होने पर शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिलामंत्री विजय अवस्थी ने कहा कि अभियान चलता रहेगा। लगभग आधा सैकड़ा लोगों को सम्मानित किया जा चुका है। अध्यक्षता रामप्रताप अवस्थी ने की। संचालन विजय अवस्थी ने किया। इस मौके पर राजू टंडन, रत्नेश शुक्ला, जय कुमार दवाणी, केएल सिंह, राकेश कुमार अग्रवाल, महेंद्र भारद्वाज, उमेश गुप्ता, सुभाष गुप्ता, इंद्रजीत सिंह राजपूत, आरके वर्मा, बादशाह सिंह आदि मौजूद रहे।

# मेला राम नगरिया में स्काउट गाइड ने निकाली गंगा स्वच्छता अभियान रैली

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**बेसिक एवं** एडवांस कोर्स प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिवस के अवसर पर हाइक कार्यक्रम मेला श्रीराम नगरिया में संपन्न कराया गया। सर्वप्रथम स्काउट और गाइड ने प्रशिक्षकों की उपस्थिति में ध्वज शिष्टाचार कार्यक्रम संपन्न कराया। कार्यक्रम गाइड विंग के द्वारा ध्वज शिष्टाचार सम्पन्न हुआ।

स्काउट गाइड के द्वारा मेला रामनगरिया में मुख्य मार्गो पर गंगा स्वच्छता जन जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई। स्काउट गाइड के द्वारा जन जन को जगाना है, गंगा स्वच्छ बनाना है। हम सब की है जिम्मेदारी स्वच्छ रहे मां गंगा हमारी, जन्म जन्म के पुण्य कमाना। स्वच्छ रखें जो गंगा माता सभी लोग नारे लगाते हुए वातावरण को गुंजायमान कर दिया। सभी ने दुर्वासा आश्रम घाट और महेश पाल सिंह उपकारी के सत्संग क्षेत्र में संत महात्मा के ब्रह्म भोज में सहयोग प्रदान किया। गंगा तट पर सभी के द्वारा स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें दुर्वासा आश्रम घाट के सामने वाले घाटों पर पड़ी गंदगी को स्काउट गाइड के द्वारा स्वच्छ किया गया। साथ ही कैंप फायर का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्रशिक्षक के रूप में मोहम्मद शमीम, विपिन कुमार मिश्रा, कृष्ण कुमार, सुनील द्विवेदी, रामपाल गिरि, कुसुम चौहान, चमन शुक्ला, भारती मिश्रा, हिमलेश शाक्य, बीना गौतम, ऐस्टर रोज दयाल, शिवानी प्लोमर, सीमा, ज्योति, सुधीर कुशवाहा, राजकुमार, पुष्कर मिश्रा, विवेक कुमार, योगेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



रैली निकालते स्काउट गाइड के लोग — समृद्धि न्यूज

# इतिहास में हड़प्पा की सभ्यता को छात्रायें ध्यान से पढ़ें: डॉ. नीतू मसीह

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**इतिहास में** छात्राएं पूरा प्रश्न हल करें। किसी सवाल को छोड़े न, हर सवाल के उत्तर लिखने पर अच्छे नम्बर मिलते है। कक्षा 12 की छात्राएं विशेष ध्यान रखें और अपने प्रश्नों को घर में लिख-लिखकर अभ्यास करें। जिससे उन्हे बोर्ड परीक्षा में अच्छे नम्बर मिल सके। इतिहास, नागरिक शास्त्र के अलावा जीव विज्ञान बच्चों को पढ़ा रही हूं। इतिहास में जानकारी देते हुए बताया कि इतिहास अतीतों के कृत्यों का क्रम बद्ध विवेचना सब्जेक्ट में लिपिबद्ध करके स्थायी बना दिया जाता है। ईट के मन के तथा अस्थियां हड़प्पा, सभ्यता संबंधी प्रश्न बोर्ड परीक्षा में अवश्य आते है। जिसमें विकसित हड़प्पा, निर्वाहन प्रमुख विन्दु, सैंधव सभ्यता सिन्धु, सभ्यता का उद्भव, सैंधव सभ्यता का काल विस्तार, सिन्धु सभ्यता के निर्माण, हड़प्पा संस्कृति की अन्य संस्कृतियों से एक रुपान्तरतायें, हड़प्पाकालीन की मोहरे, पुरा वस्तुओं के पहचान आते हैं। छात्राये इन्हें मन लगाकर अभ्यास करें। रखा बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्या इतिहास व नागरिकशास्त्र एवं विज्ञान अध्यापिका डॉ0 नीतू मसीह ने यूपी बोर्ड परीक्षा के विषय में बताया कि प्रथम चेप्टर में मोहन जोदड़ों के शहरी केंद्र, मोहन जोदड़ों से खोजी गयी प्राचीन प्रणाली, शिल्प उत्पादन, दुर्ग, जलाशय व स्नान घर, हड़प्पा संस्कृति का पतन आदि आते हैं। दूसरे चेप्टर राजा, किसान और नगर में सोलह महाजनपद, भाषा लिपि, शिला लेखों के विवरण, राज धर्म के नवीन सिद्धान्त, सम्राट अशोक का प्रशासन, गुप्तकालीन इतिहास, कौटिल्य का अर्थशास्त्र, गुप्तों का प्रशासन से संबंधित 70 अंक का प्रश्न पत्र आता है। 50 अंक लिखित व 20 अंक का ऑब्जेक्टिव प्रश्न आते है। महात्मा गांधी और राष्ट्रीय आंदोलन चेप्टर में जन आंदोलन के तरीके, असहयोग आंदोलन, सविनय अथवा आंदोलन, 1942 का भारत छोड़ो आंदोलन प्रमुख है।


अध्यापिका डॉ0 नीतू मसीह

# भाकियू पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष बने दिनेश उर्फ चुन्ने यादव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**भारतीय** किसान यूनियन भानु गुट द्वारा किसान जोड़ो यात्रा के दौरान ग्राम मसेनी में किसान सभा का आयोजन किया गया। मसेनी प्रधान एवं पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष बीबीडीसी दिनेश उर्फ चुन्ने यादव को पिछड़ा वर्ग का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। जगपाल सिंह राठौर को जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। राम प्रताप सिंह को जिला उपाध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ नियुक्त किया गया। नरेंद्र पाल सिंह यादव को पिछड़ा वर्ग जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। शिवेंद्र सिंह को जिला महासचिव के साथ-साथ अन्य कई लोगों को गुट में सम्मिलित किया गया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सोमवंशी, जिलाध्यक्ष नरेंद्र सोमवंशी, राजेश उर्फ बबलू दीक्षित, छब्बू, मुन्ना राठौर, लकी उर्फ मुन्ना, अमित शुक्ला, डॉ0 शिशुपाल सिंह, शिव पाल सिंह, नेत्रपाल सिंह, अजय शुक्ला, पूरन राठौर आदि लोग मौजूद रहे।


चुन्ने यादव को मनोनयन पत्र सौंपते नरेन्द्र सोमवंशी

# गांव चलो अभियान के तहत सातनपुर में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। गांव चलो अभियान के तहत फतेहगढ़ के सेक्टर सातनपुर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा विस्तारक योगेश तिवारी ने पार्टी के रीती-नीति पर प्रकाश डाला। नगर उपाध्यक्ष मनोज राजपूत ने सभी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलायी जा रही जनहित कार्यो को विस्तार पूर्वक सभी कार्यकर्ताओं को बताया एवं आगामी लोकसभा चुनाव में पूरी ताकत से जुटने का आवाहन किया। कार्यकर्ताओं ने एकात्म मानववाद, एकात्म मानव दर्शन एवं अंत्योदय के प्रणेता प्रखर राष्ट्रवादी, महान विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। फतेहगढ़ नगर अध्यक्ष रामवीर चौहान ने सरकारी की योजनाओं के बारे में जानकारी दी और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए लोगों को जोड़ने का आवाहन किया। इस अवसर पर जितेन्द्र शाक्य, प्रवेश सक्सेना, राहुल राजपूत, नरेंद्र प्रताप सक्सेना, नीरज सैनी, विजय सोमवंशी, गोविन्द ठाकुर, राजू कुशवाह आदि उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में मौजूद योगेश तिवारी व रामवीर चौहान आदि

# पब्लिक स्कूल एस0 ने प्रतिभागी बच्चों को किया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। रविवार को रेड रोज पब्लिक स्कूल अमेठी कोहना में पब्लिक स्कूल एसोसिएशन पुरस्कार वितरण कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय की स्मृति में धूमधाम से मनाया गया। महंत ईश्वरदास महाराज, सांसद मुकेश राजपूत, जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, डॉ प्रभात अवस्थी, नवनीत मिश्रा, मुन्ना लाल तिवारी, मुकेश मुकेश राठौर, स्मृति अग्निहोत्री ने मां सरस्वती एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि सांसद ने कहा बच्चे भविष्य की पूंजी है। इन्हें संभालना माता-पिता एवं गुरुजनों के बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। यह आने वाले भविष्य का दर्पण है। उनकी शिक्षा दीक्षा का दायित्व गुरु का ही होता है। ऐसा गुरु का चरित्र वैसे बच्चे का भी चरित्र होता है। जिससे बच्चे उच्च पद को प्राप्त करते हैं तो गुरुजनों को समाज को हर्ष की अनुभूति होती है। प्रतियोगिता में जिन बच्चों ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया है उनको बधाई दी। जिन्होंने इस प्रतियोगिता में भाग लिया वह किसी कारण से प्रथम स्थान प्राप्त नहीं कर सके लेकिन उन्हें हताश व निराश होने की आवश्यकता नहीं है आगे और पढ़ाई करें और सफलता को प्राप्त करें।

महन्त ईश्वर दास ब्रह्मचारी महाराज ने श्रीमते रामचंद्राय नमः स्तुति के साथ उद्बोधन करते हुए कहा सभी लोग प्रणाम के योग्य है नौनिहालों को आशीर्वाद दिया। कवित्री स्मृति अग्निहोत्री ने मां सरस्वती का काव्य पाठ किया। मुकेश राठौर ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन अविस्मरणी है। डॉ0 प्रभात अवस्थी ने कहा कि व्यक्ति से परिवार, परिवार से समाज, समाज से राज्य और राज्य से राष्ट्र का निर्माण होता है। व्यक्ति निर्माण ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा बच्चे दिल के सच्चे होते हैं। जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र कृष्ण कुशवाहा, जतिन कश्यप एवं द्वितीय स्थान जतिन कश्यप, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र आर्यन, आस्तिक, अंशिका शाक्य, सार्थक मिश्रा, गायत्री सिंह, अनुष्का कश्यप, अर्पिता, प्राथमिक वर्ग में 31 बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसमें रुचि राजपूत, प्रभाकर, पंकज, शिव, अरनव, अभिलाषा, अनुष्का, मीनाक्षी, रश्मि, खुशनुमा मंसूरी, वरुण, डोली कश्यप, आराध्या सिंह, मृदुल मिश्र, मानवी मिश्रा, कुणाल राठौड़, युवराज सिंह, आरव कुशवाहा, पायल, अनुभव, विश्वास, सौम्या, जानवी, युवराज, अनुपम, अंशु त्रिवेदी, आया, अनुभव, तेजस, कृष्णा, आकांक्षा कुशवाहा, शरद राजपूत है। संचालन नवनीत मिश्रा एवं संतोष पांडे ने किया। एसोसिएशन के सदस्य एसके वर्मा, डीके शर्मा, उमेश मिश्रा, नवनीत मिश्रा, सुंदरलाल, सुआलाल मिश्रा, मुन्नालाल तिवारी, राम अवतार कुशवाहा, राकेश श्रीवास्तव, दामोदर सिंह, दिलीप अग्निहोत्री, पीवी सिंह राठौड़, नरेंद्र गुप्ता, विजेंद्र वर्मा, अंजुम दुबे ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। सब मंसूरी, अनुष्का श्रीवास्तव, शिवानी, आर्यन, आराध्य, मानसी, झलक ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया।


कार्यक्रम में मौजूद पब्लिक स्कूल एस0 के पदाधिकारी

# आबूधाबी के पहले हिन्दू मंदिर को लेकर प्रवासी भारतीयों में उत्साह

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 फरवरी को करेंगे मंदिर का उद्घाटन**

**एजेंसी, आबू धाबी।**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी आबू धाबी में पहला हिन्दू मंदिर बनने और इसका उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए जाने को लेकर प्रवासी हिन्दुओं के साथ स्थानीय लोगों में भी उत्साह है। प्रधानमंत्री मोदी 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन करेंगे।

उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री मोदी स्थानीय स्टेडियम में प्रवासी भारतीयों के एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अनुष्ठान 10 फरवरी से शुरू हो चुका है। यह मंदिर 27 एकड़ में बना है, जिस पर लगभग 900 करोड़ रुपये की लागत आई है। मंदिर का निर्माण बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने कराया है। दुबई स्थित भारतीय व्यापार एवं उद्यम परिषद के संयोजक एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट डॉ. साहित्य चतुर्वेदी ने हिन्दुस्थान समाचार से कहा कि आबूधाबी में सनातन मंदिर की स्थापना अनेक संस्कृतियों का एक सम्मिलन है, जो भारत और अरब सागर की तटवर्ती सभ्यता को निकटता से जोड़ने का काम करेगा। मंदिर परिसर के लिए यूएई सरकार का भूमि देने से लेकर शिलान्यास, शिखर निर्माण तक पूरे मनोयोग से सहयोग देना अत्यंत ही सराहनीय है। इस भव्य मंदिर का निर्माण प्राचीन पद्धति से किया गया है। वास्तव में कहा जाये तो यह मानव सभ्यता का मंदिर है, जो कि विश्व को एक कुटुम्ब की भावना के प्रति प्रेरित कर रहा है।

उन्होंने बताया कि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान 10 फरवरी से शुरू हो चुके हैं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद भी 20 फरवरी तक विभिन्न आयोजन होंगे। मंदिर में 108 यज्ञ वेदियों का निर्माण किया गया है।



डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन करेंगे। साथ ही मंदिर निर्माण में सहयोगी बने प्रमुख दानदाताओं को भी आमंत्रित किया गया है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री मोदी आबूधावी के स्टेडियम में भारतीय समुदाय को संबोधित भी करेंगे। इस स्टेडियम में 50 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था है। इस मौंके पर भारत और यूएई की कुल 180 छात्र-छात्राएं दोनों देशों के राष्ट्रीय गीत के साथ मोदी का स्वागत करेंगे। इसके बाद 18 फरवरी से यूएई का हिंदू मंदिर जनमानस के लिए खोल दिया जाएगा।

आबूधाबी में पहले हिन्दू मंदिर के निर्माण को लेकर दुबई में स्टील व्यवसाय से जुडे भारतीय मूल के इंजीनियर धैर्य नारायण झा ने कहा कि अबूधाबी में हिन्दू मंदिर निर्माण होने से हम सब बहुत प्रसन्न हैं। यह मंदिर यहां के प्रवासी भारतीयों के अलावा पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस मंदिर का निर्माण यह भी दर्शाता है कि यूएई में किस तरह की विविधता और समावेशिता है। भारत में भी विविधता में एकता की विशेषता है। मुझे गर्व है कि भारत और यूएई दोनों इसी तरह के मूल्यों का पालन करते हैं।

इस संबंध में दुबई की शिक्षिका सना सुलेमान ने कहा कि सामूहिक प्रयास से यहां हिन्दू मंदिर बनना खुशी की बात है। सभी धर्मों के लोग शांतिपूर्वक और आपस में मिलजुल रह सकते हैं, इसका एक अच्छा उदाहरण दुबई है।

## इंग्लैंड टीम के अनुभवी स्पिनर जैक लीच भारत के खिलाफ बचे टेस्ट मैचों से बाहर



**पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबरी पर**

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का तीसरा मैच 15 फरवरी से राजकोट में खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है।

**एजेंसी।**

**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट से पहले इंग्लैंड की टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम के अनुभवी स्पिनर जैक लीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के बाकी बचे तीन मैचों से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने रविवार को उनके टीम से बाहर होने की जानकारी दी।

ईसीबी ने बताया कि स्पिनर जैक लीच बाएं घुटने की चोट के कारण भारत के खिलाफ शेष टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। लीच अगले 24 घंटों में अबू धाबी से स्वदेश के लिए उड़ान भरेंगे। इंग्लैंड की टीम दूसरे टेस्ट के बाद मिले ब्रेक में अबू धाबी (यूएई) गई है। लीच को हैदराबाद में पहले टेस्ट के दौरान घुटने में चोट लग गई थी। इसके बाद चोट के कारण वह विशाखापत्तनम में दूसरा टेस्ट नहीं खेल पाए थे। ईसीबी के अनुसार लीच अपने रिहैबिलिटेशन के लिए इंग्लैंड और समरसेट की चिकित्सा टीम के साथ मिलकर काम करेंगे। इसी के साथ ईसीबी ने बताया है कि टीम किसी रिप्लेसमेंट को नहीं बुलाएगी।

## धोती कुर्ता में बटुक खेलेंगे क्रिकेट मैच, संस्कृत में होगी कमेंट्री

**समृद्धि न्यूज।**



**वाराणसी।** दशाश्वमेध स्थित शास्त्रार्थ महाविद्यालय के 80वें स्थापना दिवस पर 16 फरवरी को महाविद्यालय के बटुक क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेंगे। बटुक अपने परम्परागत धोती कुर्ता में ही मैच खेलेंगे। मैच की कमेंट्री भी संस्कृत में होगी। रविवार को ये जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पवन कुमार शुक्ल ने दी।

उन्होंने बताया कि महाविद्यालय का स्थापनोत्सव बसंत पंचमी के दिन माँ सरस्वती पूजन-अर्चन के साथ प्रारम्भ हो रहा है। जिसमें प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित होंगीं, जिसमें संस्कृत क्रिकेट मैच का भी आयोजन होगा। इस आयोजन की प्रशंसा खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में की थी। डॉ पवन ने बताया कि 17 फरवरी शनिवार को महाविद्यालय के सरस्वती सभागार में संस्कृत की प्रतियोगिताएं होंगी, जिसमें वर्तमानकाले संस्कृतभाषायाः उपयोगिता शीर्षक पर संस्कृत संभाषण होगा। इसके बाद व्याकरण के प्रातिपदिकार्थ विचार तथा न्यायशास्त्र के हेत्वाभास विचार सूत्रों पर विद्यार्थियों के मध्य शास्त्रार्थ चलेगा। इसके उपरान्त विभिन्न श्लोकों पर अन्त्याक्षरी की प्रतियोगिता आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि 18 फ़रवरी,रविवार को पुरस्कार वितरण व काशी के विद्वानों का सम्मान होगा। सभी प्रतियोगिताएं निःशुल्क हैं। इच्छुक प्रतिभागी महाविद्यालय में अपना नाम लिखवा सकते हैं।

## पाकिस्तान में नवाज शरीफ को सेना का समर्थन

### गठबंधन सरकार के लिए सौदेबाजी शुरू

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**



पाकिस्तान में गुरुवार को हुए चुनाव के पूरे परिणाम अभी तक घोषित नहीं हो पाए हैं लेकिन त्रिशंकु संसद के आसार के बीच सेना ने नवाज शरीफ का समर्थन किया है। इसी के साथ गठबंधन सरकार के लिए सौदेबाजी शुरू हो गई है। हालांकि, जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव में शानदार प्रदर्शन करके संख्याबल में सबसे अधिक हैं।

पीएमएल-एन और पीपीपी ने गठबंधन सरकार के लिए प्रयास तेज करके सौदेबाजी शुरू कर दी है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ ने अपनी पार्टी के नेताओं को बताया है कि पूर्व राष्ट्रपति आसिफ जरदारी ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी के लिए प्रधानमंत्री पद की मांग की है। पीपीपी ने अपनी इस शर्त को मानने पर गठबंधन सरकार बनाने पर सहमति व्यक्त की है। शहबाज ने पार्टी नेताओं को बताया कि जरदारी ने पेशकश की कि बदले में पीपीपी पंजाब में अपनी सरकार बनाने के लिए पीएमएल-एन का समर्थन करेगी। रिपोर्ट के अनुसार पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार रात पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और बिलावल से मुलाकात की और भविष्य के गठबंधन पर चर्चा की। इसके बाद शनिवार को दिन में पीएमएल-एन नेताओं ने केंद्र के साथ-साथ पंजाब में भावी सरकार बनाने के लिए विभिन्न विकल्पों पर चर्चा की। शहबाज शरीफ ने सीनेटर इशाक डार, ख्वाजा साद रफीक, सरदार अयाज सादिक, मरियम औरंगजेब, मलिक मुहम्मद अहमद खान, सीनेटर आजम नजीर तरार, अताउल्लाह तरार, ख्वाजा इमरान नजीर और अन्य ने नई परिस्थितियों पर चर्चा की है। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के आम चुनाव में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के मद्देनजर सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने गठबंधन सरकार बनाने के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के आह्वान का समर्थन किया।

## सीएपीएफ में कांस्टेबलों की भर्ती परीक्षा पहली बार 13 क्षेत्रीय भाषाओं में भी होगी आयोजित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में कांस्टेबलों की भर्ती के लिए पहली बार कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित होगी। यह परीक्षा देशभर के 128 शहरों में करीब 48 लाख उम्मीदवार के लिए 20 फरवरी से 7 मार्च तक आयोजित की जाएगी। गृह मंत्रालय के अनुसार कांस्टेबल (जीडी) परीक्षा के प्रश्न पत्र अब हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में तैयार किया जाएगा। इसमें असमिया, बंगाली, गुजराती, मराठी, मलयालम, कन्नड़, तमिल, तेलुगु, ओडिया, उर्दू, पंजाबी, मणिपुरी और कोंकणी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि 01 जनवरी 2024 से सीएपीएफ में भर्ती के लिए कांस्टेबल (जीडी) परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित करने का फैसला किया था। कांस्टेबल (जीडी) चयन परीक्षा, कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) द्वारा आयोजित प्रमुख परीक्षाओं में से एक है जो देशभर से लाखों युवाओं को आकर्षित करती है। इसलिए गृह मंत्रालय और कर्मचारी चयन आयोग ने हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षा आयोजित करने की सुविधा के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

## कर्फ्यू ग्रस्त बनभूलपुरा क्षेत्र में आवश्यक सेवाएं शुरू, मेडिकल स्टोर खुले






**एजेंसी।**

देहरादून/हल्द्वानी। उत्तराखंड के नैनीताल जिले स्थित हल्द्वानी शहर के कर्फ्यू ग्रस्त बनभूलपुरा क्षेत्र में आवश्यक सेवाओं को सुचारु करने के साथ ही मेडिकल स्टोर खुलवाए गए हैं। साथ ही बनभूलपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवा को बहाल कर दिया गया है।

रविवार को जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देश पर कर्फ्यू ग्रस्त बनभूलपुरा क्षेत्र में प्रशासन की टीम ने आवश्यक सेवाओं को बहाल कर दिया है। जोनल मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई ने आवश्यक सेवाओं को बहाल किया। बीमार लोगों के लिए बनभूलपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सुचारु किया गया है। इसके अलावा लाइन नंबर 17 निवासी डेढ़ वर्षीय मोहम्मद इजहान जो कि बीमारी से ग्रसित था, उसे बनभूलपुरा चिकित्सालय में ले जाकर इलाज के उपरांत राजकीय वाहन से घर तक छोड़ा गया है। प्रशासन धीरे-धीरे शांति व्यवस्था के साथ-साथ आवश्यक सेवाओं को सुचारु कर रहा है। कुमाऊं मंडल विकास निगम के महाप्रबंधक एपी वाजपेई ने बताया है कि आज हल्द्वानी के कर्फ्यू क्षेत्र के लाइन नंबर 17, किदवई नगर, इंदिरा नगर, नई बस्ती, लाइन नंबर 08 के साथ ही अन्य क्षेत्रों में भारत और इंडेन गैस का वितरण कराया गया है। गौरतलब है कि कल केएमवीएन ने कर्फ्यू क्षेत्र को छोड़कर अन्य स्थानों में गैस आपूर्ति सुचारु की थी। आज कर्फ्यू प्रभावित क्षेत्र में भी गैस का वितरण कर दिया गया है। इस क्षेत्र में गैस के साथ ही सब्जी, दूध आदि सामग्री का वेंडर के माध्यम से पहुंचाई गई है।

## मुंबई में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा बढ़ाई गई

**एजेसी, मुंबई।** मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स इलाके में स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है। ई- मेल में कहा गया है, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को तुरंत सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए नहीं तो मैं हर अमेरिकी दूतावास को उड़ा दूंगा। पुलिस के अनुसार, शनिवार अपराह्न करीब 3.50 बजे दूतावास को यह ई-मेल प्राप्त हुआ। ई-मेल भेजने वाले ने खुद को भगोड़ा अमेरिकी नागरिक बताया है। उसने कहा है कि उसके खिलाफ अमेरिका में 19 आपराधिक आरोप दर्ज हैं। इस व्यक्ति ने ई-मेल में कहा, मेरी अमेरिकी नागरिकों को मारने की भी योजना है। दूतावास से यह जानकारी मिलने के बाद बांद्रा-कुर्ला पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 505(1)(बी) और 506(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ई-मेल भेजने वाले व्यक्ति का विवरण जुटा रही है।

## ग्रो म्यूचुअल फंड ने की स्मॉलकैप इंडेक्स फंड के निवेश की घोषणा

**एजेंसी, बेंगलुरु।**

ग्रो म्यूचुअल फंड ने अपने निवेश विकल्पों के डायवर्स पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए, ग्रो निफ्टी स्मॉलकैप 250 इंडेक्स फंड के नए फंड ऑफर की उत्साहपूर्वक घोषणा की। इस इंडेक्स फंड का लक्ष्य निवेशकों को संभावित रिटर्न प्रदान करना है जो निफ्टी स्मॉलकैप 250 इंडेक्स (ट्रैकिंग त्रुटियों के अधीन) के कुल रिटर्न के अनुरूप है।

निफ्टी स्मॉलकैप 250 इंडेक्स 250 कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है, जिनकी रैंकिंग निफ्टी 500 इंडेक्स में 251वें से 500वें स्थान पर है। इस विशेष इंडेक्स का मूल्यांकन फ्री-फ्लोट मार्केट कैपिटलाइजेशन द्वारा किया जाता है, जो 21 विभिन्न क्षेत्रों में डायवर्स प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करता है। इसे छोटी मार्केट कैपिटलाइजेशन वाली कंपनियों के परफॉरमेंस को मापने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह सेगमेंट शेयर बाजार में अपनी संभावित वृद्धि के लिए जाना जाता है। निफ्टी स्मॉल कैप इंडेक्स ने ऐतिहासिक रूप से निफ्टी 50 से बेहतर परफॉरमेंस किया है, और निफ्टी 50 के 12.96प्रतिशत की तुलना में इसका 10 वर्ष का सीएजीआर 18.90 प्रतिश है, और निफ्टी 50 के 15.43 प्रतिशत की तुलना में 15 वर्ष का सीएजीआर 19.12 प्रतिशत है।

फंड 9 फरवरी, 2024 से 23 फरवरी 2024 तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला रहेगा, और यूनिट्स के आवंटन की तारीख से पांच व्यावसायिक दिनों के भीतर चालू सब्सक्रिप्शन और रिडेम्पशन के लिए दोबारा खुलेगा।

इंडेक्स का पीई अनुपात वर्तमान में 25.62 है, जो इसके 5 साल के औसत से कम है। इससे पता चलता है कि निवेशक एक्टिव फंड्स के उच्च औसत पी/ई अनुपात (42.62) की तुलना में, इंडेक्स के तहत स्मॉल-कैप शेयरों से हुई कमाई के लिए कम कीमत का भुगतान करते हैं। इसलिए, इंडेक्स अधिक अनुकूल मूल्यांकन प्रदान करता है, जिससे यह निवेशकों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन जाता है। निवेशक ग्रो निफ्टी स्मॉलकैप 250 इंडेक्स फंड में 9 फरवरी से 23 फरवरी, 2024 तक किसी भी म्यूचुअल फंड इन्वेस्टिंग प्लेटफॉर्म के ज़रिये या सीधे ग्रो म्यूचुअल फंड के माध्यम से निवेश शुरू कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया www.growwmf.in पर जाएं।

## दिल्ली हाट में हो रहा वेदांता कल्चर फेस्टिवल का आयोजन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली की सांस्कृतिक राजधानी दिल्ली हाट-आईएनए में वेदांता कल्चर फेस्टिवल भारत के आर्टिस्टिक हेरिटेज की एक मनमोहक प्रदर्शनी पेश कर रहा है। नौ से 14 फरवरी तक आर्ट, क्राफ्ट और कल्चर की विविधता का जश्न मनाते इस फेस्टिवल ने सभी उम्र के दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया है। वेदांता और अनिल अग्रवाल फाउंडेशन (आफ़) के समर्थन से अनेक कुशल कारीगर इस फेस्टिवल के माध्यम से शहरी लोगों को पारंपरिक शिल्प कौशल के करीब ला रहे हैं। फेस्टिवल ग्राउंड के अंदर जाते ही, दर्शकों का स्वागत आकर्षक रंगों और प्रभावशाली संगीत से होता है, ऐसा इसलिए भी क्योंकि देशभर के शिल्पकार अपनी प्रतिभा और शिल्प कौशल का प्रदर्शन करने के लिए यहाँ पर एक साथ एकत्रित हुए हैं। राजस्थान के मशहूर मिट्टी के बर्तनों से लेकर विभिन्न प्रकार के लोक संगीत तक, यह फेस्टिवल भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के जरिए एक दिल को छू लेने वाले सफर पर ले जाता है।

## तेजी से ब्रेन स्ट्रोक का शिकार हो रहे लोग



### सबसे ज्यादा मौतों का कारण बनता है स्ट्रोक

एक्सपट्‌र्स की मानें तो देश में 85 प्रतिशत लोग इस्केमिक ब्रेन स्ट्रोक का शिकार होते हैं। इस्केमिक ब्रेन स्ट्रोक के कई कारण हो सकते हैं। परंतु डायबिटीज, हाइपरटेंशन, स्मोकिंग, खान-पान और लिपिड कोलेस्ट्रॉल का बढ़ा हुआ लेवल इस स्ट्रोक का मुख्य कारण हैं। इस्केमिक ब्रेन स्ट्रोक के कारण ब्लड वेसेल्स पतली हो जाती हैं और उसके अंदर चर्बी जम जाती है। जब दिमाग तक खून ठीक से नहीं पहुंच पाता है तो एट्रील फिब्रीलेशन की दिक्कत शुरू हो जाती है, जिसके कारण दिल में छोटी- छोटी गांठे बन जाती हैं। बाद में यही गांठें ब्रेन में पहुंच जाती है और ब्रेन के ब्लड वेसेल्स ब्लॉक हो जाते हैं।

मष्तिष्क हमारे शरीर का सबसे अहम हिस्सा माना जाता है। यह सारे अंगों को नियंत्रित करता है परंतु खराब खानपान और बिगड़ते लाइफस्टाइल के कारण ब्रेन से जुड़ी बीमारियां भी काफी तेजी से फैल रही हैं। इन्हीं बीमारियों में से एक है ब्रेन स्ट्रोक। यह एक ऐसी बीमारी है जिसकी चपेट में न सिर्फ उम्रदराज बल्कि युवा भी बहुत ही तेजी से आ रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में स्ट्रोक हर साल लगभग 13 लाख लोग प्रभावित होते हैं। देश में बढ़ रहे ब्रेन स्ट्रोक के केस को देखकर एक्सपट्‌र्स का यह कहना है कि साल 2050 तक स्ट्रोक के कारण मरने वाले लोगों का आंकड़ा 1 करोड़ तक पहुंच जाएगा। हाल ही में बॉलीवुड एक्टर मिथुन चक्रवर्ती भी इस बीमारी का शिकार हुए हैं लेकिन ब्रेन स्ट्रोक के मामले इतने क्यों बढ़ रहे हैं और इसके कारण क्या है आज आपको इस बारे में बताएंगे। आइए जानते हैं।

### कैसे होता है ब्रेन स्ट्रोक

सही ढंग से काम करने के लिए दिमाग को हमेशा पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन की जरूरत पड़ती है। ब्लड सर्कुलेशन के जरिए ऑक्सीजन दिमाग तक पहुंचता है। रक्तवाहिका नलियों में ब्लड क्लॉटिंग या उनके फटने के कारण ब्रेन की कोशिकाओं को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन नहीं मिल पाता और वे तेजी से खत्म होने लगती हैं। इसी शारीरिक अवस्था को ब्रेन स्ट्रोक कहते हैं। ब्रेन स्ट्रोक दो तरह के होते हैं एक इस्केमिक और दूसरा हेमरैजिक स्ट्रोक।

**इस्केमिक स्ट्रोक :-** इसमें व्यक्ति को दिमाग की नसों में खून जमने की समस्या होती है इसके कारण व्यक्ति के कुछ हिस्सों को ऑक्सीजन युक्त रक्त नहीं मिल पाता। स्ट्रोक के लगभग 87 :मामलों में ऐसी ही समस्या देखने को मिलती है।

**हेमरैजिक स्ट्रोक :-** इस स्ट्रोक में मस्तिष्क की नसें फट जाती हैं जिसके कारण कुछ हिस्सों में अनियंत्रित रक्त प्रवाह शुरू हो जाता है। यह स्थिति व्यक्ति के लिए बेहद खतरनाक होती है।

### लक्षण


.चेहरे का सुन्न होना
. हाथ या पैर का अचानक सुन्न होना
. कमजोरी होना
. हाथ से लेकर पैर तक का शरीर का एक हिस्सा लकवाग्रस्त होना
. अचानक तेज सिर दर्द होना
. बोलने में कठिनाई होना
. आवाज सही नहीं आना
. मुंह का टेढ़ा होना

### कारण

. स्ट्रोक आने का ज्यादा खतरा उन लोगों को रहता है जिनका बीपी अचानक से बढ़ जाता है।
. इसके अलावा यदि कोई स्मोकिंग या शराब का सेवन करता है तो भी उसे स्ट्रोक हो सकता है।
. देर रात तक जागना, लैपटॉप पर देर रात तक काम करना, मोबाइल-टीवी पर देर तक स्क्रीन देखने के कारण भी ब्रेन स्ट्रोक का खतरा बढ़ता है।
. ज्यादा फास्ट फूड और जंक फूड खाने के कारण
. ज्यादा तेल, मसाला आदि का सेवन करने वाले लोगों को भी ब्रेन स्ट्रोक का खतरा रहता है।
. नियमित एक्सरसाइज न करने के कारण
. इसके अलावा जिन लोगों का शुगर या बीपी घटता बढ़ता है उन्हें इसका खतरा हो सकता है।

कैसे करें बचाव?
. ब्रेन स्ट्रोक की बीमारी में ब्लड प्रेशर, डायबिटीज जैसी समस्याएं कॉमन है ऐसे में खान-पान में लापरवाही न बरतें।
. जिन लोगों में बीपी ज्यादा होता है या यह नीचे-ऊपर गिरता है तो उन्हें भी स्ट्रोक हो सकता है।
. देर रात तक जागने की आदत को बदलें और सोने से 1-2 घंटे पहले किसी भी तरह की स्क्रीन न देखें।
. पूरी नींद लें।

## मिथुन चक्रवर्ती की हालत स्थिर, सेहत में सुधार



एजेंसी, कोलकाता। बॉलीवुड अभिनेता और भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती की हालत स्थिर बनी हुई है। उनकी सेहत में सुधार की खबर है। शनिवार सुबह सीने में दर्द के बाद कोलकाता के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल की ओर से रविवार को जारी हेल्थ बुलेटिन में बताया गया है कि अभिनेता के सीने का दर्द खत्म हो गया है। अभिनेता के करीबी लोगों के मुताबिक, कोलकाता के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों की टीम ने जानकारी दी है कि मिथुन चक्रवर्ती की हालत स्थिर है। मिथुन ने मेडिकल जांच के लिए गठित टीम के डॉक्टरों के साथ बातचीत की। सूत्रों के मुताबिक एमआरआई में इस्केमिक सेरेब्रोवास्कुलर ब्लॉकेज के लक्षणों का संकेत मिला है, जिसका सरल शब्दों में अर्थ है थ्रोम्बस या रक्त के थक्के द्वारा मस्तिष्क तक जाने वाली धमनी का अवरुद्ध होना या बंद हो जाना। सूत्रों ने बताया कि मेडिकल टीम में एयरोमेडिसिन विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ और गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि अभिनेता हल्का आहार ले रहे हैं।

## अभिनेता विद्युत जामवाल गिरफ्तार

**खतरनाक स्टंट करने के आरोप में**

**मुंबई, एजेंसी।**



बॉलीवुड के मशहूर एक्टर विद्युत जामवाल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म %क्रैक% को लेकर सुर्खियों में हैं। वह इस फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रहे हैं। इसी बीच विद्युत मुसीबत में फंस गए हैं। एक्टर को आरपीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ के बांद्रा ऑफिस से विद्युत जामवाला की एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इस फोटो में एक्टर पुलिस स्टेशन में कुर्सी पर बैठे नजर आ रहे हैं। यह बांद्रा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर आरपीएफ कार्यालय है। शुरुआती जानकारी में सामने आया है कि विद्युत को खतरनाक स्टंट करने के आरोप में आरपीएफ अधिकारियों ने गिरफ्तार में लिया है। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

विद्युत को बॉलीवुड में खासतौर पर एक एक्शन अभिनेता के तौर पर जाना जाता है। उनके स्टंट युवाओं के दिमाग में घर कर गए हैं। सोशल मीडिया पर भी उनका फैन बेस काफी बड़ा है लेकिन इस स्टंट की वजह से विद्युत मुसीबत में फंस गए हैं। विद्युत जामवाल न केवल एक अभिनेता हैं बल्कि एक मार्शल आर्टिस्ट भी हैं। फिल्म कमांडो के बाद एक्टर की लोकप्रियता काफी बढ़ गई। इस फिल्म के लिए एक्टर को फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिल चुका है। विद्युत ने अपने अभिनय सफर की शुरुआत साउथ फिल्मों में काम करके की थी। उनकी पहली फिल्म तेलुगु में शक्ति थी। इसके बाद उन्होंने बॉलीवुड में डेब्यू किया। फोर्स उनकी पहली बॉलीवुड फिल्म बनी। इसके बाद विद्युत ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने फिल्म कमांडो, अंजान, बादशाहो, कमांडो-2, जंगली, यारा, कमांडो-3 और सनक में काम किया। अब उनकी फिल्म क्रैक जल्द ही पर्दे पर आने वाली है। इस फिल्म में नोरा फतेही भी अहम भूमिका में नजर आएंगी।

विद्युत अपनी फिल्मों के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी सुर्खियों में रहते हैं। अभिनेता विद्युत जामवाल उद्यमी संजय कपूर की पहली पत्नी नंदिता महतानी को डेट कर रहे हैं। चर्चा है कि दोनों जल्द ही शादी करने वाले हैं। दोनों की तस्वीरें अक्सर सोशल मीडिया पर वायरल होती नजर आती हैं।